जबलपुर, बुधवार
दिनांक 25 फरवरी 2026
वर्ष 31 अंक 243
पृष्ठ 12
मूल्य ₹ 3.00
www.swatantramat.com

# स्वतंत्र मत

**सुविचार**

'एक इच्छा से कुछ नहीं बदलता, एक निर्णय से थोड़ा कुछ बदलता है लेकिन एक निश्चय सब कुछ बदल सकता है'

2 लोड अनलोड के नाम ठेकेदार ऑटो...
5 दर्शक और खिलाड़ियों से मिले ...
7 ड्रग माफिया की मौत के बाद जला ...
11 मध्यप्रदेश कृषि उत्पादन में देश के ...

# गोंदिया-जबलपुर रेल लाइन को डबल करने 5236 करोड़ मंजूर

नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने इंफ्रास्ट्रक्चर विकास को रफ्तार देने के लिए एक और बड़ा कदम उठाया है। मंगलवार को हुई यूनियन कैबिनेट की बैठक में रेलवे, मेट्रो और एविएशन क्षेत्र के अहम प्रोजेक्ट्स को हरी झंडी मिल गई। इन सभी परियोजनाओं की कुल लागत 12,236 करोड़ रुपये है। साथ ही पावर सेक्टर में सुधारों को लेकर नीतिगत फैसले लिए गए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में यह बैठक नए प्रधानमंत्री कार्यालय 'सेवा तीर्थ' में हुई। अश्विनी वैष्णव ने कहा,



## 'सेवा तीर्थ' में पहली बार हुई कैबिनेट की बैठक

यह मीटिंग और यह बिल्डिंग नए भारत के पुनर्निर्माण का सीधा उदाहरण है। इस शुभ शुरुआत के साथ, हम उस भविष्य का स्वागत करते हैं जिसकी नींव सदियों की मेहनत से रखी गई है। उन्होंने कहा, इस मौके पर हम इस जगह के इतिहास को भी याद करते हैं। ब्रिटिश काल के टेम्परारी बैरक की जगह पर 'सेवा तीर्थ' बनाया गया है। उस जगह पर नेशनल गवर्नेंस की एक एक्टिव संस्था की स्थापना भी न्यू इंडिया के बदलाव का प्रतीक है। कैबिनेट ने रेल नेटवर्क को और मजबूत बनाने के लिए तीन महत्वपूर्ण परियोजनाओं को मंजूरी दी है। यूनियन मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा, कैबिनेट ने 5,236 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से गोंदिया-जबलपुर रेल लाइन को डबल करने को मंजूरी दी। इसके साथ पुनारख और किउल के बीच 2,668 करोड़ रुपये के इन्वेस्टमेंट वाली तीसरी और चौथी रेल लाइन प्रोजेक्ट को भी मंजूरी मिली। इसके अलावा गम्हरिया-चांडिल खंड पर तीसरी और चौथी लाइन बनाने को भी मंजूरी मिली है, जिसकी लागत 1,168 करोड़ रुपये है। इन प्रोजेक्ट्स से माल और यात्री आवागमन तेज होगा तथा पूर्वी और मध्य भारत के औद्योगिक विकास को नई गति मिलेगी।

## किसानों के हित में एमएसपी

श्रीनगर में नए इंटीग्रेटेड एयरपोर्ट टर्मिनल का निर्माण 1,667 करोड़ रुपये की लागत से होगा। वहीं अहमदाबाद मेट्रो प्रोजेक्ट के फेज-2बी के विस्तार के लिए 1,067 करोड़ रुपये मंजूर किए गए हैं। कैबिनेट ने कच्चे जूट के न्यूनतम समर्थन मूल्य को मंजूरी दी, जिससे 430 करोड़ रुपये का वित्तीय प्रभाव पड़ेगा। यह फैसला जूट किसानों की आय बढ़ाने में अहम भूमिका निभाएगा।

## 'केरलम' होगा केरल का नाम

इस बैठक में एक और अहम फैसला लिया गया।मंगलवार को केरल का नाम बदलकर 'केरलम' करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई। यह कदम 24 जून, 2024 को केरल असेंबली में एकमत से पास हुए प्रस्ताव के बाद आया है, जिसमें केंद्र से संविधान के पहले शेड्यूल में बदलाव करके 'केरलम' नाम दिखाने की अपील की गई थी।

# भारत-यूएस डील...किसानों के दिल में कील

## भोपाल में किसान महा-चौपाल में गरजे राहुल गांधी

भोपाल

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने अमेरिका से देश बेचने की डील की। उन पर एपस्टीन और अडाणी के केस का दबाव है। इस वजह से उन्होंने हिंदुस्तान और किसानों का डेटा अमेरिका को बेच दिया। राहुल मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल में बोल रहे थे। कांग्रेस ने भारत और अमेरिका के बीच हुई ट्रेड डील के विरोध में किसान चौपाल बुलाई थी। इस दौरान राहुल ने कहा कि हिंदुस्तान के इतिहास में पहली बार लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष को बोलने नहीं दिया गया। मैं चीनी घुसपैठ के मुद्दे पर बात रखना चाहता था। राहुल ने कहा- मैंने लोकसभा में पूर्व



आर्मी चीफ नरवणे की बात रखी थी, उन्होंने अपनी किताब में लिखा है कि जब चीनी घुसपैठ हुई थी तो उन्हें हिंदुस्तान की सरकार ने अकेला छोड़ दिया। राहुल गांधी ने कहा- प्रधानमंत्री ने लोकसभा से निकलते ही ट्रंप को फोन किया और बिना कैबिनेट से सलाह लिए डील के लिए तैयार होने की बात कह दी। सरकार ने अमेरिकी कंपनियों को भारत में सोया, कपास और भुट्टा बेचने की छूट देने की तैयारी कर ली है, जिससे भारतीय किसानों को नुकसान होगा। राहुल गांधी ने कहा- अमेरिका से ट्रेड डील दबाव और धमकी के कारण किया गया। एपस्टीन फाइल और अडाणी से जुड़े मामलों की वजह से सरकार झुकी। इस डील से भारत को कोई फायदा नहीं हुआ। भारत को ज्यादा टैक्स देना पड़ेगा और हर साल अमेरिका से भारी मात्रा में सामान खरीदना पड़ेगा। राहुल गांधी ने कहा- अगर अमेरिका से कपास और अन्य सामान सस्ते में आएंगे, तो भारत की टेक्सटाइल इंडस्ट्री और स्थानीय उद्योग कमजोर हो जाएंगे।

### चैलेंज : डील रद्द करके दिखाएं

राहुल गांधी ने कहा, अमरीका में एक और चीज हुई। वहां के सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि ट्रंप टैरिफ को रद्द करेंगे और रद्द कर दिया। बाकी देशों ने भी कर दिया, लेकिन नरेंद्र मोदी के मुंह से एक शब्द नहीं निकला। मैं चैलेंज करता हूं नरेंद्र मोदी को। राहुल गांधी ने कहा- दम है तो आप अमरीका और यूएस की डील को रद्द करके दिखा दीजिए। ये नहीं कर सकते हैं क्योंकि अडाणी का केस है। एपस्टीन की धमकी है। सिर्फ किसानों को नहीं, 21वीं सदी में सबसे जरूरी चीज डेटा है। जिसके पास डेटा है, वो जीतेगा, जिसके पास डेटा नहीं है वो खत्म हो जाएगा।

### मोदी ने किसानों को बेच दिया

राहुल बोले- ये डील चार महीने रुकी हुई थी। नरेंद्र मोदी ने चार महीने कुछ नहीं किया और फिर एकदम फोन किया और हिंदुस्तान के किसानों को बेच दिया। राहुल ने कहा, अमेरिका में लाखों फाइल, एपस्टीन की फाइल बंद पड़ी हुई हैं। तीस लाख फाइल। उसमें ईमेल हैं, मैसेज हैं, वीडियो हैं। वो रिलीज नहीं हुई हैं, बंद पड़ी हैं। धमकाने के लिए हरदीप पुरी का नाम रिलीज किया है। ये मैसेज है कि भैया आपने हमारी बात सुनी नहीं तो फिर उन फाइलों में से माल निकलेगा। राहुल ने कहा, अनिल अंबानी मेरा मित्र नहीं है। नरेंद्र मोदी जी आप बताइए अनिल अंबानी से आपका रिश्ता क्या है?

### अडाणी नहीं, मोदी की तरफ तीर

राहुल गांधी ने कहा, मैं अभी गाड़ी में आ रहा था। देखा अडाणी आईसीसी, जहां भी देखो अडाणी। ये जो अडाणी है मामूली कंपनी नहीं है। ये बीजेपी का नरेंद्र मोदी का फाइनेंशियल स्ट्रक्चर है। दूसरी धमकी है कि अमरीका में अडाणी पर क्रिमनल केस है। अडाणी अमरीका नहीं जा सकते हैं। दरअसल, उस केस का लक्ष्य अडाणी नहीं, नरेंद्र मोदी है। वो तीर अडाणी की तरफ नहीं, नरेंद्र मोदी की तरफ मारा जा रहा है। राहुल ने कहा- ये जो बेचा है अपनी छवि और राजनीतिक भविष्य को बचाने के लिए किया। लेकिन वे बच नहीं सकते। मैं कांग्रेस के बब्बर शेरों से कहता हूं, आप किसी से डर नहीं सकते।

### मोदी ने किसानों से छल किया : खड़गे



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि नरेंद्र मोदी, सरेंडर मोदी हैं। उन्होंने देश को बेच दिया। किसानों के साथ छल किया। मोदीजी रोज उठकर चाय पर बात करते थे, तो क्या देश को बेचने की बात करते थे। खड़गे ने कहा कि प्रधानमंत्री को अपना नाम भी बदल लेना चाहिए- अगर नाम बदलना ही राजनीति है तो प्रधानमंत्री को अपना नाम भी बदल लेना चाहिए, क्योंकि उनका जन्म कांग्रेस शासनकाल में हुआ था। उन्होंने मनरेगा समेत कई योजनाओं के नाम बदलने पर सवाल उठाए। खड़गे ने कहा कि पहले भारत को व्यापार में लाभ होता था, लेकिन अब नीतियां ऐसी हैं कि देश को नुकसान उठाना पड़ रहा है। सरकार अमेरिकी दबाव में फैसले ले रही है, जिससे किसानों के हित प्रभावित हो रहे हैं।



# लोकसभा अध्यक्ष ने बनाए 64 पार्लियामेंट्री फ्रेंडशिप ग्रुप्स

## हर ग्रुप में एक लीडर समेत 11 सांसद शामिल

नई दिल्ली।

लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने मंगलवार को भारत और अन्य देशों के बीच बातचीत बढ़ाने के लिए 64 पार्लियामेंट्री फ्रेंडशिप ग्रुप्स बनाए हैं। 18वीं लोकसभा के तहत गठित ग्रुप्स में सभी लोकसभा और राज्यसभा के कुल 704 सांसद शामिल हैं। हर देश के लिए एक ग्रुप लीडर और 10 सदस्य हैं। भाजपा के सबसे ज्यादा 30 ग्रुप लीडर हैं। कांग्रेस के 10, समाजवादी पार्टी, द्रविड़ मुनेत्र कड़गम और तृणमूल कांग्रेस के 3-3 सांसद ग्रुप लीडर बनाए गए हैं। इनमें कांग्रेस सांसद शशि थरूर और टीएमसी सांसद अभिषेक बनर्जी भी शामिल हैं। भाजपा की तरफ से ग्रुप लीडर्स में हेमा मालिनी, मनोज तिवारी, निशिकांत दुबे, अनुराग ठाकुर जैसे बड़े नेताओं के नाम शामिल हैं। आम आदमी पार्टी सांसद संजय सिंह, एआईएमआईएम चीफ असदुद्दीन औवेसी भी ग्रुप लीडर बनाए गए हैं। केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर बताया कि ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने भारत और अन्य देशों के बीच संवाद बढ़ाने के लिए पार्लियामेंट्री फ्रेंडशिप ग्रुप्स बनाने का प्रस्ताव दिया था। अब लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने इसका गठन किया है।

### जमानत के लिए हाईकोर्ट पहुंचे स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद

**प्रयागराज।** स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने मंगलवार को इलाहाबाद उच्च न्यायालय में अग्रिम जमानत याचिका दायर की। उन पर नाबालिग बच्चों के यौन उत्पीड़न और अन्य अपराधों का आरोप है। यह एफआईआर प्रयागराज के झूंसी पुलिस स्टेशन में दर्ज की गई है। एफआईआर में स्वामी सरस्वती और उनके शिष्य मुकुंदानंद ब्रह्मचारी को नामजद किया गया है।

### चुनाव आयोग का राष्ट्रीय गोलमेज सम्मेलन शुरू

**नई दिल्ली।** भारत मंडपम में मंगलवार को चुनाव आयोग और देशभर के राज्य निर्वाचन आयुक्तों का राष्ट्रीय गोलमेज सम्मेलन शुरू हो गया। सम्मेलन की अध्यक्षता मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार कर रहे हैं। इस अवसर पर चुनाव आयुक्त सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी भी मौजूद रहे। देश के सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के राज्य निर्वाचन आयुक्त अपने कानूनी और तकनीकी विशेषज्ञों के साथ बैठक में हिस्सा ले रहे हैं। इसके साथ ही 36 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन अधिकारी भी सम्मेलन में शामिल हुए।

### उमा भारती के परिजन को बम से उड़ाने की धमकी

**टीकमगढ़।** मध्यप्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती के परिजन को टीकमगढ़ में बम से उड़ाने की धमकी मिली है। उनकी भतीजा बहू और जिला पंचायत अध्यक्ष उमिता राहुल लोधी ने देहात थाने में शिकायत दर्ज कराई है। उमिता और उनके पति, पूर्व मंत्री राहुल सिंह लोधी को जान से मारने और बम से उड़ाने की धमकी दी गई थी।

# यूपी: गुटखा कंपनियों का प्रचार करने को लेकर हाईकोर्ट सख्त

## शाहरुख, अजय देवगन और अक्षय कुमार को भी बनाया पक्षकार



**लखनऊ।** हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने गुटखा कंपनियों का प्रचार करने के मामले में अपने पूर्व के आदेश के पालन के संबंध में केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण को जवाब देने का निर्देश दिया है। मामले की अगली सुनवाई 6 अप्रैल को होगी। मुख्य न्यायमूर्ति अरुण भंसाली और न्यायमूर्ति जसप्रीत सिंह की खंडपीठ ने यह आदेश स्थानीय अधिवक्ता मोतीलाल यादव की जनहित याचिका पर दिया है। दरअसल, हाईकोर्ट ने 25 नवंबर 2025 को हुई सुनवाई के दौरान प्राधिकरण से पूछा था कि 2023 में याची के प्रत्यावेदन पर अब तक जांच लंबित क्यों है? याचिका में गुटखा कंपनियों के साथ क्रिकेटर कपिल देव, सुनील गावस्कर, वीरेंद्र सहवाग, क्रिस गेल तथा अभिनेताओं अमिताभ बच्चन, शाहरुख खान, अक्षय कुमार, अजय देवगन, सलमान खान, रितिक रोशन, टाइगर श्राफ, सैफ अली खां व रणवीर सिंह को भी पक्षकार बनाया गया है। याचिका में कहा गया है कि ये हस्तियां जो पान मसाला कंपनियों का प्रचार कर रही हैं उनमें से अधिकांश पद्म पुरस्कार धारक हैं और उनकी ओर से किए जाने वाले ऐसे विज्ञापनों से समाज में गलत संदेश जाता है। ये विज्ञापन उपभोक्ता कानूनों का उल्लंघन भी है।

# राष्ट्रपति मुर्मू का निजी अस्पतालों को संदेश

# स्वास्थ्य सेवाएं देते समय अपनी जिम्मेदारी निभाएं

मुंबई

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को कहा कि सभी के लिए सस्ती और विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना हम सबका लक्ष्य होना चाहिए। मुर्मू मुंबई के लोक भवन में पीडी हिंदुजा अस्पताल की ओर से आयोजित 'सेविंग लाइव्स एंड बिल्डिंग अ हेल्दीयर भारत' अभियान की शुभारंभ के अवसर पर संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि उन्हें भरोसा है कि भारत वैश्विक स्वास्थ्य सेवा केंद्र के रूप में प्रतिष्ठा हासिल करेगा। राष्ट्रपति ने निजी अस्पतालों और चिकित्सा संस्थानों से कहा कि वे स्वास्थ्य सेवाएं देते समय अपनी सामाजिक जिम्मेदारी का भी ध्यान रखें। उन्होंने कहा, स्वस्थ भारत के निर्माण में सरकार के साथ-साथ अन्य सभी हितधारकों की भी भूमिका



अहम है। गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा जन-जन तक पहुंचे इसके लिए सब को मिलकर प्रयास करना है। राष्ट्रपति ने कहा कि तकनीक और एआई अन्य क्षेत्रों की तरह चिकित्सा के क्षेत्र में भी अहम भूमिका निभा रहे हैं। चिकित्सा के हर क्षेत्र में इनका प्रयोग किया जा रहा है। आने वाले समय में इनकी भूमिका और भी बढ़ने वाली है। उन्होंने आगे कहा, दवा और उपकरण का देश में ही निर्माण देशवासियों को किफायती चिकित्सा प्रदान करने के लिए बेहद जरूरी है। मेक इन इंडिया और पीएलआई जैसी पहल इस दिशा में सहायक सिद्ध हो रहे हैं। उन्होंने आगे कहा, वर्ष 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र के रूप में स्थापित करने लक्ष्य के साथ हम आगे बढ़ रहे हैं। इस लक्ष्य की प्राप्ति में नागरिकों का स्वस्थ होना एक बुनियादी जरूरत है। सभी देशवासी स्वस्थ रहेंगे, जब उन्हें गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं समय पर उपलब्ध होंगी।

# उड़द पर देंगे 600 रुपये प्रति क्विंटल बोनस

## मध्यप्रदेश प्रशासनिक पुनर्गठन आयोग के प्रावधानों के परिवर्तन की स्वीकृति

भोपाल

मोहन कैबिनेट द्वारा मंगलवार को मध्यप्रदेश राजपत्र असाधारण में 12 मार्च 2024 को प्रकाशित मध्यप्रदेश प्रशासनिक ईकाई पुनर्गठन आयोग संबंधी निर्देश में बदलाव को मंजूरी दी है। इसमें तय किया गया है कि मध्यप्रदेश प्रशासनिक इकाई पुनर्गठन आयोग का अध्यक्ष पर्याप्त प्रशासनिक अनुभव और योग्यता रखने वाला व्यक्ति होगा। आयोग के अध्यक्ष को राज्य सरकार के प्रमुख सचिव के समकक्ष वेतनमान और समय-समय पर मंहगाई भत्ते और अन्य भत्ते देय होंगे। आयोग के अध्यक्ष पद पर राज्य सरकार के सेवानिवृत अधिकारी नियुक्त होने की स्थिति में उन्हें सेवानिवृत्ति के समय देय मूल वेतन एवं मंहगाई भत्ते से सारांशीकरण के पूर्व की पेंशन घटाई जाकर शेष राशि वेतन, मानदेय के रूप में दी जाएगी। साथ ही समय-



समय पर मंहगाई भत्ता देय होगा। अन्य भत्ते 12 मार्च 2024 की अधिसूचना के प्रावधान अनुसार पूर्ववत रहेंगे। विधानसभा के बजट सत्र के सातवें दिन मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सदन में कहा कि मालवा अंचल के जनजातीय क्षेत्रों में मनाए जाने वाले भगोरिया लोकपर्व को सरकार ने राष्ट्रीय पर्व के रूप में मनाने का फैसला लिया है। मुख्यमंत्री ने बताया कि जनजातीय बहुल जिलों बड़वानी, धार और झाबुआ में सरकार कृषि कैबिनेट करने की तैयारी कर रही है। उन्होंने कहा कि भगोरिया पर्व के दौरान ही कृषि कैबिनेट की बैठक की जाएगी। इधर, सीएम ने बताया कि किसानों के हित में की गई घोषणाओं को कैबिनेट ने मंजूरी दे दी है। राज्य सरकार उड़द के उपार्जन पर 600 रुपए प्रति क्विंटल बोनस देगी। वहीं, सरसों के लिए 71 लाख टन उत्पादन मानते हुए भावांतर योजना के तहत भुगतान किया जाएगा। सरसों उत्पादन 28 प्रतिशत बढ़ने का अनुमान है।

### जबलपुर, ग्वालियर भी मेट्रोपॉलिटन बनेंगे

मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि भोपाल और इंदौर को मेट्रो पोलिटिन एरिया बनाया है। आने वाले समय में जबलपुर, ग्वालियर को भी मेट्रोपॉलिटन बनाएंगे इसके लिए अलग से घोषणा करेंगे। भोपाल का मास्टर प्लान तैयार है। मुख्यमंत्री जल्दी देखकर से जारी करेंगे, उसे जारी करने का काम पूरा हो जाएगा। इसको लेकर मुख्यमंत्री से तीन-चार बार बातचीत हो चुकी है अब मेट्रोपॉलिटन एरिया को लेकर चर्चा होगी।

### मास्टर प्लान पर नेता प्रतिपक्ष के सवाल

विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने नगरीय विकास विभाग की अनुदान मांगों पर चर्चा करते हुए कहा कि भोपाल और इंदौर का मास्टर प्लान कहां अटका हुआ है। नगरीय विकास मंत्री ने जून तक इसे जारी करने की बात कही थी, लेकिन अभी तक मास्टर प्लान नहीं आया है। अब अगले जून तक का समय आ रहा है और उम्मीद है कि जल्दी से मास्टर प्लान जारी हो।

### युद्ध अभ्यास में शामिल नहीं हुआ तेजस


जैसलमेर

राजस्थान में पाकिस्तान बॉर्डर के पास जैसलमेर के पोकरण फील्ड फायरिंग रेंज में भारतीय वायुसेना के युद्ध अभ्यास 'वायु शक्ति- 2026' की फुल ड्रेस रिहर्सल हुई। युद्ध अभ्यास में तेजस फाइटर जेट को शामिल होना था, लेकिन शामिल नहीं हुआ। तेजस में तकनीकी गड़बड़ी की सूचना आई थी, इसके बाद से इस विमान को ग्राउंडेड करने की खबरें हैं। सुखोई ने दुश्मन के ठिकानों को टारगेट करते हुए 44 बम बरसाए। मिग-29 फाइटर जेट ने टैंकों का काफिला ध्वस्त किया।

# लोड अनलोड के नाम ठेकेदार ऑटो से कर रहा अवैध वसूली और काट रहा फर्जी रसीद

ब्यौहारी (स्वतंत्र मत)

नगर परिषद मे लोडिंग अनलोडिंग करने वाले वाहनों से वसूली हेतु नगर परिषद ने किसी जुवैद खान नामक ब्यक्ति को ठेका पे दे रखा है किन्तु ठेकेदार द्वारा गुंडई के दम पर ऑटो चालकों से जबरजस्ती 10 रूपये की वसूली कर लोडिंग अनलोडिंग की रसीद दी जा रही है हैरानी की बात यह है कि शिकायत के बाद भी अवैध वसूली पर रोक नहीं लग पा रहा है और न ही अवैध वसूली पर रोक लगाने हेतु नगर परिषद द्वारा कोई ठोस कार्यवाही की जा रही है।



कार्यालय नगर परिषद ब्यौहारी, जिला- शहडोल (म. प्र.)
लोड-अनलोड/सुविधा शुल्क 2025-26
ठेकेदार- एच. ए. पैराडाइज
प्रो. - जैद खान
क्र. 7381 दिनांक ........
वाहन क्रमांक/नाम ........
राशि ........
रुपये शब्दों में ........ प्राप्त किया।
हस्ताक्षर

### शिकायत के बाद भी हो रही अवैध वसूली

नगर परिषद ब्योहारी मे लोडिंग अनलोडिंग के नाम पर ऑटो से ठेकेदार द्वारा की जा रही अवैध वसूली को बंद कराने के लिए एडवोकेट जितेन्द्र सराफ द्वारा दिनांक 17/02/2026 को मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर परिषद ब्योहारी को लिखित शिकायत दी गयी इसके बाद भी अवैध वसूली थमने का नाम नहीं ले रही है। शिकायतकर्ता का कहना है कि ऐसा लग रहा है जैसे ठेकेदार द्वारा की जा रही अवैध वसूली का कुछ हिस्सा नगर परिषद के जिम्मेदार अधिकारी को दिया जा रहा है जिस वजह से वो चुप्पी साधे हुए है और ठेकेदार को अवैध वसूली करने हेतु छूट दे रखे है।

### ठेकेदार दे रहा फर्जी रसीद

लोगों का आरोप है कि ठेकेदार द्वारा जो रसीद दी जा रही है उसमे कंही भी नगर परिषद का सील नहीं लगा हुआ है। वह नगर परिषद से भेरीफाइड नहीं है पता नहीं इस रसीद को नगर परिषद ने जारी किया है या फिर ठेकेदार स्वयं छपवाकर अवैध वसूली कर रहा यदि मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर परिषद ब्योहारी स्वयं इसकी जांच करे तो पूरा मामला दूध का दूध और पानी का पानी हो जायेगा इसकी कलह खुलते देर नहीं लगेगा।

## चोरी करने वाले आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**शहडोल।** फरियादी अमित सिंह बघेल पिता स्व. सुरेश सिंह बघेल उम्र 36 साल निवासी आदर्श कालोनी वार्ड नं. 01 बुढार हाल सहायक राजस्व निरीक्षक नगर पालिका धनपुरी थाना धनपुरी व्दारा थाना में रिपोर्ट किया गया। 19-20 फरवरी 2026 की दम्यानी रात कोई अज्ञात चोर के व्दारा नगर पालिका धनपुरी के सामने बने पार्किंग स्थल में रखे 05 ट्रैक्टरो का टर्मिनल वायर, स्काई लिफ्टर (विद्युत वाहन) का 50 मीटर कॉपर बायर, 02 नग 90 वॉट की स्वष्ठ लाईट कीमती करीबन 20,000 रूपये का चोरी कर ले गया है। रिपोर्ट पर थाना धनपुरी में अपराध क्रमांक 41/2026 धारा 303(2) बी. एन. एस. पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया।

विवेचना के दौरान तकनीकी साक्ष्य एकत्रित कर आरोपी राजेन्द्र सोनकर पिता सन्ना सोनकर उम्र 26 वर्ष निवासी वार्ड नंबर 07 अंबेडकर नगर बुढ़ार थाना बुढ़ार जिला शहडोल (म.प्र.) को दिनांक 23.02.2026 को गिरफ्तार कर चोरी गई टर्मिनल बावर, कॉपर वायर, 02 नग 90 वॉट की स्वष्ठ लाईट, घटना में प्रयुक्त हैक्स-ब्लेड जप्त किया जाकर आरोपी को न्यायालय मे पेश किया गया है।

## कलेक्टर ने लोगों की सुनी शिकायतें एवं समस्याएं, निराकरण के दिए निर्देश



**शहडोल।** कलेक्टर कार्यालय के सोन सभागार में साप्ताहिक जनसुनवाई आयोजित की गई। कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने शहडोल जिले के दूर-दराज क्षेत्रों से आए लोगों की समस्याएं एवं शिकायतें सुनीं तथा उनके शीघ्र निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

जनसुनवाई में ग्राम देवरा निवासी संचू बैगा ने विधवा विवाह योजना की सहायता राशि दिलाने, ग्राम विचारपुर निवासी कालीचरण सेन ने आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण रेलवे मिश्रित स्कूल शहडोल में अध्ययनरत पुत्री की विद्यालय शुल्क माफी कराने, ग्राम सिंहपुर निवासी पप्पू चर्मकार ने शासकीय भूमि का पट्टा दिलाने, शहडोल वार्ड क्रमांक-9 निवासी दुर्गावती सेन ने गरीबी रेखा में नाम जोड़ने तथा जैतपुर निवासी अजीज ने पीएम आवास योजना का लाभ दिलाने संबंधी आवेदन प्रस्तुत किए।

कलेक्टर ने प्राप्त सभी आवेदनों को संबंधित विभागों को प्रेषित करते हुए शीघ्र एवं प्रभावी निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में अपर कलेक्टर सरोधन सिंह सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# गाँजे के मामले में तीन वर्ष से फरार आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

ब्यौहारी (स्वतंत्र मत)

ब्यौहारी पुलिस द्वारा 87 किलो गांजा की तस्करी करने वाले आरोपी जो वर्ष 2023 से फरार था जिसे गिरफ्तार किया जाकर न्यायालय प्रस्तुत किया गया थाना ब्यौहारी के अपराध क्रमांक 344/23 एनडीपीएस एक्ट में फोर्ड इकोस्पोर्ट कार में 87 किलो गांजा जप्त किया गया था घटना के पश्चात आरोपी फरार हो गया जो काफी तलाश करने के नही मिल पाया था।

घटना में प्रयुक्त वाहन के संबंध में जानकारी प्राप्त करने पर छत्तीसगढ़ के जांजगीर चांपा अकलतरा थाना क्षेत्र का होना पाया गया। वाहन मालिक से जाकर पूछताछ करने पर पता चला कि उसके द्वारा वाहन का विक्रय कर दिया गया था।

जिसे इमरान पिता मुबारक खान ने खरीद कर उक्त गांजे की तस्करी की थी। बिलासपुर स्थित ऑटो डील के माध्यम से आरोपी इमरान का पता लगाया गया जिसे दिनांक 24 फरवरी को गिरफ्तार कर न्यायालय मे प्रस्तुत किया गया है।

# खण्ड स्तरीय अधिकारियों ने कार्ययोजना तैयार करने के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण एवं निरीक्षण किया

**बुढार।** जनपद पंचायत बुढार अंतर्गत ग्राम पंचायत सेमरा को शासन स्तर से वृन्दावन ग्राम घोशित किया गया है। जिसके तारतम्य में 24 फरवरी को खण्ड स्तरीय समस्त विभागो के अधिकारियो द्वारा ग्राम पंचायत सेमरा में जाकर ग्रामवासियों से संपर्क कर अपने-अपने विभाग की योजनाओं का 05 वर्श में सम्पूर्ण सिचुवेषन का प्लान तैयार करने हेतु एकत्र हुये एवं ग्राम में अद्योसंरचना के कार्य जो उपलब्ध नही है उनको तैयार करने हेतु प्लान तैयार किया गया।



उक्त प्रषिक्षण एवं ग्राम के निरीक्षण के अवसर पर जनपद पंचायत बुढार के मुख्य कार्यपालन अधिकारी राजीव लघाटे, सहायक यंत्री बी.एस.पेन्ड्रो, ए.पी.ओ दिवाकर सिह, उपयंत्री नीलिमा श्रीवास्तव, सहायक यंत्री लोक स्वास्थ्य यात्रिकीय अजय श्रीवास्तव, वरिष्ट कृशि विस्तार अधिकारी आर.एस. राजपूत, सी.एच.ओ. श्रीमती रेखा कोल, पशुचिकित्सा विभाग से डॉ प्रताप सिह, एन.आर.एल,एम श्रीमती यासमीन तरनुम्म, महिला बाल बिकास से रष्मी बैगा, सुपरवाईजर,षिक्षा विभाग से प्राचार्य श्रीमती माया जयसवाल, प्रधान संस्था से प्रीती मिश्रा, राजस्व विभाग से पटवारी परवेज खॉन, ग्राम पंचायत सरपंच रजनी बैगा, सचिव रीतू मौर्य, जनपद सदस्य संतोश चैधरी, ग्राम रोजगार सहायक रमाकांत प्रजापति एवं ग्राम पंचायत सेमरा के पंच एवं ग्रामवासियों की उपस्थिति सराहनीय रही।



### डिंडौरी-अमरकंटक मार्ग पर बड़ा हादसा टला, रुचि स्टार तेल से भरी पिकअप पलटी, सड़क पर बिखरी पेटियां

**डिंडौरी।** जिले के गाड़ासरई थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम किकरा तालाब के पास आज मंगलवार दोपहर करीब 1 बजे एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। डिंडौरी से अमरकंटक की ओर जा रही रुचि स्टार तेल से लदी पिकअप वाहन अचानक अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार पिकअप वाहन क्रमांक एमपी 52 जीए 0197 डिंडौरी-अमरकंटक मार्ग पर चल रही थी, तभी वाहन का पहिया निकल जाने से चालक का संतुलन बिगड़ गया और वाहन पलट गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक घटना इतनी अचानक हुई कि मौके पर अफरा-तफरी मच गई। गनीमत यह रही कि इस दुर्घटना में वाहन चालक को किसी प्रकार की गंभीर चोट नहीं आई। हालांकि वाहन पलटने से पिकअप में लदी तेल की पेटियां सड़क पर बिखर गईं, जिससे कुछ समय के लिए यातायात भी प्रभावित हुआ। घटना के बाद मौके पर राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलने पर गाड़ासरई पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित करते हुए घटनास्थल की जांच शुरू कर दी है। पुलिस द्वारा हादसे के कारणों की विस्तृत जांच की जा रही है।

# जनसुनवाई में उठे कब्जा, मुआवजा और पट्टे के मुद्दे

### प्रशासन ने दिया शीघ्र समाधान का आश्वासन

डिंडौरी (स्वतंत्र मत)

कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई में जिलेभर से आए नागरिकों की समस्याओं एवं शिकायतों का संवेदनशीलता के साथ निराकरण किया गया। जनसुनवाई के दौरान कुल 75 आवेदन प्राप्त हुए, जिन पर कलेक्टर द्वारा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

जनसुनवाई में ग्राम अमरपुर निवासी शादाब खान ने आवेदन देकर बताया कि उन्होंने सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया की शाखा अझवार (डिण्डौरी) द्वारा आयोजित ई-नीलामी में खसरा क्रमांक 108/1 की भूमि/भवन 15 लाख 10 हजार रुपये में क्रय किया। संपूर्ण राशि जमा करने के बाद भी तीन माह बीत जाने पर न तो नामांतरण किया गया और न ही कब्जा दिलाया गया।



आवेदक ने शीघ्र कब्जा दिलाने की मांग की है।

वनग्राम तांतर निवासी रविन्द्र कुमार मरावी ने स्व. दानी आजा के नाम से प्रदत्त वनभूमि पट्टे में अपना नाम दर्ज कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया। उन्होंने आरोप लगाया कि अन्य पक्ष द्वारा अनुचित तरीके से नाम दर्ज कराया गया है। मामले की जांच कर उचित कार्यवाही की मांग की गई है।

ग्राम करौंदी निवासी लक्ष्मण प्रसाद बनावल ने एनएच- 45 के निर्माण के दौरान अधिग्रहित मकान एवं संरचनाओं का मुआवजा अब तक न मिलने की शिकायत की। उन्होंने बताया कि जांच उपरांत भी प्रतिवेदन प्रस्तुत नहीं किया गया, जिससे उन्हें आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

माँ गायत्री मछुआ सहकारी समिति बिछिया, जनपद पंचायत शहपुरा ने उमरिया जलाशय का दस वर्षीय मछली पालन पट्टा प्रदान करने की मांग की। समिति का पूर्व पट्टा 30 जून 2024 को समाप्त हो चुका है। आवेदन के बावजूद कृषि स्थायी समिति द्वारा अनुमोदन लंबित बताया गया है।

ग्राम भरवई, पंचायत देवरी के संबंध में इतवारी बैगा ने आवेदन देकर बताया कि जनमन योजना के तहत लगाए जा रहे सीमेंट पोल क्षतिग्रस्त हैं। उन्होंने गुणवत्ता पूर्ण पोल लगाने, कार्य की जांच कराने तथा वंचित परिवारों का पुन: सर्वे कराने की मांग की।

ग्राम बहारपुर निवासी आवेदक ने बताया कि वे पिछले 30 वर्षों से लगभग 3 एकड़ वनभूमि पर काबिज होकर कृषि कार्य कर रहे हैं। शासन की योजना अनुसार पात्र होने के बावजूद उन्हें अब तक वनाधिकार पट्टा प्रदान नहीं किया गया। उन्होंने शीघ्र पट्टा दिलाने की मांग की। जनसुनवाई में प्राप्त सभी आवेदनों पर कलेक्टर द्वारा संबंधित विभागों को जांच कर समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए गए। प्रशासन ने आश्वासन दिया कि प्रत्येक प्रकरण का विधिसम्मत समाधान सुनिश्चित किया जाएगा।

# ओवरलोड रेत परिवहन पर कार्रवाई हाइवा जब्त, चालक पर प्रकरण दर्ज

डिंडौरी (स्वतंत्र मत)

जिले में अवैध खनिज उत्खनन एवं परिवहन के विरुद्ध प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए एक बार फिर प्रभावी कार्रवाई की है। कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया के निर्देशन में चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत खनिज विभाग की टीम ने मंगलवार को ग्राम शहपुरा, तहसील एवं थाना शहपुरा क्षेत्र में निरीक्षण के दौरान ओवरलोड रेत परिवहन करते हुए एक हाइवा वाहन को पकड़ा।



जांच के दौरान वाहन क्रमांक एमपी 20 डब्ल्यूजेड 0992 में निर्धारित सीमा से अधिक रेत का परिवहन किया जाना पाया गया। वाहन चालक दीपांशु दुबे, पिता महेंद्र कुमार दुबे, निवासी करौंदी, तहसील शहपुरा, जिला डिंडौरी द्वारा बिना वैध अनुमति ओवरलोड रेत ले जाई जा रही थी। टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए वाहन को जप्त कर सुरक्षार्थ थाना शहपुरा में खड़ा करा दिया।

खनिज विभाग ने संबंधित वाहन के विरुद्ध खनिज नियमों के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विधिसम्मत कार्रवाई प्रारंभ कर दी है। मामले को अग्रिम सुनवाई के लिए कलेक्टर न्यायालय में प्रस्तुत किया जाएगा, जहां नियमानुसार दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध उत्खनन और ओवरलोड परिवहन से शासन को राजस्व हानि के साथ-साथ पर्यावरणीय क्षति भी होती है, जिसे किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्रशासन की यह मुहिम आगे भी लगातार जारी रहेगी और नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## नगरपालिका का विशेष मेगा वसूली शिविर आज

**दमोह (स्वतंत्र मत)।** दमोह नगर के करदाताओं की सुविधा के लिए 25 फरवरी बुधवार को सुबह 10 बजे से कार्यालय नगरपालिका परिसरए स्टेशन रोड में विशेष मेगा वसूली शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस संबंध में नगरपालिका सीएमओ राजेन्द्र सिंह लोधी ने बताया कि शासन द्वारा वर्तमान वित्तीय वर्ष के लिए संपत्ति कर में 50 प्रतिशत की विशेष छूट देय राशि में समाहित की गई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह विशेष छूट केवल 31 मार्च तक ही मान्य रहेगी। इसके बाद 1 अप्रैल से यह छूट स्वत: समाप्त हो जाएगी और करदाताओं को पूर्ण बकाया राशि का भुगतान करना होगा।

# कुचले चेहरे के साथ मिला पोस्टमैन का शव, हत्या की आशंका

### गाड़ासरई थाना क्षेत्र अंतर्गत बघरेली गांव का मामला

**डिंडौरी।** डिंडौरी जिले के गाड़ासरई थाना क्षेत्र अंतर्गत बघरेली गांव के पास मंगलवार सुबह सड़क किनारे एक व्यक्ति का खून से लथपथ शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। शव की हालत देखकर प्रथम दृष्टया मामला हत्या का प्रतीत हो रहा है।

ग्रामीणों के अनुसार सुबह जब लोग खेत की ओर जा रहे थे, तभी उन्होंने सड़क किनारे एक व्यक्ति को संदिग्ध अवस्था में पड़ा देखा। पास जाकर देखने पर उसके शरीर पर गंभीर चोट के निशान मिले, वहीं चेहरा बुरी तरह कुचला हुआ था, जिससे पहचान छिपाने की कोशिश किए जाने की आशंका जताई जा रही है। घटना की सूचना तत्काल पुलिस को दी गई।



सूचना मिलते ही गाड़ासरई थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई शुरू की। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान भारत लाल नंदा (उम्र लगभग 45 वर्ष), निवासी माझियाखर के रूप में की जा रही है। बताया जा रहा है कि मृतक पेशे से पोस्टमैन था। घटनास्थल के आसपास से साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं और अज्ञात आरोपियों की तलाश शुरू कर दी गई है।

घटना के बाद से इलाके में दहशत का माहौल है। पुलिस ने जल्द ही मामले का खुलासा करने का आश्वासन दिया है।

# हाईडलबर्ग सीमेंट फैक्ट्री से 1000 मीटर सीमा के दायरे में प्रतिबंधात्मक आदेश पारित

**दमोह (स्वतंत्र मत)।** नगर पुलिस अधीक्षक दमोह के प्रतिवेदन पर अनुविभाग पथरिया अंतर्गत ग्राम नरसिंहगढ़ में स्थित हाईडलबर्ग सीमेंट फैक्ट्री नरसिंहगढ़ से 1000 मीटर सीमा के दायरे में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अनुविभागीय दण्डाधिकारी पथरिया निकेत चौरसिया ने प्रतिबंधात्मक आदेश पारित किया है। पारित आदेशानुसार अनुविभाग पथरिया तहसील पथरिया अंतर्गत ग्राम नरसिंहगढ में स्थित हाईडलबर्ग सीमेंट फैक्ट्री नरसिंहगढ़ परिसर से 1000 मीटर की सीमा के दायरे में कोई भी व्यक्ति, संगठन, संस्था या समूह बिना अनुविभागीय दण्डाधिकारी अथवा सक्षम प्राधिकारी की पूर्व अनुमति के बिना किसी भी प्रकार का धार्मिक प्रदर्शन, सामाजिक प्रदर्शन, जूलूस रैली, शौभायात्रा ज्ञापन सभा अथवा सामूहिक आयोजन आदि नहीं करेगा। सार्वजनिक स्थलो पर धार्मिक प्रदर्शनए सामाजिक प्रदर्शन, नारेबाजी, पोस्टर, बैनर, ध्वनि, विस्तारक यंत्रों का उपयोग तथा किसी भी प्रकार का उकसाने वाला भाषण या प्रचार प्रसार पूर्णत: प्रतिबंधित रहेगा। कोई भी व्यक्ति सोशल मीडिया पर किसी दलए धर्म जातिए संस्था या व्यक्ति के खिलाफ आपत्तिजनक सामग्री साझा नहीं करेगा। जारी आदेश में कहा गया है थाना प्रभारीए थाना दमोह देहात तहसीलदार/कार्यपालिक दंडाधिकारी दमोह, राजस्व निरीक्षक एवं संबंधित विभाग यह सुनिश्चित करें की आदेश का कड़ाई से पालन कराया जाये। इसी प्रकार अनुविभागीय दण्डाधिकारी दमोह आरएल बागरी ने अनुभाग दमोह अंतर्गत ग्राम इमलाई स्थित हाईडलबर्ग सीमेंट फैक्टरी इमलाई परिसर से 1000 मीटर की सीमा के दायरे भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये प्रतिबंधात्मक आदेश पारित किया है। पारित आदेश में कहा गया है अनुभाग दमोह तहसील दमोह अंतर्गत ग्राम इमलाई में स्थित हाईडलबर्ग सीमेंट फैक्टरी इमलाई परिसर से 1000 मीटर की सीमा के दायरे कोई भी व्यक्ति, संगठन, संस्था या समूह बिना अनुविभागीय दंडाधिकारी अथवा सक्षम प्राधिकारी की पूर्व अनुमति के बिना किसी भी प्रकार का धार्मिक प्रदर्शन, सामाजिक प्रदर्शन, जुलूस, रैली, शोभायात्रा, ज्ञापन संभा या सामूहिक आयोजन आदि नहीं कर सकेंगे ।

## 10 मार्च को विशेष जनसुनवाई

दमोह (स्वतंत्र मत)।

कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने बताया कि 8 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जिले में नारी शक्ति के सम्मान में एक विशेष पहल की जा रही है। इस क्रम में 10 मार्च को आयोजित होने वाली जनसुनवाई को एक नए स्वरूप में आयोजित किया जाएगा जो पूर्णत: महिलाओं को समर्पित होगी। उन्होंने बताया कि इस विशेष जनसुनवाई में प्रशासन की ओर से कार्यरत सभी अधिकारी एवं कर्मचारी महिलाएँ रहेंगी। आवेदनों की सुनवाई अपर कलेक्टर मीना मसराम द्वारा की जाएगी। साथ ही विभिन्न विभागों की महिला अधिकारी भी उपस्थित रहकर समस्याओं के निराकरण में सहयोग करेंगी। इस कार्यक्रम में जिले की महिला जनप्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया गया हैए जो अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराएँगी। कलेक्टर ने जिले की नारी शक्ति से आग्रह किया है कि वे अधिकाधिक संख्या में अपनी समस्याओं के साथ जनसुनवाई में उपस्थित हों। उन्होंने कहा कि चूंकि पूरी प्रशासनिक टीम महिलाओं की रहेगी इसलिए महिलाओं को प्रोत्साहित किया जा रहा है कि वे खुलकर अपनी समस्याएं रखें।

# संत गाडगे महाराज की 150वीं जयंती मनाई गई

दमोह (स्वतंत्र मत)।

संत गाडगे जी महाराज की 150वीं जयंती के अवसर पर शहर में रजक समाज द्वारा भव्य शोभायात्रा और विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अभा रजक महासंघ एवं रजक महासमाज संघ के पदाधिकारी और समाजजन मानस भवन के पास एकत्रित हुए। कार्यक्रम की शुरुआत भारतरत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर की गई। इसके बाद बग्गी में विराजमान संत शिरोमणि गाडगे महाराज की प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित कर रैली का शुभारंभ किया गया।

शोभायात्रा शहर के विभिन्न मार्गों से होती हुई बड़ी देवी प्रांगण पहुंची जहां विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। शोभायात्रा में महिलाएं, बच्चे और पुरुष उत्साहपूर्वक शामिल हुए। कई समाजजनों ने हाथों में झाड़ू लेकर स्वच्छता अभियान भी चलाया। इस



अवसर पर डॉ. हरीश रजक ने कहा कि संत गाडगे महाराज स्वच्छता और सामाजिक सुधार के जनक माने जाते हैं, इसलिए उनकी जयंती पर सफाई अभियान चलाकर उनके संदेश को जन-जन तक पहुंचाया जा रहा है। वहीं अध्यक्ष राकेश रजक ने बताया कि यह यात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए बड़ी देवी प्रांगण पहुंची, जहां यात्रा का समापन कर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। अभा रजक महासंघ के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में समाज के अनेक पदाधिकारी एवं गणमान्य नागरिक राकेश उपस्थित रहे।

## वादें ही नहीं, इरादों के साथ आई है भाजपा सरकार : विधायक अभिलाष पाण्डेय



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** मप्र विधानसभा के बजट सत्र के दौरान उत्तर मध्य विधानसभा के विधायक डॉ अभिलाष पाण्डेय ने औद्योगिक नीति निवेश प्रोत्साहन पर चर्चा करते हुए अपनी बात रखी एवं मध्यप्रदेश सरकार के द्वारा किए जा रहे कार्यों के लिए उन्हें धन्यवाद ज्ञापित किया। विधायक डॉ अभिलाष पाण्डेय ने विधानसभा में औद्योगिक नीति निवेश प्रोत्साहन विषय पर अपनी बात रखते हुए कहा कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की सरकार है,और जिस तरह से इस सरकार में विकास का बजट मप्र के सामने आया है यह मप्र के सर्वांगीण विकास का बजट है मध्यप्रदेश सरकार इस विकास के मॉडल पर कार्य कर रही है । हम हमेशा विकास को कहते हैं मल्टी डाइमेंशनल विकास होना चाहिए इस बजट के अंदर हम विकास की परिकल्पना को साकार होते देख रहे हैं जो कि डॉ मोहन यादव की सरकार लगातार कर रही है, लोकतंत्र में हम हमेशा सुनते हैं कि जवाबदेही स्थापित होना चाहिए जो वादे हमने किए हैं वो वादे पूर्ण होना चाहिए क्योंकि मप्र में भारतीय जनता पार्टी की सरकार वादों ही नहीं बल्कि इरादों के साथ आई है, इसलिए निरंतर विकास की गाथा लिखी जा रही है। डॉ पाण्डेय ने बताया कि मप्र सरकार रिन्यूएबल एनर्जी के क्षेत्र में भी कार्य कर रही है भविष्य को दृष्टिगत रखते हुए नवकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में करीब 56 हजार 920 करोड़ रुपए का निवेश किया जा रहा है।

## वादा 10 घंटे का, किसानों को 5 घंटे भी नहीं मिल रही बिजली

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** किसानों की ओर से किसानों के गैर राजनैतिक, वर्ग विहीन, राष्ट्रीय संगठन भारत कृषक समाज महकौशल मप्र के अध्यक्ष इंजी. के के अग्रवाल ने 11 बिंदुओं की आपत्ति पर विस्तार से किसानों का पक्ष रखते हुए आयोग से कहा की आज भी ग्रामीण क्षेत्र में सूचारु विद्युत प्रदाय व्यवस्था का अभाव है। मैंदानी अधिकारियों की उदासीनता व लापरवाही के चलते ग्रामीण जन अनेक समस्याओं से जूझ रहे हैं, ट्रांसफार्मर, खम्भे, लायन की हालत बद से बदतर है, वोल्टेज, ट्रिपिंग की समस्या व समय पर सुधार कार्य न होने से किसान बिजली का समुचित उपयोग नही कर पा रहे हैं। कृषि पम्पों के लिए सरकार द्वारा दिए गए 10 घंटे के वादे के विपरित किसानों अभी भी 5-6 घंटे ही बिजली मिल पा रही है, कृषि पम्पों के हार्स पावर बढ़ा कर विद्युत बिलो में अचानक अप्रत्याशित बृद्धि, चोरी के फर्जी प्रकरण बनाये जाने, तथा उन्हें ना ना प्रकार से प्रताड़ित व धमकाये जाने का सिलसिला बदस्तूर जारी है।

# बुजुर्ग को घेरकर पीटने वाले बदमाशों का पुलिस ने निकाला जुलूस

### लार्डगंज थाना क्षेत्र का मामला, मुख्य आरोपी अभी भी फरार



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** लार्डगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत 67 वर्षीय राजाराम विश्वकर्मा को सरेराह लाठी, राड से पीटने वाले चार बदमाशों में से पुलिस ने दो को सोमवार देर रात गिरफ्तार कर लिया है, जबकि दो अन्य फरार हैं। लार्डगंज पुलिस उनकी तलाश में जुटी है। वारदात 18 फरवरी की शाम की है। बुजुर्ग निजी अस्पताल में कारपेंटर है। आरोपियों ने ठेले का आर्डर देने की बात कहते हुए उन्हें गोल बाजार बुलाया और प्राणघातक हमला कर दिया।

बतां दे कि आरोपी शुभम जायसवाल ने विकास उर्फ विक्की, शनि रजक और महेंद्र पटले के साथ मिलकर हमला किया था। वारदात में बुजुर्ग के दोनों पैर, हाथ और गले में फ्रेक्चर हुआ है। लार्डगंज थाना पुलिस के मुताबिक कुछ दिन पहले राजाराम के बेटे से आरोपियों का विवाद हुआ था, जिसका बदला उन्होंने पिता पर हमला कर लिया। वारदात के बाद से पुलिस लगातार आरोपियों के पीछे लगी हुई थी। सोमवार रात सीएसपी को जानकारी लगी कि राजाराम पर हमला करने वाले दो आरोपी विकास उर्फ विक्की तिवारी और शनि रजक चेरीताल के पास घूम रहे हैं। पुलिस ने फौरन घेराबंदी की और दोनों ही आरोपियों कि गिरफ्तार किया। हालांकि पुलिस को देखकर भागने के फिराक में दोनों के पैरों में गंभीर चोट आई है। मुख्य आरोपी शुभम और महेंद्र अभी फरार है, जिनकी पुलिस तलाश में जुटी हुई है।


### बेटे का हुआ था आरोपियों से विवाद

इस मामले में सीएसपी रितेश कुमार शिव ने बताया कि राजाराम बेटे संदीप विश्वकर्मा परिवार समेत चेरीताल इलाके में रहते हैं। करीब डेढ़ महीने पहले संदीप का पड़ोस में रहने वाला शुभम जायसवाल से विवाद हो गया था। आरोपी अपने दोस्तों के साथ सड़क पर शराब पीकर तेज आवाज में बातचीत कर रहा था। इसी दौरान संदीप घर से बाहर निकला और उन्हें डांट दिया। इस बात को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी हुई। इसके बाद आरोपी उन्हें देख लेने की धमकी देते हुए वहां से चले गए। शुभम अपने साथियों के साथ संदीप पर लगातार हमला करने का प्लान बना रहा था, लेकिन मौका नहीं मिला। 14 जनवरी को भी आरोपियों ने संदीप के घर के बाहर पटाखे फोड़े। गालीगलौज भी की।

पड़ोसियों के इकट्ठा होने पर सभी फरार हो गए। प्लान के तहत 18 फरवरी को शुभम के दोस्त विकास उर्फ विक्की ने राजाराम विश्वकर्मा को कॉल कर कहा कि एक ठेला बनवाना है। हम लोग अस्पताल के बाहर खड़े हैं। चाहे तो एडवांस ले सकते हो। ये बात सुनकर राजाराम जैसे ही अस्पताल से बाहर पहुंचे, शुभम ने अपने साथी शनि रजक, विकास रजक और महेंद्र पटेल के साथ उन्हें घेर लिया और मारपीट करने लगे। फिर बाइक पर बैठकर भाग गए।

### कलेक्टर की जनसुनवाई में आए 126 आवेदन

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में मंगलवार को कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह को शहरी और ग्रामीण क्षेत्र से आये लोगों ने अपने विभिन्न समस्याओं को लेकर 126 आवेदन दिये। जिसमें 98 नये आवेदन हैं तथा 28 ऐसे आवेदन है जो पूर्व में भी आ चुके थे। जनसुनवाई में आये ज्यादातर छात्रवृत्ति, अवैध प्लाटिंग, अवैध कब्जे, बीपीएल कार्ड, पात्रता पर्ची, आधार कार्ड बनवाने, नाली सफाई, नामांतरण, बंटवारा आदि से संबंधित आवेदन थे। जनसुनवाई के दौरान अपर कलेक्टर नाथूराम गौड सहित संबंधित अधिकारी भी मौजूद थे।



## मध्यस्थता सत्र में निपटे न्यायिक कर्मचारियों के 14 प्रकरण

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** मप्र हाईकोर्ट के मुख्य न्यायमूर्ति संजीव सचदेवा की पहल के अंतर्गत जिला न्यायपालिका तथा उच्च न्यायालय के कर्मचारियों के सेवा-संबंधी विवादों के सौहार्दपूर्ण एवं त्वरित समाधान हेतु प्रारंभ की गई मध्यस्थता प्रक्रिया निरंतर प्रभावी परिणाम दे रही है। इसी क्रम में दिनांक 24 फरवरी को प्रशासनिक न्यायमूर्ति विवेक रूसिया की अध्यक्षता में न्यायालय के नियमित कार्यसमय के पश्चात उच्च न्यायालय जबलपुर के साउथ हॉल में एक विशेष मध्यस्थता सत्र आयोजित किया गया। यह सत्र न्यायालय समय पश्चात आयोजित किया गया, जिससे नियमित न्यायिक कार्य प्रभावित न हों और कर्मचारियों के लंबित प्रकरणों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित हो सके। उक्त मध्यस्थता सत्र में कुल 22 प्रकरण प्रस्तुत किए गए, जिनमें से 14 प्रकरणों का आपसी संवाद, सहमति एवं समन्वय के आधार पर सफलतापूर्वक निराकरण किया गया, इनमें एक प्रकरण 2005 से लंबित था। प्रकरणों का समाधान पक्षकारों की सक्रिय सहभागिता एवं सकारात्मक दृष्टिकोण से संभव हो सका।

**मुख्य न्यायाधीश की पहल पर मध्यस्थता प्रक्रिया की शुरूआत**

### दूरस्थ क्षेत्रों में पदस्थ कर्मचारियों को भी मिला लाभ

इस सत्र की एक विशेष उपलब्धि यह भी रही कि विभिन्न जिलों में पदस्थ कर्मचारियों ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सहभागिता कर अपने प्रकरणों का प्रभावी निराकरण सुनिश्चित किया। तकनीक-सक्षम इस प्रक्रिया ने भौगोलिक दूरी की बाधाओं को समाप्त करते हुए दूरस्थ क्षेत्रों में पदस्थ कर्मचारियों को भी समान अवसर प्रदान किया। न्यायमूर्ति विवेक रूसिया ने कहा कि मुख्य न्यायमूर्ति के मार्गदर्शन में आयोजित इस पहल से कर्मचारियों को त्वरित, किफायती एवं संतोषजनक समाधान प्राप्त हो रहा है, जिससे न्यायालयीन वातावरण में विश्वास एवं सौहार्द की भावना सुदृढ़ हो रही है।

# अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस पर मधुर गीतों की प्रस्तुति



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** संत अलॉयसियस स्वशासी महाविद्यालय के हिंदी विभाग द्वारा अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा हिंदी, मलयालम, बंगाली, गौड़ी, मराठी, पंजाबी, बघेली, बुंदेली, कुडुख गीतों की सुमधुर प्रस्तुति दी गई।

इसके उपरांत प्राध्यापकों ने भी विविध बोलियों एवं प्रादेशिक भाषाओं में अपने गीतों को प्रस्तुत किया। प्राचार्य डॉ.फा. जे बेन एंटोन रोजने अपने संदेश में कहा कि भाषा ईश्वर द्वारा मानव को प्रदत्त एक अमूल्य उपहार है। जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में प्रगति करने के लिए भाषा एक सीढ़ी के समान कार्य करती है। मातृभाषाएँ हमारी अस्मिता का प्रतीक हैं। हमें अपनी मातृभाषाओं पर गर्व होना चाहिए और हमें इस अमूल्य धरोहर को सदैव सहेज कर रखना चाहिए। कार्यक्रम में डॉ. कैरोलिन सैनी, डॉ. रामेन्द्र प्रसाद ओझा आदि उपस्थित रहे।

## स्व. विमला देवी गुप्ता की स्मृति में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।



स्व. विमला देवी गुप्ता की स्मृति में आज 25 फरवरी को राठी कालोनी निवाड़गंज जबलपुर में सम्पूर्ण सुरक्षा केन्द्र जिला चिकित्सालय द्वारा मेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर में जनरल परामर्श, जनरल दवाईया, नेत्र परीक्षण, रक्त संबंधित जांचे शुगर, हिपेटाइटिस बी, हिप्टाइटिस सी., सिफलिस, एचआईबी, ब्लड प्रेशर, कान, नाक, गला आदि जांचें निःशुल्क उपलब्ध कराई जायेगी। निवेदक जगदीश प्रसाद गुप्ता, अश्विनी गुप्ता, आनंद गुप्ता आदि ने सभी से स्वास्थ्य शिविर को लाभ लेने की अपील की है।

# उत्साह और ऊर्जा से सराबोर रहा वार्षिक क्रीड़ा महोत्सव



**सिहोरा (स्वतंत्र मत)।** शासकीय श्याम सुंदर अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सिहोरा में 23 एवं 24 फरवरी को वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिताओं का आयोजन प्राचार्य प्रो. मनोज कुमार श्रीवास्तव के संरक्षण तथा क्रीड़ा अधिकारी डॉ. रचना विश्वकर्मा के निर्देशन में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष राजा मोर रहे। दो दिवसीय इस आयोजन में लगभग 300 छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर खेल भावना का परिचय दिया। कुश्ती के 55 किलोग्राम वर्ग में दीपक यादव तथा 65 किलोग्राम वर्ग में प्रकाश मल्लाह विजेता रहे। टेबल टेनिस में अजीत कुमार और शतरंज में दिनेश ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। रस्सीकूद महिला वर्ग में रजनी कुचबंधिया, कैरम पुरुष वर्ग में रोहित बर्मन एवं महिला वर्ग में सिमी जैन विजेता रहीं, जबकि कबड्डी पुरुष वर्ग में 'धुरंधर' टीम ने बाज़ी मारी। एथलेटिक्स स्पर्धाओं में 100 मीटर महिला वर्ग में रागिनी कोरी और पुरुष वर्ग में निखिल पटेल, 200 मीटर में अमर चक्रवर्ती (पुरुष) एवं शुभ प्रिया तिवारी (महिला), 400 मीटर में अमर चक्रवर्ती (पुरुष) और क्रिस्टी रैदास (महिला), 800 मीटर में रोहित सिंह (पुरुष) एवं क्रिस्टी रैदास (महिला) विजेता रहे। शॉटपुट में निकिता बसोर (महिला) और निखिल पटेल (पुरुष), तथा लंबी कूद में अनिल सिंह (पुरुष) एवं शुभ प्रिया तिवारी (महिला) ने प्रथम स्थान अर्जित किया; भाला फेंक में प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए अमित गडारी प्रथम रहे । समापन अवसर पर प्राचार्य ने विजेताओं को बधाई देते हुए कहा कि खेल अनुशासन, नेतृत्व और टीम भावना के विकास का सशक्त माध्यम हैं तथा विद्यार्थियों को उच्च स्तरीय प्रतियोगिताओं के लिए निरंतर प्रयासरत रहना चाहिए।

# काशी में किसलय गीत ऋषि सम्मान से अलंकृत



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** विगत दिवस विश्व हिन्दी शोध-संवर्धन अकादमी एवं लोक भाषा अनुसंधान केन्द्र वाराणसी के तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय काशी काव्य-कुंभ आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि अयोध्या के हनुमत पीठाधीश्वर आचार्य मिथिलेशनंदनी शरण महाराज, अध्यक्ष नवगीतकार डॉ बुद्धिनाथ मिश्र, संस्थापक हीरालाल मिश्र मधुकर एवं अतिथि अवकाश प्राप्त न्यायाधीश डॉ चन्द्रभाल सुकुमार रहे। अतिथियों की उपस्थिति में सुदीर्घ साहित्यिक साधना एवं समाज सेवा के क्षेत्र में अप्रतिम योगदान हेतु आचार्य विजय तिवारी किसलय को गीत ऋषि सम्मान से अलंकृत किया गया। इस अवसर पर काशी तथा देश-विदेश के शताधिक साहित्य मर्मज्ञ उपस्थित रहे। इस उपलब्धि पर आचार्य भगवत दुबे, प्रतूल श्रीवास्तव, विजय नेमा अनुज, राजेश पाठक प्रवीण, यशोवर्धन पाठक आदि ने आचार्य किसलय को बधाईयां प्रेषित की हैं।

# दो कारो की आपस में भिंड़त, वरिष्ठ अधिवक्ता घायल

### तिलहरी क्षेत्र के रहवासियों ने की स्पीड ब्रेकर बनाने की मांग



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** शहर का उप नगरीय क्षेत्र तिलहरी स्थित एसबीआई चौराहा इन दिनों हादसों का केंद्र बनता जा रहा है। सोमवार सुबह यहां तेज रफ्तार से भागती एक कार ने, धीमी गति से रोड क्रॉस कर रही दूसरी कार चकनाचूर कर दिया। इस हादसे में अजय सत्य प्रकाश होम्स तिलहरी निवासी व वरिष्ठ अधिवक्ता अभिजीत चक्रवर्ती ठाकुर गंभीर रूप से घायल हो गए।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार चौराहे पर लंबे समय से यातायात नियंत्रण के पर्याप्त इंतजाम नहीं हैं। सिग्नल और स्पीड ब्रेकर के अभाव में वाहन चालक तेज गति से गुजरते हैं, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। सोमवार को सुबह भी तेज रफ्तार कार जिसमे 4 युवा सवार थे, ने धीमी गति से रोड क्रॉस कर रही सीनियर एडवोकेट अभिजीत चक्रवर्ती ठाकुर की कार को जोरदार टक्कर मारकर भाग निकले जिससे कार के परखच्चे उड़ गए प्रत्यक्षदर्शियों ने कार का नम्बर नोट कर लिया। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह चौराहा पहले भी कई हादसों का गवाह बन चुका है। बावजूद इसके, यहां न तो स्थायी स्पीड ब्रेकर बनाए गए हैं और न ही प्रभावी ट्रैफिक व्यवस्था लागू की गई है। रहवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि चौराहे पर शीघ्र स्पीड ब्रेकर, ट्रैफिक सिग्नल और चेतावनी संकेत लगाए जाएं, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं पर रोक लग सके। घटना की सूचना मिलते ही गोराबाजार पुलिस मौके पर पहुंची और मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी और घायल एडवोकेट को शासकीय विक्टोरिया अस्पताल इलाज हेतु ले गई। जनता की मांग चौराहे पर तत्काल स्पीड ब्रेकर निर्माण ट्रैफिक सिग्नल की स्थापना, तेज रफ्तार वाहनों पर सख्त कार्रवाई यदि समय रहते प्रशासन ने कदम नहीं उठाए, तो तिलहरी एसबीआई चौराहा और भी बड़े हादसों का कारण बन सकता है।



## शहपुरा में छात्रावासों के छात्र नायकों की बैठक संपन्न

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** कलेक्टर राघवेंद्र सिंह के शहपुरा विकासखंड के अंतर्गत जनजातीय कार्य विभाग द्वारा संचालित छात्रावासों के छात्र नायकों एवं उपनायकों की मंगलवार को शहपुरा में बैठक आयोजित की गई। अनुविभागीय राजस्व अधिकारी शहपुरा मदन सिंह रघुवंशी की अध्यक्षता में संपन्न हुई इस बैठक में छात्र-छात्राओं से संवाद कर छात्रावासों से जुड़े विभिन्नन विषयों की जानकारी ली गई तथा छात्रावासों के व्यअवस्थित संचालन के संबंध में मार्गदर्शन दिया गया। बैठक में सहायक आयुक्तजनजातीय कार्य विभाग सीके दुबे भी मौजूद रहे।

# सामाजिक और वैचारिक क्रांति का सशक्त माध्यम है साहित्य



जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

सामाजिक और वैचारिक क्रांति का सशक्त माध्यम है साहित्य। उक्त विचार वर्तिका की मासिक काव्य गोष्ठी में अतिथियों ने वरिष्ठ साहित्यकार आचार्य विजय तिवारी किसलय एवं देव दर्शन सिंह के काव्य पटल के अनावरण करते हुए व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि वर्तमान परिवेश में हम ऐसे प्रेरक साहित्य का सृजन करें जिसमे राष्ट्र प्रेम और वर्तमान सामाजिक समस्याओं के निदान के लिए एक संदेश निहित हो। गोष्ठी में मुख्य अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार अमरेंद्र नारायण, अध्यक्षता मनोज शुक्ला मनोज एवं विशिष्ट अतिथि डॉक्टर छाया सिंह एवं मनोज जैन मित्र रहे। मुख्य वक्ता राजेश पाठक प्रवीण ने वर्तिका के कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी संयोजक विजय नेमा अनुज ने संस्थागत उद्बोधन प्रेषित कर सभी के प्रति आभार व्यक्त किया कार्यक्रम का संचालन संतोष नेमा सरस्वती वंदना अर्चना गोस्वामी द्वारा प्रस्तुत की गई. द्वितीय चरण में काव्य गोष्ठी संपन्न हुई जिसमें एक से बढ़कर एक काव्य रचनाएं प्रस्तुत की गई। गोष्ठी में गुप्तेश्वर द्वारका गुप्त, संध्या अग्रवाल, डॉ अरुणा पाठक, प्रभा बच्चन श्रीवास्तव, डॉ सुरेन्द्र लाल साहू, रश्मि पांडे, निरंजन द्विवेदी आदि उपस्थित रहे।

## यादव जी लव स्टोरी फिल्म पर रोक की मांग

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** अखिल भारतीय युवा यादव महासभा के पदाधिकारियों और अधिवक्ताओं ने मंगलवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर प्रदर्शन किया। उन्होंने 27 फरवरी को रिलीज होने जा रही फिल्म यादव जी लव स्टोरी के प्रदर्शन पर रोक लगाने की मांग करते हुए एक ज्ञापन सौंपा। महासभा के प्रतिनिधि भारत यादव ने आरोप लगाया कि फिल्म में समाज की बेटियों और महिलाओं का आपत्तिजनक चित्रण किया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि ऐसे विषय सामाजिक सौहार्द को प्रभावित कर सकते हैं। अधिवक्ता कंचन यादव ने बताया कि फिल्म के शीर्षक और कथानक से यादव समाज की छवि प्रभावित हो रही है। संगठन ने फिल्म के प्रदर्शन पर तत्काल रोक लगाने और इसके शीर्षक में बदलाव करने की मांग की है। अधिवक्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर विचार नहीं किया गया, तो समाज के लोग उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे, जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। इस दौरान एएसपी सूर्यकांत शर्मा ने प्रदर्शनकारियों की बात सुनी और उन्हें आश्वासन दिया कि मामले पर आवश्यक ध्यान दिया जाएगा। फिल्म की रिलीज को लेकर अब प्रशासन के रुख पर सबकी नजरें टिकी हुई हैं।



# हमारी संस्कृति और संस्कारों की संवाहक है मातृभाषा : कुलगुरु वर्मा

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** हिंदी एवं भाषा विज्ञान विभाग में आज अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कार्यक्रम में रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के परम आदरणीय कुलगुरु प्रो राजेश कुमार वर्मा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विभागाध्यक्ष प्रो धीरेन्द्र पाठक जी ने सभी का स्वागत एवं विषय प्रवर्तन करते हुए मातृभाषा की प्रासंगिकता का रेखांकन किया। कुलगुरु जी ने कहा कि मातृभाषा हमारी संस्कृति और संस्कारों की संवाहक होती है। हम कितनी ही भाषाएं सीख लें पर हमें अपनी मातृभाषा पर गर्व करना चाहिए। लोग जहां अंग्रेजी सीखने के लिए हर संभव कोशिश कर रहे हैं वहीं मातृभाषा को बोलने में झिझकते हैं। एक समय ऐसा भी रहा कि लोग मातृभाषा प्रयोग के लिए संघर्षरत हुए जिसके परिणामस्वरूप युनेस्को के सन् 1999 की अनुशंसा को संयुक्त राष्ट्र संघ ने 2002 में 21 फरवरी को अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के रूप में मनाए जाने की घोषणा की। जिन शहीदों की याद में यह घोषणा हुई उन्हें भी इस कार्यक्रम में याद किया गया। इस कार्यक्रम में छात्रों ने अपनी अपनी मातृभाषा में कार्यक्रम की प्रस्तुति दी संस्कृत विभाग की शोध छात्र शिल्पा कोरी ने संस्कृत भाषा में गीत प्रस्तुत किया, नेपाली भाषा में ममता थापा ने एक गीत प्रस्तुत किया। बघेली भाषा में नीलम गौतम ने कविता प्रस्तुत की, हर्ष विश्वकर्मा ने जापानी भाषा में एक कविता प्रस्तुत किया। बंगाली भाषा में राजलक्ष्मी ने कविता प्रस्तुत की । इसी तरह सौरभ शर्मा ने अंग्रेजी भाषा को प्रयोग किस तरह हमारे संविधान में शामिल किया गया इस पर अपनी बात रखा।

अंत में कार्यक्रम का आभार डॉ तरुण घोष ने बंगाली भाषा में किया कार्यक्रम का संचालन हिंदी में डॉक्टर आशा रानी ने किया इस अवसर पर डॉ ए के गिल, डॉ रणबीर कौर कलसी, डॉ. विवेक गहरवार, डॉ. सरिता यादव, संदीप उपाध्याय और बहुत संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# गाजी बाग में सर्वधर्म रोजा अफतार, भाईचारे का संदेश



**जबलपुर।** मुस्लिम बहुल क्षेत्र रद्दी चौकी स्थित गाजी बाग में रमज़ान के छठे रोज़े पर ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती रहमतुल्लाह अलैह की माहाना छठी के अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी मतीन अंसारी के संयोजन में विशाल अफ़तार-ए-आम का आयोजन किया गया। अफ़तार-ए-आम में क्षेत्र के सैकड़ों रोज़ेदारों और गणमान्य नागरिकों ने शिरकत की। मगरिब की अज़ान होते ही उपस्थित रोज़ेदारों ने सामूहिक रूप से रोज़ा अफ़तार किया। आयोजन में मुख्य रूप से सूफ़ी बाबा मेराज अहमद जमाली, हाजी भूरे पहलवान, अल्हाज हाफिज मोहम्मद शरीफ, हाजी शेख ज़मील नियाज़ी, सरदार अब्दुल हकीम बाबा, राजीव बडेरिया, गुड्डू नबी, इश्तियाक अंसारी सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। सर्वधर्म रोज़ा अफ़तार में हिंदू और मुस्लिम समुदाय के लोगों की सहभागिता से उत्साह और भाईचारे का माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम के संयोजक मतीन अंसारी ने बताया कि अफ़तार-ए-आम का उद्देश्य समाज में आपसी सौहार्द, एकता और इंसानियत का संदेश देना है। कार्यक्रम के दौरान देश में अमन-चैन, खुशहाली और तरक़्क़ी के लिए विशेष दुआ भी की गई।



# बांधवगढ़ में तीन दिवसीय गिद्ध गणना हुई पूरी

उमरिया (स्वतंत्रमत)

जिले के बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में 20 से 22 फरवरी 2026 तक हुई तीन दिवसीय गिद्ध गणना रविवार को पूरी हो गई। इस साल 276 गिद्ध दर्ज किए गए, जिनमें चार प्रजातियां शामिल हैं। यह संख्या पिछले वर्ष की तुलना में 29 कम है, जब 2025 में 305 गिद्ध मिले थे। यह गणना बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के चार उप वनमंडलों के नो परिक्षेत्रों की कुल 139 बीटों में की गई। इस कार्य में 400 से अधिक फील्ड स्टाफ और लगभग 60 अधिकारी व वरिष्ठ वनकर्मी शामिल थे, जिन्होंने मौके पर रहकर निगरानी की। इस बार गिद्ध गणना के लिए पारंपरिक प्रपत्रों के साथ-साथ मोबाइल ऐप का भी उपयोग किया गया। इससे आंकड़े सीधे दर्ज हुए, जिससे मुख्यालय स्तर पर रियल-टाइम मॉनिटरिंग और विश्लेषण संभव हो सका।

### 237 देसी और 14 इजिप्शियन प्रजाति

गणना के दौरान रिजर्व क्षेत्र में चार प्रजातियों के गिद्ध दर्ज किए गए। इनमें 17 राज गिद्ध, 237 देसी गिद्ध, 14 इजिप्शियन गिद्ध और 8 सफेद पीठ गिद्ध शामिल हैं। इनकी उपस्थिति विभिन्न परिक्षेत्रों के 38 स्थलों पर दर्ज की गई। नियमानुसार केवल बैठे हुए गिद्धों को ही गिनती में शामिल किया गयाय उड़ते हुए गिद्धों को नहीं गिना गया। वन विभाग के अनुसार, चार प्रजातियों के गिद्धों की मौजूदगी बांधवगढ़ के स्वस्थ पारिस्थितिकीय तंत्र और समृद्ध जैव विविधता का संकेत है। बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के क्षेत्र संचालक अनुपम सहाय ने बताया किं गिद्ध जंगल को स्वच्छ रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि गिद्धों ने कई स्थानों पर अपना रहवास बनाया हुआ है।

# असेंबली ऑफ एमपी जर्नलिस्ट्स का प्रांतीय सम्मेलन सम्पन्न

## राधावल्लभ शारदा पुनः निर्विरोध प्रदेश अध्यक्ष निर्वाचित

उमरिया (स्वतंत्रमत)



रविवार 22 फरवरी भोपाल के तुलसीनगर स्थित नार्मदीय समाज भवन में असेंबली ऑफ एमपी जर्नलिस्ट्स का प्रांतीय सम्मेलन उत्साह और गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भगवानदास सबनानी, भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल तथा वरिष्ठ पत्रकार रमेश शर्मा उपस्थित रहे। प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए पत्रकारों ने बड़ी संख्या में सहभागिता की।

कार्यक्रम के प्रथम सत्र में संगठन के चुनाव की प्रक्रिया चुनाव अधिकारी माखन विजयवर्गीय की देखरेख में प्रारंभ की गई। नामांकन प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद विभिन्न पदों के लिए प्राप्त आवेदन पत्रों की स्क्रूटनी की गई तथा उन्हें सुरक्षित रखा गया। प्रांतीय अध्यक्ष पद के लिए अधिकांश पत्रकारों ने पुनः राधावल्लभ शारदा के नाम का प्रस्ताव रखा, जिसका उपस्थित सदस्यों ने सर्वसम्मति से समर्थन किया। साथ ही नई कार्यकारिणी के गठन का पूर्ण अधिकार भी उन्हें प्रदान किया गया। सम्मान समारोह के उपरांत प्रांतीय अध्यक्ष पद की औपचारिक घोषणा की गई। पदभार ग्रहण करते ही शारदा ने संगठन को सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए पूर्व से गठित सभी प्रकोष्ठों, संभागीय अध्यक्षों तथा संभागीय कार्यकारिणियों को तत्काल प्रभाव से भंग कर दिया। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही नई कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा, जिसमें प्रदेश के सभी जिलों को उचित प्रतिनिधित्व दिया जाएगा ताकि संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत बनाया जा सके।

मुख्य अतिथि विधायक भगवानदास सबनानी ने कहा कि पत्रकार चाहे छोटा हो या बड़ा, उसकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। गांवों में छोटे अखबार भी चाय-पान की दुकानों तक पहुंचकर शासन की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाते हैं और स्थानीय समस्याओं को शासन-प्रशासन तक पहुंचाने का कार्य करते हैं। उन्होंने बताया कि वे स्वयं अपने विधानसभा क्षेत्र की खबरों पर नजर रखते हैं और आवश्यकतानुसार अधिकारियों को समस्याओं के समाधान के निर्देश देते हैं।

कार्यक्रम के अंत में अतिथियों का सम्मान किया गया तथा पत्रकारों ने संगठन को मजबूत बनाने और पत्रकार हितों की रक्षा के लिए सामूहिक रूप से कार्य करने का संकल्प लिया। सम्मेलन शांतिपूर्ण और सफल वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में शहजोल सम्भाग से राजू गुप्ता एवं महेन्द्र मिश्रा को भामा पुरुषकार से सम्मानित किया गया। शहडोल सम्भागीय अध्यक्ष राजू गुप्ता, महां सचिव महेन्द्र मिश्रा एवं उमरिया जिला अध्यक्ष मो. खालिक अंसारी के सांथ उमरिया से लगभग दो दर्जन से अधिक पत्रकार सामिल हुये। इस दौरान मप्र के रीवा, सतना, उमरिया, शहडोल, नरसिंहपुर, मंडला सहित 35 से अधिक जिलों के पदाधिकारी पत्रकार मौजूद रहें।

# महिला ने किया जहरीले पदार्थ का सेवन..अस्पताल में भर्ती

उमरिया (स्वतंत्रमत)

कोतवाली थाना अंतर्गत महिला ने अज्ञात कारणों के चलते जहरीले दृव्य का सेवन कर लिया। महिला की हालत गंभीर बताई जा रही है जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी अनुसार घर में कोई नही था पिता, पुत्र मजदूरी करने घर से बाहर गए हुए थे तभी फोन पर जानकारी मिली कि 2 बजे के लगभग बहू बिमला साहू पति कृष्णा साहू उम्र 30 पुराना पड़ाव खेरदाई मंदिर के पास ने अज्ञात कारणों के चलते जहर का सेवन कर लिया है। घर जाने के बाद अस्पताल लेकर आए। पीड़िता का ईलाज जारी है हालत गंभीर बनी हुई है। अस्पताल चौकी प्रभारी मौके पर पहुंच कर मामला दर्ज किया जिसकी जांच की जा रही है महिला ने किन परिस्थितियों में जहरीले दृव्य का सेवन किया बस्ती में चर्चा का विषय बना हुआ है।

# उप जिला मूल्यांकन समिति की बैठक संपन्न

उमरिया (स्वतंत्रमत)



अनुविभागीय अधिकारी बांधवगढ अंबिकेश प्रताप सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार 24 फरवरी को उप जिला मूल्यांकन समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में उमरिया खास सहित आस पास के क्षेत्रों को मर्ज न करके विशिष्ट ग्राम में शामिल करने के प्रस्ताव अनुविभागीय अधिकारी ने दिए साथ ही प्रस्तावित 20-40 प्रतिशत में 30 प्रतिशत एवं 40- 60 प्रतिशत में 50 प्रतिशत वृध्दि प्रस्तावित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में अनुभाग के 846 लोकेशनो में से 380 लोकेशनो पर मूल्य दर पर वृध्दि करने का निर्णय लिया गया। बैठक में उप जिला रजिस्ट्रार अशीष श्रीवास्तव सहित समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

# बांधवगढ़ में होली पर 4 मार्च को जंगल सफारी रहेगा बंद

**उमरिया (स्वतंत्रमत)** – जिले के बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में होली के अवसर पर 4 मार्च को जंगल सफारी बंद रहेगी। टाइगर रिजर्व प्रबंधन ने इस संबंध में आदेश जारी कर सभी पर्यटक होटल संचालकों, गाइड, जिप्सी यूनियन और वाहन चालकों को सूचित कर दिया है। प्रबंधन के अनुसार, 3 मार्च को होलिका दहन और 4 मार्च को रंगों की होली के कारण बड़ी संख्या में पर्यटक देश-




विदेश और आसपास के क्षेत्रों से टाइगर रिजर्व पहुंचते हैं। वे होटल-रिसॉर्ट में त्योहार मनाते हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए 4 मार्च को एक दिन के लिए पार्क सफारी पूरी तरह बंद रखने का निर्णय लिया गया है। होली के दौरान जंगल में आगजनी या किसी भी असामाजिक गतिविधि की आशंका को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था भी कड़ी कर दी गई है। टाइगर रिजर्व के नौ परिक्षेत्रों में अधिकारियों और कर्मचारियों को तैनात कर लगातार गश्त और सर्चिंग की जा रही है। क्षेत्र संचालक अनुपम सहाय ने बताया कि जंगल की सुरक्षा के लिए विशेष गश्त शुरू कर दी गई है। उन्होंने यह भी पुष्टि की कि होली पर 4 मार्च को एक दिन के लिए सफारी बंद रखने का निर्णय लिया गया है।

# शहडोल सांसद हिमाद्री सिंह से भाजपा नेताओं ने की मुलाकात

उमरिया (स्वतंत्रमत)



मंगलवार 24 फरवरी को शहडोल संसदीय क्षेत्र की सांसद श्रीमती हिमाद्री सिंह के उमरिया आगमन पर स्थानीय सर्किट हाउस में भाजपा नेताओं ने उनसे मुलाकात कर स्वागत किया है। सांसद श्रीमती सिंह कलेक्ट्रेट में आयोजित जिला खनिज मद (डीएमएफ) की बैठक में शामिल होने पहुंची हुई थी। इस बीच सर्किट हाउस में कुछ देर रुकने के दौरान भाजपा नेताओं ने मुलाकात की है। नेताओं ने जिले की गतिविधियों और समस्याओं से सांसद महोदय को अवगत कराया है। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष आशुतोष अग्रवाल, वरिष्ठ नेता मिथलेश पयासी, उपाध्यक्ष सुमित गौतम,महामंत्री दीपक छतवानी,मंडल अध्यक्ष नीतू सिंह, पुष्पेंद्र सिंह रघुवंशी, राममोल केवट, रामनारायण पयासी,पूजा बैगा,सुजीत सिंह भदोरिया सहित अन्य लोग उपस्थित थे। भाजपा जिला उपाध्यक्ष सुमित गौतम ने ग्राम पंचायत पिपरिया के अंतर्गत ग्राम विलाईकॉप के माध्यमिक शाला से ग्राम कुआं के छक्कू कुशवाहा के घर तक लगभग 3 किलोमीटर कच्ची सड़क मार्ग को पक्कीकरण करने की मांग की है। इसके अलावा अन्य नेताओ ने भी अपने-अपने क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं से सांसद महोदय को अवगत कराया है, जिस पर सांसद ने सहमति जताते हुए कहा कि जहां भी विकास या निर्माण कार्य छूट गए हैं वहां के कार्य पूरे कराए जाएंगे। सांसद महोदय ने कहा कि वह आगामी दिनों में जिले के दोनों विधानसभा के लिए दौरा कार्यक्रम बनाएंगी, इस दौरान क्षेत्र में जो भी समस्याएं सामने आएंगी उन्हें तत्परता से पूरा कराने का प्रयास किया जाएगा।

# सांसद ने तामान्नारा संकुल को प्रदाय किया आजीविका एक्सप्रेस वाहन



**उमरिया (स्वतंत्रमत)।** मध्य प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा ग्रामीण आजीविका एक्सप्रेस ग्राम के आर्थिक विकास और दूरदराज के गांवों को प्रमुख सेवा एवं सुविधाओं से जोड़ने के लिए सुरक्षित सस्ती एवं समुदाय की निगरानी वाली ग्रामीण परिवहन सेवाएं प्रदान की जा रही है। शहडोल संसदीय क्षेत्र की सांसद श्रीमती हिमाद्री सिंह ने मंगलवार 24 फरवरी को आजीविका एक्सप्रेस वाहन करकेली ब्लॉक के तमन्नारा संकुल को प्रदाय किया। पूर्व में वाहन क्रय करने के लिए राशि 6 लाख 85 हजार रुपए शासन से अनुदान के रूप में प्राप्त हुआ था जिसे शासन द्वारा बढ़ा कर इस वर्ष 8 लाख 50 हजार कर दी गई है। महिलाएं इससे आर्थिक रूप से मजबूत हो रही है साथ ही उन्हें सुरक्षित और सुगम वाहन उपलब्ध हो रहा है और दीदियां लखपति की श्रेणी में भी आ कर लखपति दीदी बन रही है।आने वाले समय में पाली ब्लॉक के लिए 2 वाहन और सेंक्शन हुए हैं। पूर्व में वर्ष 2023 में ब्लॉक करकेली और मानपुर को एक एक आजीविका एक्सप्रेस प्रदान किया गया था जिससे समूह की महिलाओं द्वारा चलाया जा रहा है और प्रति माह 15- 20 हजार रुपए की आय अर्जित की जा रही है।

# गांव में अवैध शराब ब्रिकी पर रोक लगाने में सहयोग की मांग

कटंगी(स्वतंत्र मत)



कटंगी शहर से सटी ग्राम पंचायत सेलवा के ग्राम बड़गांव के ग्रामीणों ने मंगलवार की दोपहर 03 बजे थाना पहुंचकर गांव में अवैध शराब ब्रिकी पर प्रतिबंध लगाने में सहयोग करने की मांग करते हुए थाना प्रभारी धमेन्द्र कुसराम को ज्ञापन सौंपा है। पुलिस प्रशासन से गांव में बिकने वाली अवैध शराब पर पूरी तरह से रोक लगाने वाले और शराब बेचने वालों पर कार्रवाई करने की मांग की गई है। बीते दिनों बड़गांव के ग्रामीणों ने गांव में ही एक बैठक कर गांव में बिकने वाली अवैध शराब ब्रिकी पर रोक लगाने का फैसला लिया। पंच परमेश्वर आधारित इस बैठक में शराब बेचने और पीने वालों पर जुर्माने की कार्रवाई करने का निर्णय लिया गया। इसके साथ ही शराब ब्रिकी करने वालों को नसीहत दी गई कि वह दो दिन बाद से गांव में शराब बेचना बंद कर दें। बावजूद इसके शराब बेचने वाले इस पर अमल नहीं कर रहे है और गांव में शराब ब्रिकी को लेकर विवाद की स्थिति निर्मित हो रही है। जिसे ध्यान रखते हुए अब ग्रामीणों ने पुलिस से सहयोग की मांग करते हुए शराब ब्रिकी करने वालों पर कार्रवाई करने की मांग की है। बड़गांव के ग्रामीणों ने अपने गांव को नशा मुक्त बनाने के लिए बीते दिनों सार्वजनिक तौर पर बैठक की। इस बैठक में गांव के महिला, पुरूष और नौजवान सभी शामिल हुए। बैठक में शराब के दुष्परिणाम को लेकर चर्चा हुई। महिलाओं ने बताया कि घर की युवा पीढ़ी शराब का सेवन कर अपने जीवन को बर्बाद कर रही है घरों में कलह का माहौल निर्मित हो रहा है। नशे के लिए पुरूष कर्ज ले रहे है। घरों का सामान तक बेच रहे है। गांव में अवैध शराब ब्रिकी होने की वजह से आस-पास के गांव के शराबियों को गांव में देर रात तक आना-जाना लगा रहता है।

# संबल योजना के तहत बोर्ड परीक्षा शुल्क छूट राशि लौटाई जाएगी

## 28 फरवरी तक बैंक विवरण जमा करने के निर्देश

**बालाघाट(स्वतंत्र मत)।** शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय बालाघाट के प्रभारी प्राचार्य एवं समन्वयक शरद ज्योतिषी ने बताया कि पंजीकृत असंगठित श्रमिकों के बच्चों को संबल योजना के अंतर्गत वर्ष 2024 की हाईस्कूल (10वीं) एवं हायर सेकेंडरी (12वीं) बोर्ड परीक्षा में दी गई शुल्क छूट की राशि अब संबंधित विद्यार्थियों को वापस की जाएगी। उन्होंने बताया कि वर्ष 2024 की मुख्य परीक्षा में जिन शासकीय एवं अशासकीय हाईस्कूल/हायर सेकेंडरी विद्यालयों के संस्था प्रमुखों द्वारा संबल शुल्क छूट की कार्यवाही की गई थी, उन विद्यालयों के छात्र-छात्राओं को यह राशि लौटाई जानी है। इस संबंध में पात्र विद्यार्थियों की सूची समन्वयक संस्था को प्राप्त हो चुकी हैं। समन्वयक द्वारा निर्देशित किया गया है कि जिन संस्थाओं को संबल शुल्क छूट की राशि वितरित की जानी है, वे अपनी संस्था का बैंक खाता क्रमांक, आईएफएससी कोड तथा बैंक शाखा का नाम बोर्ड परीक्षा विभाग, शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय बालाघाट में 28 फरवरी तक अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराएं। साथ ही, जिन छात्र-छात्राओं को यह राशि वितरित की जानी है, उनकी सूची भी अवलोकनार्थ प्रस्तुत की जाएगी। संस्था प्रमुखों से निर्धारित तिथि तक आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराने की अपील की गई है, ताकि पात्र विद्यार्थियों को शीघ्र भुगतान सुनिश्चित किया जा सके।

# बालाघाट में रात्रिकालीन डी.जे. पर सख्ती की मांग

**बालाघाट(स्वतंत्र मत)।** जिले में सामाजिक सुधार और जनहित को ध्यान में रखते हुए डहरवाल कलार समाज संगठन द्वारा एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। जिसको लेकर 24 फरवरी को डहरवाल कलार संगठन के द्वारा एक ज्ञापन कलेक्टर के नाम अपर कलेक्टर को सौंपा हैं। उन्होने कहा कि देर रात्रि तक डी.जे. ध्वनि से बच्चों और आम नागरिकों को भारी परेशानियां हो रहीं हैं, इसको लेकर जिला प्रशासन सख्ती अपनाते हुए उन पर कड़ी कार्यवाही की मांग की हैं। इस मौके पर जिला अध्यक्ष राजेन्द्र साकरे, संगठनमंत्री शिवाजी बाविस्ताले, दुर्गाप्रसाद बाविस्ताले, परदेशी राठौर,



भुपेन्द्र बघेल, रविशंकर मंडलेकर, भुपेन्द्र डहरवाल, उमा शंकर नगरगड़े, पंकज डहरवाल, किशोरी लाल डहरवाल, मेहश बघेल सहित अन्य लोगों की मौजूदगी रहीं। जानकारी अनुसार, विगत वर्ष डहरवाल कलार समाज स्तर पर यह निर्णय लिया गया था कि किसी भी सामाजिक व्यक्ति द्वारा अपने बच्चों के विवाह में आयोजित लग्न कार्यक्रम रात्रि अधिकतम 10 बजे तक ही सम्पन्न किए जाएं तथा इसके बाद डी.जे. एवं अन्य तेज ध्वनि वाले उपकरणों का उपयोग पूर्णतः बंद कर करने का निर्मण लिया हैं। डहरवाल कलार समाज के जिलाध्यक्ष राजेन्द्र साकरे ने कहा कि इस सामाजिक निर्णय के बावजूद कुछ असामाजिक तत्वों एवं अन्य समाज के लोगों द्वारा समय-सीमा का उल्लंघन करते हुए देर रात तक या पूरी रात डी.जे. बजाया जा रहा हैं। इससे न केवल निर्धारित ध्वनि मानकों की अवहेलना हो रही हैं, बल्कि अत्यधिक शोरगुल के कारण ध्वनि प्रदूषण भी फैल रहा है।

# डोंगरमाली में शॉपिंग कॉम्पलेक्स निर्माण का विवाद

## दुकानदार ने कलेक्टर से लगाई गुहार, सरपंच बोला आरोप निराधार

बालाघाट(स्वतंत्र मत)



वारासिवनी जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम डोंगरमाली में निर्मित 55 दुकानों के शॉपिंग कॉम्प्लेक्स को लेकर गंभीर अनियमितताओं के आरोप सामने आए हैं। इस संबंध में जनसुनवाई में दर्जन भर ग्रामीणों ने एक लिखित आवेदन देकर पूरे प्रकरण की निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच की मांग की गई है। इधर, सरपंच के द्वारा कहा गया कि 12 शासकिय राशि से निर्माणाधिन हैं शेष अन्य स्वंय दुकानदारों के द्वारा ही पक्की दुकान का निर्माण किया गया है। रूपए को लेकर कहा कि वह निराधार आरोप हैं। शिकायतकर्ताओं ने बताया गया हैं कि सूचना के अधिकार के तहत प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त कॉम्प्लेक्स की केवल 6 दुकानें 15 वें वित्त आयोग की राशि से निर्मित की गई हैं। शेष 49 दुकानें शासकीय घास बीड़ भूमि पर बनाई गई हैं। आरोप है कि शेष 49 दुकानों के निर्माण के नाम पर पुराने दुकानदारों से प्रति दुकान 4 लाख से 6 लाख रुपये तक की राशि वसूली गई। राशि लेने के बाद पहले रसीद दी गई और बाद में रसीद वापस ले ली गई। इसके अलावा लगभग 10 से 12 पात्र पुराने दुकानदारों को दुकान आवंटित नहीं की गई, जबकि बाहरी व्यक्तियों को दुकानें दे दी गईं। साथ ही शासकीय घास बीड़ भूमि पर बिना विधिवत अनुमति निर्माण किए जाने का आरोप भी लगाया गया है, जो नियमों का स्पष्ट उल्लंघन माना जा रहा है। वारासिवनी तहसील अंतर्गत ग्राम डोंगरमाली निवासी अब्दुल समी शेख का कहना था कि बाजार चौक डोंगरमाली में उनकी वर्षो पुरानी किराना दुकान थी, जिसे सरपंच द्वारा तीन नोटिस जारी कर हटवा दिया गया। अब्दुल ने बताया कि उन्हें आश्वासन दिया गया था कि 90 दिनों के भीतर उसी स्थान पर नया कॉम्पलेक्स बनाकर एक लाख इकसठ हजार रुपये लेकर दुकान (कमरा) आवंटित की जाएगी, लेकिन उन्हें केवल 60 हजार रुपये की रसीद प्रदान की गई। साथ ही, कॉम्पलेक्स का निर्माण पूर्ण होने और अन्य दुकानों के आवंटन के बाद भी उन्हें अब तक दुकान आवंटित नहीं की गई है। इस प्रकरण में जनपद सीईओ वारासिवनी को आवश्यक कार्यवाही करने कहा गया हैं। डोंगरमाली सरपंच मनोज लिल्हारे ने बताया कि बस स्टैण्ड के पास में वर्षो से दुकानदारों के द्वारा कच्चे भवन में संचालित की जा रहीं थी, जिसके बाद हमारे प्रयास से पहले 10 कमरे का टीएस पंचायत निधी से निर्मीत किया गया हैं, 2 कमरे जनपद निधी से किया गया है। पंचायत निधी और जनपद निधी के 6 कमरे निर्माण पूर्ण हो गया है, 6 कमरे का निर्माणाधि कार्य है। जो शिकायत कर्ता के द्वारा 55 कमरे की बात कहीं जा रहीं हैं उस वक्त डोंगरमाली में कच्ची दुकान थीं और जर्जर हो चूंकि थी। दुकानदारों के द्वारा पंचायत में कई दफा आदेवन-निवेदन किया गया कि हम स्वंय ही उसी दुकान वाली भूमि पर पक्की दुकान का निर्माण कर ले। जब पंचायत की ग्राम सभा की बैठक हुई तो फिर पुनः दुकानदारों के द्वारा मांग रखी गई और उसी मांग को लेकर ग्रामीणों और दुकानदारों की मौजूदगीं में प्रस्ताव पास किया गया कि जिस दुकानदार की दुकान वर्षो पुरानी उसी स्थान पर हैं, वह पंचायत के द्वारा बोला गया कि दुकानदार ही स्वयं अपनी राशि से पक्की दुकान का निर्माण कार्य करें। उसी के तहत में लगभग 40 से अधिक दुकानदारों के द्वारा स्वयं की राशि से पक्की दुकान का निर्माण किया गया हैं। और जो आरोप पंचायत पर पैसा लेने का लगाया जा रहा हैं वह निराधार हैं। हमारे द्वारा जो शासकिय राशि से निर्माण काम्प्लेक्स का वितरण नहीं किया गया हैं और ना ही किसी दुकानदार से राशि ली गई हैं।

सरपंच श्री लिल्हारे ने कहा कि बाजार चौक डोंगरमाली में अब्दुल समी शेख की कोई भी पूर्व में दुकान नहीं थीं, वर्तमान में वह वारासिवनी में निवासरत हैं। उनके द्वारा कोई भी पैसा का लेन-देन नहीं हुआ हैं। उसका भाई सादिक के नाम से एक दुकान हैं। लेकिन समी शेख के द्वारा कहीं ना कहीं अपने भाई की दुकान पर कब्जा करने की नियत से यह शिकायत कर रहा हैं। पंचायत की झूठी और भ्रमीत शिकायत की जा रहीं हैं।

# दर्शक और खिलाड़ियों से मिले भारतीय हॉकी टीम के पूर्व कप्तान डॉ. दिलीप तिर्की, सांसद खेल महोत्सव का हुआ समापन

मण्डला(स्वतंत्रमत)

महात्मा गांधी स्टेडियम में आयोजित सांसद कप सीजन-3 के समापन समारोह में खेल उत्साह अपने चरम पर दिखाई दिया। कुलस्ते वेलफेयर फाउंडेशन के तत्वाधान में आयोजित इस प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि भारतीय हॉकी टीम के पूर्व कप्तान डॉ. दिलीप तिर्की रहे। समारोह के दौरान डॉ. तिर्की न केवल खिलाड़ियों से मिले बल्कि दर्शक दीर्घा में पहुंचकर खेल प्रेमियों का अभिवादन भी किया। उनके इस आत्मीय व्यवहार से दर्शक अभिभूत हो उठे और स्टेडियम तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। कार्यक्रम में सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते भी उपस्थित रहे। उन्होंने भी दर्शकों का अभिवादन स्वीकार किया और आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे खेल आयोजनों से युवाओं को नई दिशा और प्रेरणा मिलती है। सांसद श्री कुलस्ते ने अपने संबोधन में कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों की प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना अत्यंत आवश्यक है। सांसद कप जैसे आयोजन खिलाड़ियों के आत्मविश्वास को बढ़ाने और उन्हें आगे बढ़ने का अवसर देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। फग्गन सिंह कुलस्ते ने कहा कि सांसद कप का सफल आयोजन आप सभी के सहयोग से







संभव हो पाया है। उन्होंने क्रिकेट एवं हॉकी एसोसिएशन के पदाधिकारियों जिला प्रशासन नगर पालिका तथा खेल विभाग के योगदान के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि ऐसे ऐतिहासिक आयोजन सामूहिक प्रयासों से ही पूर्ण होते हैं। मंडला में आयोजित इस भव्य खेल महोत्सव में संसदीय क्षेत्र की आठों विधानसभाओं की टीमों के साथ-साथ देश के विभिन्न राज्यों से आई टीमों ने भी भाग लिया। खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए खेल भावना का परिचय दिया। सांसद ने सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर पूर्व भारतीय हॉकी कप्तान डॉ. दिलीप तिर्की का विशेष उल्लेख करते हुए कहा गया कि उनके नाम से हर खिलाड़ी परिचित है। उनके व्यक्तित्व और उपलब्धियों से प्रेरणा लेकर युवा खिलाड़ी आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का आयोजन प्रधानमंत्री के नेतृत्व में चलाए जा रहे खेलो इंडिया अभियान की भावना के अनुरूप किया गया। खेलों को प्रोत्साहन देने और युवाओं को सकारात्मक दिशा देने के उद्देश्य से आयोजित सांसद कप ने क्षेत्र में नई ऊर्जा का संचार किया। जबलपुर एयरपोर्ट से लेकर मंडला तक उनका जिस प्रकार भव्य स्वागत किया गया वह अत्यंत भावुक कर देने वाला है। उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र सदैव अपने खिलाड़ियों के योगदान के लिए जाना जाता रहा है और यहां की खेल परंपरा गौरवशाली रही है। उन्होंने विशेष रूप से जनजातीय क्षेत्र के खिलाड़ियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि यहां के लोगों में स्वाभाविक लगन अनुशासन और मेहनत की भावना होती है। ऐसे आयोजनों से उनकी प्रतिभा को निखारने और आगे बढ़ाने का सशक्त अवसर मिलता है। सांसद खेल महोत्सव जैसे मंच खिलाड़ियों के आत्मविश्वास को नई दिशा देते हैं। डॉ. दिलीप तिर्की ने कहा कि उनका सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते से काफी पुराना नाता रहा है। उन्होंने बताया कि कुलस्ते की सबसे बड़ी विशेषता लोगों से उनका आत्मीय जुड़ाव है। उनके प्रयासों से इस प्रकार का भव्य आयोजन होना सराहनीय है और इससे क्षेत्रीय प्रतिभाओं को राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचने का मार्ग मिलता है। उन्होंने यह भी स्मरण कराया कि हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के छोटे भाई रूप सिंह वर्ष 1974 में मंडला आए थे। यह इस क्षेत्र की ऐतिहासिक खेल परंपरा को दर्शाता है। डॉ. दिलीप तिर्की ने कहा कि मंडला आकर वे अभिभूत हैं। ग्राम पंचायतों से आए खिलाड़ियों ने अपने उत्कृष्ट खेल कौशल का प्रदर्शन किया है जिससे स्पष्ट होता है कि यहां का खेल स्तर बहुत अच्छा है। उन्होंने खिलाड़ियों को हमेशा ईमानदारी, अनुशासन और समर्पण के साथ खेलते रहने की प्रेरणा देते हुए कहा कि यदि वे सदैव अनुशासित रहकर खेलेंगे तो निश्चित ही बड़े मंचों तक पहुंचेंगे। कुलस्ते वेलफेयर फाउंडेशन के प्रेसीडेंट वेदप्रकाश कुलस्ते ने भी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विस्तार से सांसद खेल महोत्सव के बारे में बताया। उन्होंने इस सफल आयोजन के लिए सभी खिलाड़ियों को बधाई दी और कहा कि अगले वर्ष भी यह प्रयास रहेगा कि सांसद कप महोत्सव और बेहतर तरीके से आयोजित किया जाये। सांसद कप महोत्सव के समापन अवसर पर फाईनल मुकाबला सिद्धू इलेवन एवं शहपुरा सनराईजर्स के बीच खेला गया। सिद्धू इलेवन एमपी ने पहले बेटिंग करते हुए 20 ओवर में 202 रन, 9 विकेट खोकर बनाए। इसके खिलाफ शहपुरा सनराईजर्स की टीम 6 विकेट खोकर 167 रन बना सकी। मेन ऑफ द मैच का अवॉर्ड ऋिषीकेश पवार को दिया गया। शहपुरा सनराईजर्स की टीम के खिलाड़ी वंदित जोशी ने 52 गेंदों में 106 रन बनाए। प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का अवॉर्ड निशांत झा को दिया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम, नगरपालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा, पूर्व विधायक देवसिंह सैयाम, पूर्व विधायक रामप्यारे कुलस्ते, प्रफुल्ल मिश्रा, जयदत्त झा तथा पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा सहित अन्य खिलाड़ी, कोच, मेंटर एवं बड़ी संख्या में दर्शक विशेष रूप से उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन अखिलेश उपाध्याय द्वारा किया गया।

## जनसुनवाई में आवेदकों की समस्या

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** जिला योजना भवन में मंगलवार को आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई में कलेक्टर ने आमजनों की समस्याओं को संवेदनशीलता के साथ सुना। इस दौरान जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए आवेदकों ने अपनी समस्याओं और शिकायतों से संबंधित कुल 86 आवेदन प्रस्तुत किए। कलेक्टर ने संबंधित विभाग प्रमुखों को इन आवेदनों का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान कलेक्टर ने नगर पालिका और संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि शहर की स्वच्छता व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि शहर में विशेष साफ-सफाई अभियान चलाकर सार्वजनिक स्थानों पर कचरा संग्रहण और निपटान की पुख्ता व्यवस्था हो।

## कलेक्टर के निर्देश पर पड़ताल

**मण्डला(स्वतंत्र मत)।** जिले में संचालित हो रही बोर्ड परीक्षाओं को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर के निर्देशन में प्रशासनिक टीम द्वारा मैरिज गार्डनों और विवाह स्थलों का रात्रिकालीन औचक निरीक्षण किया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य परीक्षाओं के दौरान विद्यार्थियों को शांत वातावरण उपलब्ध कराना और ध्वनि प्रदूषण पर नियंत्रण रखना है नायब तहसीलदार रामसिंह उलाड़ी द्वारा बीती रात किए गए निरीक्षण के दौरान कुछ मैरिज गार्डनों में निर्धारित सीमा से अधिक शोर और तेज आवाज में डीजे बजता पाया गया।

## स्वैच्छिक रक्तदान शिविर सम्पन्न

**मण्डला(स्वतंत्र मत)।** शासकीय महाविद्यालय अंजनिया में रेड रिबन क्लब के तत्वावधान में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ प्रभारी प्राचार्य एवं रेड रिबन क्लब प्रभारी डॉ. नवीन कुमार हरदहा द्वारा रक्तदान कर किया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए रक्तदान कर मानवता के इस महादान में अपना योगदान दिया। रक्तदान करने वालों में सुयोग पटेल, पूर्णिमा झारिया, नारायण साहू, प्रद्युम्न जंघेला, पियूष पटेल, मयंक धुर्वे, आकाश पाण्डे, अभिषेक धुर्वे, उज्जवल मार्को, अमय मरावी एवं प्रवीण चन्देल शामिल रहे।

## पठार क्षेत्र किसान करेंगे 9 मार्च को धरना प्रदर्शन एवं क्रमिक हड़ताल

**नैनपुर (स्वतंत्र मत)।** पठार क्षेत्र में सिंचाई सुविधा हेतु किसानों द्वारा पानी उपलब्ध कराने शासन प्रशासन से लगातार अनेक वर्षों से मांग करते आ रहे हैं । परंतु किसानों की कोई सुनने वाला नहीं है अब किसानों ने बैठक कर सर्वसम्मति से निर्णय लिया है कि 9 मार्च 2026 सोमवार को बस स्टेण्ड डिठौरी में विशाल धरना प्रदर्शन करेगे तत्पश्चात उसी दिन से क्रमिक हड़ताल भी प्रारंभ किरगे। पठार क्षेत्र के समस्त किसान बन्धुओं से किसान संगठनों ने अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर सहयोग प्रदान करने की अपील किया है।

# भाजपा अजजा मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष का प्रथम आगमन, कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

मण्डला(स्वतंत्र मत)

भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जनजाति मोर्चा के नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष पंकज तेकाम के प्रथम आगमन पर जिले में स्वागत रैली निकाली गई। जो कि भाजपा कार्यालय पहुंची जहां पर कार्यकर्ताओं का उत्साह देखा गया। फूल-मालाओं और नारों के बीच प्रदेशाध्यक्ष सहित नवनियुक्त प्रदेश पदाधिकारियों का अभिनंदन किया गया। रैली के दौरान महापुरुषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया। भाजपा जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा के नेतृत्व में पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं से अभिनंदन कर संगठनात्मक एकजुटता का संदेश दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, श्यामा प्रसाद मुखर्जी, रानी दुर्गावती, राजा शंकर शाह एवं राजा रघुनाथ शाह के तैल्यचित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। इस अवसर पर मंचासीन अतिथियों में प्रदेश





उपाध्यक्ष नीरज मरकाम, मनोज आर्मो, प्रदेश महामंत्री सोहन सिंह, मंत्री संदीप कुलस्ते, एकता ठाकुर, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. संजय कुशराम, नगरपालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा, पूर्व विधायक देव सिंह सैयाम, पूर्व विधायक रामप्यारे कुलस्ते, छाया विधायक डॉ. विजय आनंद मरावी, जिला महामंत्री नरेश चंद्रौल, अजजा मोर्चा जिलाध्यक्ष डॉ. विजय सर्वटे सहित अनेक वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए अजजा मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष पंकज तेकाम ने कहा कि कोई व्यक्ति दुनिया के किसी भी कोने में चला जाए लेकिन अंत में वह अपने घर लौटता है। मंडला और डिंडोरी मेरा अपना घर है यहां आकर ऐसा लग रहा है जैसे अपने परिवार के बीच आया हूं। उन्होंने कहा कि अनुसूचित जनजाति समाज की उन्नति और सशक्तिकरण भाजपा की प्राथमिकता रही है। केंद्र में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बनी सरकार ने गांव-गांव तक सड़क, बिजली, पानी और आवास जैसी मूलभूत सुविधाएं पहुंचाई हैं। जब हमारी सरकार बनी तब हमने संकल्प लिया कि अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक विकास की रोशनी पहुंचेगी। आज मंडला सहित पूरे प्रदेश में जो विकास दिखाई दे रहा है, वह उसी संकल्प का परिणाम है। श्री तेकाम ने कहा कि आदिवासी अंचलों में शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के क्षेत्र में व्यापक काम हुआ है। वनाधिकार पट्टों का वितरण, जनजातीय छात्रों के लिए छात्रवृत्ति योजनाएं, आवास योजना और ग्रामीण सड़क निर्माण जैसे कार्यों ने जनजातीय क्षेत्रों को मुख्यधारा से जोड़ने का काम किया है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने में सेतु की भूमिका निभाएं। वहीं नवनियुक्त प्रदेश उपाध्यक्ष नीरज मरकाम ने अपने संबोधन में प्रदेश नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें पूर्व में भी विभिन्न दायित्वों का निर्वहन करने का अवसर मिला है और अब पुन: प्रदेश उपाध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया है। मैं पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ अनुसूचित जनजाति समाज की समस्याओं को संगठन के माध्यम से शासन तक पहुंचाने और उनके समाधान के लिए कार्य करूंगा। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की विशेषता यह है कि वह समर्पित कार्यकर्ताओं को निरंतर आगे बढ़ने का अवसर देती है। आज मंडला के अनेक कार्यकर्ता प्रदेश स्तर पर दायित्व निभा रहे हैं यह जिले के लिए गौरव की बात है उन्होंने कहा कि भाजपा संगठन बूथ स्तर तक मजबूत है और अनुसूचित जनजाति मोर्चा संगठन की रीढ़ की हड्डी के रूप में कार्य कर रहा है। आने वाले समय में संगठन और अधिक सशक्त होकर जनता के बीच कार्य करेगा। कार्यक्रम का संचालन कर रहे अजजा मोर्चा के जिलाध्यक्ष डॉ. विजय सर्वटे ने कहा कि मंडला की धरती वीरों और त्यागियों की भूमि है। यहां के कार्यकर्ता सदैव संगठन के प्रति समर्पित रहे हैं। वहीं कार्यक्रम के अंत में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ मध्य क्षेत्र के शहर बौद्धिक प्रमुख एवं मध्य प्रदेश भाजपा के पूर्व प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा की माताजी के निधन का शोक संदेश प्राप्त हुआ। इस पर उपस्थित सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने गहरा शोक व्यक्त किया तथा दो मिनट का मौन धारण कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

## खोखले हुए महिला आरक्षण दावे

मण्डला(स्वतंत्र मत)

मध्यप्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं को आरक्षण देने की बात यहां वहां खूब की जाती है लेकिन महिला आरक्षण के दावों की पोल हमेशा खुलती रहती है आरक्षण की पोल तब खुल गई है जब शिक्षक चयन परीक्षा वर्ग 2 पास महिलाओं को अभी तक सरकारी स्कूलों में अगस्त नहीं किया गया है शिक्षक चयन परीक्षा वर्ग 2 पास महिलाओं ने 80 प्रतिशत ऊपर से अंक लाया है अतिथि शिक्षक का अनुभव प्रमाण पत्र है ईडब्ल्यूएस का सर्टिफिकेट है इसके बावजूद ऐसी महिलाओं का चयन मध्य प्रदेश के जिले से नहीं हुआ है मंडला जिला आदिवासी बाहुल्य जिला है इसके बावजूद यहां पर सरकार द्वारा गंभीरता पूर्वक इस विषय पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है महिलाएं लगातार मांग कर रही हैं कि तत्काल 80 प्रतिशत ऊपर अंक लाने वाली महिलाओं जिनके पास अतिथि शिक्षक और ईडब्ल्यूएस का सर्टिफिकेट है उन्हें तत्काल सरकारी स्कूलों में पदस्थ किया जाए महिला आरक्षण का लाभ दिया जाए ताकि महिलाओं को न्याय मिल सके।

## टीएलएम प्रदर्शनी का हुआ आयोजन

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** पीएम श्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय महाराजपुर में शिक्षण सहायक सामग्री टीएलएम प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं में रचनात्मकता नवाचार एवं प्रयोगात्मक शिक्षण को बढ़ावा देना था। विद्यालय परिसर में आयोजित इस प्रदर्शनी में छात्राओं ने विभिन्न विषयों से संबंधित स्वनिर्मित शिक्षण सामग्री का आकर्षक प्रदर्शन किया कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से योजना अधिकारी एलएस मसराम विशेष रूप से उपस्थित रहे साथ ही विद्यालय के प्राचार्य बिंझिया मुकेश पांडे ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की अतिथियों ने छात्राओं द्वारा तैयार चार्ट, मॉडल, वर्कबुक, वर्णमाला सामग्री तथा विभिन्न विषयों के वर्किंग मॉडल का अवलोकन किया। छात्राओं ने आत्मविश्वास के साथ अपने प्रोजेक्ट प्रस्तुत करते हुए अतिथियों द्वारा पूछे गए प्रश्नों के संतोषजनक उत्तर दिए और यह भी बताया कि उनकी तैयार की गई सामग्री शिक्षण प्रक्रिया में किस प्रकार उपयोगी सिद्ध होगी प्रदर्शनी में विज्ञान, गणित, सामाजिक विज्ञान, भाषा एवं



पर्यावरण अध्ययन जैसे विषयों से संबंधित सामग्री प्रदर्शित की गई। विशेष बात यह रही कि विद्यालय द्वारा उपलब्ध कराई गई सामग्री के अतिरिक्त छात्राओं ने अनुपयोगी एवं कबाड़ सामग्री का रचनात्मक उपयोग कर आकर्षक एवं उपयोगी मॉडल तैयार किए। इससे छात्राओं की नवाचारी सोच, पर्यावरण के प्रति जागरूकता तथा संसाधनों के सदुपयोग की भावना स्पष्ट रूप से परिलक्षित हुई अतिथियों ने छात्राओं की कल्पनाशक्ति, रचनात्मकता, प्रस्तुतीकरण कौशल एवं सृजनशीलता की मुक्त कंठ से सराहना की।

## अवैध बेसमेंट निर्माण पर कानूनी कार्यवाही

मण्डला(स्वतंत्रमत)

कलेक्टर के निर्देश एवं एसडीएम श्रीमती सोनल सिडाम के मार्गदर्शन में जिले में अवैध निर्माण कार्यों के विरुद्ध सतत कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में मंगलवार को तहसील कार्यालय के समीप अनुमति के विपरीत किए जा रहे निर्माण कार्य पर राजस्व और नगरपालिका की संयुक्त टीम ने कार्रवाई की है तहसील कार्यालय के सामने गीता राय निशा जायसवाल एवं गीत जायसवाल द्वारा भवन निर्माण का कार्य किया जा रहा था। जांच के दौरान पाया गया कि संबंधित पक्षों द्वारा प्रशासन से प्राप्त अनुमति की



शर्तों का उल्लंघन करते हुए अवैध रूप से बेसमेंट का निर्माण किया जा रहा था। शिकायत और जांच की पुष्टि होने पर नायब तहसीलदार राम सिंह उलाड़ी के नेतृत्व में राजस्व विभाग और नगरपालिका की टीम ने मौके पर पहुंचकर नियमों के विरुद्ध हो रहे निर्माण कार्य को तत्काल प्रभाव से बंद करवा दिया गया। साथ ही मौके पर मौजूद निर्माण सामग्री को नगरपालिका एवं राजस्व टीम द्वारा संयुक्त रूप से जब्त किया गया। कार्यवाही के दौरान आरआई, नगरपालिका एवं राजस्व का अमला उपस्थित थे।

## गुम मोबाइल वैध धारकों को लौटाए

मण्डला(स्वतंत्रमत)

पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा के निर्देशन में आमजन के गुम हुए मोबाइल फोन की शीघ्र बरामदगी हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत 24 फरवरी को पुलिस कंट्रोल रूम में रिकवर किए गए मोबाइल फोन उनके वैध मोबाइल धारकों को प्रदान किए गए। इस अवसर पर मुख्यालय स्तर पर पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा द्वारा थाना कोतवाली एवं थाना महाराजपुर क्षेत्र अंतर्गत गुम हुए कुल 171 मोबाइल फोन तथा अनुविभागीय स्तर पर जिले के समस्त थानों द्वारा बरामद कुल 253 मोबाइल फोन जिनकी अनुमानित कीमत लगभग 38 लाख रुपये है मोबाइल धारकों को सुपुर्द किए गए



अपने गुम मोबाइल वापस प्राप्त कर हितग्राहियों द्वारा पुलिस का आभार व्यक्त किया गया आमजन की सहूलियत को दृष्टिगत रखते हुए जिला मुख्यालय के अतिरिक्त मोबाइल फोन का डिसेंट्रलाइज्ड डिस्ट्रीब्यूशन विकेंद्रीकृत वितरण थाना स्तर पर भी किया जा रहा है जिससे नागरिकों को शीघ्र एवं आसानी से अपने मोबाइल प्राप्त हो सकें साथ ही कान्हा नेशनल पार्क से लगे दूरस्थ क्षेत्रों में माइक्रोबीट अधिकारियों द्वारा फरियादियों के घर पहुंचकर भी मोबाइल सुपुर्द किए जा रहे हैं। कंट्रोल रूम में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक शफीक खान, थाना प्रभारी महाराजपुर जयसिंह यादव, मोबाइल धारक उनके परिजन एवं पत्रकार बंधु सहित साइबर सेल के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## गोंदिया-नैनपुर-गढ़ा मार्ग पर मेमू ट्रेन बनी सिरदर्द

### निर्धारित समय से अक्सर घण्टो लेट चलती है ट्रेन

नैनपुर (स्वतंत्र मत)

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के नागपुर डिवीजन में गढ़ा-नैनपुर-गोंदिया रेल मार्ग पर चलने वाली मेमू ट्रेन की लेटलतीफी से रेल यात्री खासे परेशान हैं। गाड़ी संख्या 68818 गढ़ा-नैनपुर-गोंदिया और 68817 गोंदिया-नैनपुर-गढ़ा आए दिन घंटों देरी से चल रही हैं । जिससे यात्रियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। इस रेल मार्ग पर यात्रियों की सुविधा और प्रत्येक स्टेशनों व पब्लिक हाल्ट से यात्रियों को रेल यात्रा करने के उद्देश्य से मेमू ट्रेन को चलाया गया था। मगर इस यात्री गाड़ी की



अक्सर लेट लतीफी ने रेल यात्रियों को सुविधा कर नाम पर असुविधा परोसना शुरू कर दिया है। यात्रियों का आरोप है कि डिवीजन कंट्रोलर का पूरा ध्यान मालगाड़ियों को पास कराने पर रहता है। जबकि यात्री गाड़ियां स्टेशनों और आउटर पर खड़ी रहती हैं। गोंदिया से आने वाली इस ट्रेन को जबलपुर-नैनपुर-चंडाफोर्ट और जबलपुर-नैनपुर-रायपुर मूकमाटी इंटर शिटी गाड़ी की क्रासिंग का भी खामियाजा भुगतना पड़ता है। लिहाजा यह ट्रेन अपने निर्धारित समय मे सफर पूरा नही कर पाती है। इससे गोंदिया से आगे की यात्रा करने वाले यात्रियों की परेशानी बढ़ गई है।स्थानीय स्टेशनों के स्टेशन मास्टर भी यात्रियों के दबाव में असहाय नजर आते हैं। यात्रियों के अनुसार, ट्रेन समय पर गोंदिया पहुंचे तो आगे जाने के लिए चार से पांच अन्य ट्रेनें मिल जाती हैं। लेकिन देरी के कारण कनेक्टिंग ट्रेन छूट जाती है और कई यात्रियों की आरक्षित टिकटें भी रद्द हो जाती हैं। यात्रियों का कहना है कि घंटों स्टेशन पर बिना चाय-पानी के इंतजार करना पड़ता है, जिससे बुजुर्ग, महिलाएं और बच्चे विशेष रूप से प्रभावित होते हैं। उन्होंने रेलवे प्रशासन से मांग की है कि यात्री सुविधाओं को प्राथमिकता दी जाए और मेमू ट्रेनों का संचालन समयबद्ध किया जाए।

## आम सूचना

सर्वधारण को सूचित किया जाता है कि मैं गेंदलाल सिंगौर पिता श्री भोला प्रसाद सिंगौर आयु करीब 47 साल निवासी सुहाने होम्स कॉलोनी सहस्त्रधारा रोड देवदरा मण्डला तहसील जिला मण्डला का निवासी हूं। मैं कथन शपथ करता हूं कि मेरे नाम से जारी ड्रायविंग लायसेंस क्रमांक MP.51.200600002023 जारी दिनांक 24.01.2006 जारी किया गया है जिसमें मेरा नाम अंग्रेजी में MR GAND LAL SINGOUR एवं मेरे पिता का नाम SHRI B.P.SINGOUR तथा मेरा पूर्व पता ग्राम ढेको जिला मण्डला दर्ज है। जबकि मेरा का सही नाम अंग्रेजी लिपि में नाम GEND LAL SINGOUR है एवं मेरे पिता की सही नाम BHOLA PRSASAD SINGOUR है जो नाम मेरे आधार पत्र, शैक्षणिक दस्तावेजों एवं अन्य दस्तावेजों में दर्ज है। तथा मैं वर्तमान में सुहाने होम्स कॉलोनी सहस्त्रधारा रोड देवदरा मण्डला तहसील जिला मण्डला निवास करने लगा हूं जो मेरा स्थाई पता है। मेरे एवं मेरे पिता के नाम में स्पेलिंग मिस्टेक होने से अनेक असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा है। उक्त MR GAND LAL SINGOUR एवं GEND LAL SINGOUR दोनों नाम मेरे ही है तथा SHRI B.P.SINGOUR एवं BHOLA PRSASAD SINGOUR दोनों नाम मेरे पिता के ही है जो एक ही व्यक्ति है जो सही है। अतः मेरे उक्त द्वारा लायसेंस में मेरा नाम GEND LAL SINGOUR मेरे पिता का नाम BHOLA PRSASAD SINGOUR एवं मेरा पता सुहाने होम्स कॉलोनी सहस्त्रधारा रोड देवदरा मण्डला तहसील जिला मण्डला दर्ज किए जाने शपथ पत्र संबंधित कार्यालय के पक्ष में दे रहा हूं।

**शपथकर्ता**
**गेंदलाल सिंगौर**
**पिता श्री भोला प्रसाद सिंगौर**
**निवासी सुहाने होम्स कॉलोनी**
**सहस्त्रधारा रोड देवदरा मण्डला**

संपादकीय

# सनातन-पुरुष पर घमासान

हिंदुत्व और सनातन की कट्टर समर्थक, पैरोकार भाजपा की सरकार में सनातन-पुरुष पर ही घमासान क्यों मचा है? आश्चर्य है कि उप्र में यह क्या हो रहा है? बात ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती की है जिनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। महाकुंभ के दौरान यही यूपी सरकार शंकराचार्य के पांव में पलक-पांवड़े बिछा रही थी। आरोप अश्लील हैं कि उन्होंने और उनके शिष्य ने दो नाबालिग शिष्यों का यौन शोषण किया। जिस आशुतोष ब्रह्मचारी नामक कथित साधु ने अदालत में शिकायत दर्ज की थी, वह भी एक और संन्यासी, कथित जगद्गुरु रामभद्राचार्य का शिष्य बताया जा रहा है। पॉक्सो की विशेष अदालत में जज के सामने धारा 164 के तहत नाबालिग शोषितों के बयान भी दर्ज करा दिए गए हैं। चूंकि मामला पॉक्सो का है, लिहाजा बेहद संवेदनशील है। क्या शंकराचार्य को जेल भी भेजा जा सकता है? यदि ऐसा हुआ, तो बड़ा धार्मिक वज्रपात होगा, क्योंकि शंकराचार्य कोई व्यक्ति नहीं, बल्कि सनातन के शिखर-पुरुष हैं, सर्वोच्च धर्मगुरुओं में शामिल हैं। जिस साधु-संत के असंख्य श्रद्धालु हैं, उप्र के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य जिन्हें 'भगवान' मान कर प्रणाम करते हैं, एक और उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, शंकराचार्य के ही बटुकों की शिखा खींचने को 'महापाप' करार देते हैं और अपने आवास पर बटुकों का सम्मान करते हैं, उसी शख्स के शंकराचार्य होने पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सवाल उठाए थे।

जिनके पदनाम पर सर्वोच्च अदालत ने अभी तक कोई फैसला नहीं सुनाया है, जो शंकराचार्य सनातन के शिखर संतों में एक हैं और आदि शंकराचार्य की प्रतिमूर्ति हैं, उन्हें ही दुराचारी और बलात्कारी करार क्यों दिया जा रहा है? इन आरोपों की तुलना आसाराम बापू के केस से नहीं की जा सकती, क्योंकि उसमें बलात्कार की निरंतर पीड़िता नाबालिग कन्या के परिजनों ने भी शिकायतें दर्ज कराई थीं। मीडिया के सामने आकर दुष्कर्म-कथा सुनाई थी। आसाराम को 'भगवान' मानने वालों की भी कमी नहीं थी। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी तक उनके 'भक्त' थे। मौजूदा प्रधानमंत्री मोदी की आस्था, श्रद्धा भी उनके प्रति थी। आसाराम कई सालों से जेल में हैं। बीते दिनों स्वास्थ्य आधार पर उन्हें अंतरिम जमानत दी गई थी। क्या शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद भी यौनाचारी हैं अथवा शंकराचार्य पद की लड़ाई यौन शोषण तक मोड़ दी गई है? देश के तीन और शंकराचार्य तथा बड़े मठाधीश साधु-संत, महामंडलेश्वर और समूचे अखाड़े खामोश क्यों हैं? यह प्रहार किसी व्यक्ति पर नहीं, बल्कि सनातन धर्मगुरु पर किया गया है। यह पारदर्शी और स्पष्ट होना चाहिए। यदि आरोप फर्जी और बेबुनियाद हैं, तो शिकायतकर्ता को नहीं बख्शना चाहिए। सवाल है कि पीड़ित नाबालिगों के माता-पिता कहां हैं और उनके बयान सामने क्यों नहीं आए हैं? ऐसा लगता है कि यह लड़ाई शंकराचार्य और रामभद्राचार्य सरीखे साधुओं के दरमियान है, क्योंकि दोनों ही एक-दूसरे पर बयान-कीचड़ फेंक रहे हैं। क्या साधु-संन्यासी होने के बाद भी ऐसी खुन्नस, ईर्ष्या, विद्वेष के भाव रहने चाहिए? लानत है। दरअसल यौन शोषण को एक मुद्दा बना लिया गया है। माघ मेले के दौरान शंकराचार्य और उप्र प्रशासन के बीच विवाद पैदा किए गए। उसी का निष्कर्ष यौन शोषण का आरोप लगता है। दरअसल जिस कथित महाराज ने शंकराचार्य पर यौनाचार के आरोप लगाए हैं, उन पर 21 केस या तो अदालत के विचाराधीन हैं अथवा कुछ निपट गए हैं। यानि उनका अपना जीवन आपराधिक रहा है।

# पर्यावरण सुधारने से बचेगी चारोंधाम की पवित्रता और अस्तित्व

योगेंद्र योगी

बद्रीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) ने कहा है कि उसके अधिकार क्षेत्र में आने वाले 47 प्रमुख मंदिरों में गैर-हिंदुओं के प्रवेश पर रोक के प्रस्ताव में जैन, सिख और बौद्ध समुदायों को छूट दी जाएगी। समिति की तरफ से कहा गया है कि मामला किसी विशेष धर्म का नहीं, बल्कि आस्था और धार्मिक अनुशासन का है, जो भी सनातन धर्म में आस्था रखता है, उसके लिए बदरीनाथ और केदारनाथ धाम के द्वार खुले हैं। उसके पवित्र स्थलों की मूल प्रकृति को बनाए रखने के लिए सख्त कदम जरूरी है। प्रस्ताव का यह प्रतिबंध केवल मुस्लिम और ईसाई समुदाय पर लागू होगा। जैन, सिख और बौद्ध समुदाय को छूट देने के पीछे तर्क दिया गया है कि अनुच्छेद 25 के तहत इन्हें हिन्दू परंपरा के अंतगर्त माना गया है। इस प्रस्ताव को जनवरी के अंत या फरवरी की शुरुआत में होने वाली बोर्ड बैठक में मंजूरी के लिए रखा जाएगा। सवाल यही है कि सिर्फ मुस्लिम और ईसाइयों को बाहर रखने से ही क्या मंदिरों की पवित्रता बची रहेगी। क्या यही असली चुनौती है। चारो धाम पर जो पर्यावरण का खतरा सिर पर मंडरा रहा है, उससे पवित्रता खतरे में नहीं है। हिन्दुओ के चार वेद एवं 18 पुराणों में से एक प्रमुख स्कंद पुराण में की गई भविष्यवाणी के अनुसार कलियुग के हजारों वर्षों बाद और इसके अंत से पूर्व केदारनाथ धाम और बद्रीनाथ धाम जैसे प्रमुख तीर्थ स्थल अदृश्य हो जाएंगे या नष्ट हो जाएंगे। इस भविष्यवाणी का तात्पर्य यह बिल्कुल नहीं है की कोई शक्ति जाकर इन मंदिरों को तोड़ देगी या नष्ट कर देगी। बल्कि स्कंद पुराण के अनुसार कलियुग के अंत में जब धर्म का पतन अपने चरम पर होगा, तब यह दिव्यस्थल अपनी आध्यात्मिक शक्ति को समेट लेंगे और अदृश्य या भक्तों की पहुंच से दूर हो जाएंगे।

उपरोक्त भविष्यवाणी यह चेतावनी है कि कलियुग में हमें धर्म का पालन करना चाहिए, ताकि कलयुग में पवित्र स्थल और उनकी कृपा हम पर बनी रहे। साल 2013 में केदारनाथ में भीषण आपदा को भी कुछ लोग इस भविष्यवाणी की झलक मानते हैं। 15 जून 2025 को रुद्र प्रयाग में एक हेलिकाप्टर दुर्घटना ग्रस्त हो गया है। जिसमें सवार सभी तीर्थ यात्रियों के मृत्यु हो गई। कुछ लोग इसे वर्तमान परिस्थितियों के अनुसार आधुनिक दृष्टिकोण के रूप में प्रतीकात्मक मानते हैं कि अगर हम पर्यावरण का नाश करेंगे तो धर्म हमसे दूर होता चला जाएगा। मौजूदा दौर में प्राकृतिक आपदाएं या सामाजिक पतन की घटनाओं में वृद्धि हो रही है। ये इस बात का संकेत है कि इस पूरे क्षेत्र में दशकों से चले आ रहे प्राकृतिक संसाधनों के अत्यधिक दोहन ने हालात बिगाड़ दिए हैं। इसके बावजूद जितनी गंभीरता से पर्यावरण को बचाने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं, वे ऊंट के मुंह में जीरे के समान है।

**साल 2013 में केदारनाथ में भयंकर विनाशकारी आपदा आई थी। केदारनाथ आपदा में 4400 से अधिक लोग मारे गए। 7 फरवरी 2022 को धौली और ऋषि गंगा का ऐसा सैलाब आया, जिसमें सैकड़ों जिंदगियां दफ्न हो गई थी। इस आपदा ने न सिर्फ 204 लोगों की जान ले ली, बल्कि अपने रास्ते में आने वाले सभी बुनियादी ढांचों को नष्ट कर दिया।**



साल 2013 में केदारनाथ में भयंकर विनाशकारी आपदा आई थी। केदारनाथ आपदा में 4400 से अधिक लोग मारे गए। 7 फरवरी 2022 को धौली और ऋषि गंगा का ऐसा सैलाब आया, जिसमें सैकड़ों जिंदगियां दफ्न हो गई थी। इस आपदा ने न सिर्फ 204 लोगों की जान ले ली, बल्कि अपने रास्ते में आने वाले सभी बुनियादी ढांचों को नष्ट कर दिया। आपदा में करीब 1,625 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ था। उत्तराखंड चारधाम यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या साल दर साल बढ़ती जा रही है। वर्ष 2025 में 51 लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं ने चारों धामों के दर्शन किए, जो पिछले साल अर्थात 2024 की तुलना में 4 लाख 35 हजार अधिक है।

केदारनाथ यात्रा के दौरान डेढ़ से 2 टन कचरा रोजाना उत्पन्न होता है। वर्ष 2025 की यात्रा के दौरान केदारनाथ धाम में रिकॉर्ड 17.68 लाख भक्तों ने लगभग कुल 2300 टन से अधिक कचरा फैलाया है, जिसमें 100 टन प्लास्टिक शामिल है। हिमालयी क्षेत्र में कूड़ा जलाने पर बैन होने के कारण, इस मलबे को खच्चरों द्वारा सोनप्रयाग नीचे लाने में 25 करोड़ से अधिक की लागत आ रही है। यह कचरा पिछले साल की तुलना में 325 टन अधिक है। जिसमें 2200 टन ठोस कचरा और लगभग 100 टन प्लास्टिक शामिल है। हर तीर्थयात्री ने औसतन 1.5 किलो से ज्यादा कचरा छोड़ा। भारी मात्रा में प्लास्टिक कचरा हिमालयी पारिस्थितिकी तंत्र के लिए एक बड़ा खतरा बन गया है। यह कचरा 23 अक्टूबर 2025 को कपाट बंद होने के बाद सफाई अभियान के दौरान गौरीकुंड से केदारनाथ के बीच मिला।

जीबी पंत राष्ट्रीय हिमालय पर्यावरण एवं सतत विकास संस्थान, अल्मोड़ा और उत्तराखंड औद्योगिक एवं वानिकी विश्वविद्यालय की एक रिपोर्ट के मुताबिक चारधाम में बढ़ती श्रद्धालुओं की भीड़ ग्रीष्मकालीन के साथ ही शीतकालीन गतिविधियों को भी प्रभावित कर रही है। ऐसे में ग्लेशियरों के पीछे खिसकने की वजह से भूस्खलन हिमस्खलन चट्टानों के गिरने समेत खतरों को बढ़ा रहा है। यही नहीं, ग्लेशियर के पीछे हटने से हैकिंग ट्रेल्स और पर्वतारोहण मार्गों में भी बदलाव आ रहे हैं। लिहाजा, चारधाम में बढ़ रही भक्तों की भीड़ की वजह से पर्वतीय पर्यटन पर प्रभाव पड़ रहा है। मुख्य रूप से, श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ाने की वजह से चारधाम यानी बदरीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के समीप मौजूद ग्लेशियर न सिर्फ तेजी से पिघल रहे हैं बल्कि सालाना धामों के तापमान भी 0.02 से 0.05 डिग्री तक की बढ़ोतरी हो रही है।

दिसंबर 2025 में सुप्रीम कोर्ट ने उत्तराखंड में हजारों एकड़ वन भूमि पर अतिक्रमण का स्वत: संज्ञान लेते हुए कहा था कि राज्य तंत्र की विफलता के कारण 23 साल लग गए और अधिकारी सब कुछ देखते हुए भी शांत बने रहे। सुप्रीम कोर्ट ने उत्तराखंड में वन भूमि पर अवैध अतिक्रमण और कॉर्बेट नेशनल पार्क में अवैध निर्माण/पेड़ों की कटाई पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए राज्य सरकार को मूकदर्शक बने रहने के लिए कड़ी फटकार लगाई थी। कोर्ट ने अतिक्रमण हटाने, जांच के लिए समिति गठित करने और पारिस्थितिक नुकसान की भरपाई करने के निर्देश दिए थे। उत्तराखंड में हज़ारों हेक्टेयर वन भूमि पर अवैध कब्ज़े के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि राज्य में कार्यकारी पद पर आसीन प्रत्येक व्यक्ति इस लापरवाही के लिए जवाबदेह है। सुनवाई के दौरान अदालत ने सरकार को फटकार लगाते हुए पूछा कि आपको अवैध कब्ज़े का पता लगाने में 23 साल का समय लग गया। सुप्रीम कोर्ट की इस तल्ख टिप्पणी से अंदाजा लगाया जा सकता है कि उत्तराखंड सरकार को पर्यावरण बचाने की कितनी चिंता है, इसके विपरीत धार्मिक भावनाओं को भुनाने के लिए पवित्रता बचाने की कवायद की जा रही है।

उत्तराखंड में मानवीय गतिविधियों के विस्फोट से ये भयावह हालात पैदा हुए हैं। व्यवसायिक गतिविधियों के लालच ने उत्तराखंड को विनाश के कगार पर धकेला है। इंसानों द्वारा प्रकृति को दिए गए घावों से उत्तराखंड कराह रहा है। हालात ये हैं कि पर्यटन और धार्मिक आस्था के नाम पर उत्तराखंड पर लगातार दबाव बढ़ता जा रहा है। देवताओं का निवास माने जाने वाला यह प्रदेश इस दबाव को सहन करने की शक्ति खोता चला रहा है। उत्तराखंड चारधाम यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या साल दर साल बढ़ती जा रही है। उत्तराखंड के चारधामों में क्षमता से अधिक श्रद्धालुओं का आना हिमालय की पारिस्थितिकी और पर्यावरण के लिए भविष्य में खतरा बन सकते हैं। बड़ा सवाल यही है कि स्कंद पुराण की भविष्यवाणी के मुताबिक उत्तराखंड के तीर्थस्थल हीं नहीं रहेंगे तो पवित्रता का क्या होगा। पर्यावरण बर्बाद होने के कारण ऐसे हालात बनते दिखाई दे रहे हैं। बेहतर यही है कि धर्म के आधार पर लोगों को बांटने की कोशिश के बजाए उत्तराखंड की वास्तविक चुनौतियों का समाधान ढूंढा जाए।

# वाणिज्य समझौते पर पुनर्दृष्टि



आदित्य नारायण चौपड़ा

लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं

अमेरिका से हुए व्यापार समझौते के मोटे प्रारूप (फ्रेमवर्क) के कानूनी ब्यौरे को अन्तिम स्वरूप देने वाली वार्ता को भारत ने फिलहाल आगे के लिए टाल दिया है। यह वार्ता वाशिंगटन में सोमवार से होने वाली थी। जाहिर है कि भारत की मोदी सरकार चाहती है कि दोनों देशों के बीच आपसी कारोबार की शर्तें अब अमेरिका के सुप्रीम या सर्वोच्च न्यायालय द्वारा राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की एकतरफा घोषित शुल्क के विरुद्ध दिये गये फैसले की रोशनी में तय होनी चाहिए। अमेरिकी सर्वोच्च न्यायालय ने दो दिन पहले ही साफ कर दिया था कि ट्रम्प ने संविधान के जिस 'इंटरनेशनल इमरजेंसी इकोनामिक पावर्स एक्ट' के तहत दुनिया के विभिन्न देशों के आयातित माल पर मनमाफिक शुल्क दरें निर्धारित की हैं वे अवैध हैं और राष्ट्रपति के अधिकार क्षेत्र से बाहर हैं क्योंकि ऐसा करने के लिए उन्होंने अमेरिकी संसद (कांग्रेस) की स्वीकृति नहीं ली है। इस फैसले के तुरन्त बाद ट्रम्प ने अमेरिका के संविधान के एक अन्य अनुच्छेद का प्रयोग करते हुए 150 दिन या पांच महीने के लिए अमेरिका में आने वाले समस्त आयातित माल पर पहले 10 प्रतिशत शुल्क लगाने की घोषणा की और बाद में उसे बढ़ा कर 15 प्रतिशत कर दिया।

भारत के साथ बनी व्यापार सहमति के अन्तर्गत यह शुल्क दर 18 प्रतिशत रखी गई थी अत: अब भारत से निर्यातित माल पर यही दर लगेगी। मगर सबसे बड़ा सवाल यह है कि भारत व अमेरिका के बीच जिस कारोबार फ्रेमवर्क की घोषणा पिछले दिनों हुई थी उसकी सर्वोच्च न्यायालय के फैसले की रोशनी में अब स्थिति क्या होगी? इस बारे में देश के कुछ विशिष्ट आर्थिक पंडितों की राय है कि वह फ्रेमवर्क या व्यापार प्रारूप अब केवल 'उद्देश्यात्मक या इच्छा शक्ति का वक्तव्य' बन कर रह जायेगा। इस फ्रेमवर्क के घोषणा पत्र पर दोनों ही देशों के कार्यकारी राज प्रमुखों ने हस्ताक्षर किये थे। वैश्विक गतिविधियों से जाहिर है कि जब से अमेरिका में जनवरी 2024 से राष्ट्रपति के पद पर डोनाल्ड ट्रम्प बैठे हैं तब से पूरी दुनिया की राजनीति में भारी उथल-पुथल चल रही है। विगत 2025 वर्ष के दौरान ट्रम्प की नीतियों की वजह से पूरे विश्व में 'आर्थिक समर' का ऐसा दौर शुरू हुआ है कि इसने दुनिया के सभी देशों में अपने-अपने आर्थिक हित संरक्षण का अभियान चला दिया है। निश्चित रूप से इसे 'आर्थिक कोल्ड वार' का नाम दिया जा सकता है। मगर सबसे बड़ा परिवर्तन यह हुआ है कि ट्रम्प की नीतियों की वजह से इस कोल्ड वार के चलते विश्व का शक्ति क्रम गड़बड़ा गया है और विश्व व्यापार संगठन पूरी तरह से अप्रासंगिक हो गया है।

ट्रम्प ने द्विपक्षीय आधार पर जिस तरह दुनिया के बीस से अधिक आर्थिक क्षमता वाले देशों के साथ व्यापार समझौते किये उनसे विश्व व्यापार संगठन में विकसित देशों व विकासशील देशों के बीच जो न्यायप्रिय व्यापारिक सन्तुलन बना था वह पूरी तरह क्षत- विक्षत हो चुका है अत: ऐसे वातावरण में अमेरिकी सर्वोच्च न्यायालय का अमेरिका की एकतरफा शुल्क नीति के खिलाफ आया फैसला विकासशील देशों के लिए 'रामबाण' की तरह है। भारत बेशक फिलहाल दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है मगर यह एक विकासशील देश ही है क्योंकि इसके 80 प्रतिशत से ज्यादा नागरिकों की हैसियत अभी भी विकसित देशों के नागरिकों के मुकाबले बहुत कमजोर है।

अत: भारत को यह सोचना होगा कि वह फैसले के बाद बने नये वातावरण का अधिकतम लाभ अपने हित में किस प्रकार उठाये? इस सन्दर्भ में भारत ने कुछ दिनों पहले ही जो व्यापार समझौता यूरोपीय संघ के 27 देशों के साथ किया है वह नजीर बन सकता है। इस समझौते में भारत ने यूरोपीय देशों को निर्यात होने वाले उस भारतीय माल पर जीरो प्रतिशत शुल्क की छूट ली है जिसके उत्पादन करने में भारत में श्रमिक बल व हुनर की आवश्कता पड़ती है। अत: अमेरिका के साथ भी व्यापार शर्तें निर्धारित करते हुए भारत अपने श्रममूलक उद्योगों का संरक्षण करने की कोशिश कर सकता है।

यूरोपीय संघ के साथ हुए समझौते में भारत ने अपने कृषि क्षेत्र को भी पूरी तरह संरक्षित किया है। इसके साथ ही भारत की कोशिश हो सकती है कि वह अमेरिका से आने वाले अर्थात आयातित माल पर शुल्क दरें इस प्रकार लगाये कि भारत में ऐसे क्षेत्रों में स्थापित उत्पादन इकाइयों की उत्पादकता पर प्रभाव न पड़े। लेकिन इसके साथ-साथ भारत को अपने लोगों की क्रय क्षमता को भी ध्यान रखना होगा और उपभोक्ताओं को राहत भी देनी होगी अत:वह अमेरिकी आयातित माल पर अन्ध विराम नहीं लगा सकता है। विशेषकर उच्च टैक्नोलोजी व रक्षा टैक्नोलोजी के क्षेत्र में इसे अमेरिका को उचित स्थान देना ही होगा। हमें यह भी समझना होगा कि जब किन्हीं दो देशों के बीच व्यापार समझौते होते हैं तो उनका असर वैश्विक रणनीतिक मामलों पर भी पड़ता है अत: रूस के साथ भारत के जो ऐतिहासिक मधुर सम्बन्ध हैं वे किसी भी तरह से प्रभावित न हों। मगर अमेरिका के सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिये गये फैसले का दूसरा असर यह भी हो सकता है कि दुनिया में बहुध्रुवीय शक्ति सन्तुलन की धारा बहने लगे क्योंकि अभी तक विश्व के विभिन्न अन्तर्राष्ट्रीय संगठनों पर अमेरिका व यूरोपीय देशों का ही दबदबा रहा है जबकि ब्रिक्स (ब्राजील-रूस- भारत-चीन व दक्षिण अफ्रीका) जैसा संगठन बनने के बाद वैश्विक स्तर पर कारोबारी समीकरण बदलने की दिशा में चलने लगे थे।

मगर श्री ट्रम्प ने अपनी शुल्क नीति के जरिये पूरे व्यापारिक सन्तुलन को केवल अमेरिका के ही पक्ष में झुकाने का तरीका ढूंढने का प्रयास किया। यही वजह रही कि पूरी दुनिया के देश उनकी इस नीति को विश्व के समरूपी विकास के सिद्धान्त के विरुद्ध मानने लगे थे और चिन्तित थे क्योंकि द्वितीय विश्व युद्ध के बाद बने संयुक्त राष्ट्रसंघ का यही उद्देशय था।

# ज़िंदगी और छुट्टियां

संतोष उत्सुक

व्यंग्य

एआई से जो मर्ज़ी पूछ लीजिए, तनमन चाही जगहों पर अपनी तस्वीरें बनवा लीजिए लेकिन घुमक्कड़ी का लुत्फ़ उठाने के लिए वहां सशरीर ही जाना पडेगा। उससे पहले माल चाहिए और छुट्टी भी। एक बार मिली ज़िंदगी में सबसे ज़्यादा छुट्टियां सरकारी नौकरी में ही हो सकती हैं। पति या पत्नी सरकारी नौकरी में हों तो किस्मत और जुगाड़ दोनों जेब में रह सकते हैं। पोस्टिंग का प्रबंधन भी हो जाता है। सरकारी नौकरी की तो वाह वाह है जी। आम समाज में उन लोगों की सामाजिक रेटिंग कम रहती है जिनके परिवार से एक भी व्यक्ति सरकारी नौकरी में नहीं होता। सरकारजी के वश में हो तो सभी को सरकारी नौकरी दे दे और अपने वोट पक्के कर ले। नासमझ लोग आवाज़ उठाते रहते हैं कि एक परिवार से एक ही बंदा सरकारी नौकरी में होना चाहिए। वह बात दीगर है कि ऐसी बातों को मानवाधिकारों का हनन माना जाता है। सरकारी नौकरी करने वाले तो अपने बच्चों को भी ऐसी कोचिंग देते हैं कि वे किसी तरह सरकारी नौकरी में घुस जाएं। निजीकरण के ज़माने में भी सरकारी नौकरी की चाहत कम नहीं होती जी। छुट्टियों का खज़ाना जमा

आम तौर पर साल के दौरान होने वाली छुट्टियां, ज़िंदगी में बहार की तरह आती हैं लेकिन रविवार को घोषित छुट्टियां पतझड़ सी उदासी लाती हैं। अगर यही अवकाश दूसरे वार को हों तो मौसम सुहाना रहता है। कई बार वैकल्पिक अवकाश भी रविवार को आते रहे हैं जो अनचाही तेज़ बारिश वाले दिन की तरह होते हैं । कई त्योहारों या प्रसिद्ध जन्मदिन का अवकाश, शनिवार या सोमवार को रहता है तो स्थानीय मेला सा लगता है। अगर कोई छुट्टी दूसरे शनिवार को घोषित हो जाए तो इस बात की भी तारीफ़ नहीं की जाती क्योंकि उस दिन पहले ही अवकाश होता है।

इस साल भी राष्ट्रीय अवकाश सिर्फ तीन हैं, धार्मिक और सांस्कृतिक छुट्टियां उन्नीस होनी हैं। एक राज्य में, बावन वीकेंड यानी शनिवार रविवार मिलाकर, एक सौ सत्ताईस अवकाश हैं। दूसरे राज्य में तीन अवकाश ज्यादा हैं। इसके इलावा तीन ऐच्छिक, तेरह आकस्मिक, पंद्रह मेडिकल, तीस अर्जित यानी साल में छ महीने की शानदार छुट्टी। इतनी छुट्टियां हैं कि हर दूसरे दिन दफ्तर जाने की सुविधा है। किसी आम व्यक्ति ने काम से जाना हो तो उसे पहले पता कर लेना चाहिए, फलां कर्मचारीजी आज अवकाश पर तो नहीं।

दो तीन सप्ताह के बाद, तीन दिन का सप्ताहांत भी उपलब्ध है। कुछ छुट्टियां शुक्रवार या शनिवार को भी होती हैं जिनके साथ एक छुट्टी लेकर कई छुट्टियां एक साथ हो सकती हैं। एक छुट्टी ले लेने से चार दिन की छुट्टी हो जाती है और दो लेने से पांच या छ दिन का थका देने वाला आराम।

काफी ज़्यादा समझदार लोगों का सुझाव है कि यदि कोई त्योहार या अवकाश दूसरे शनिवार या रविवार को आ रहा हो, उसकी सरकारी छुट्टी किसी अन्य वार को कर देनी चाहिए, जिस वार को पहले से छुट्टी न हो। सरकार अपने सभी काम समझदारी से करती है, सुबह से शाम तक खूब काम करने वाले कर्मचारियों को मिलने वाली छुट्टियां ही उचित तरीके से नहीं करती।

कुछ छुट्टियों का दिन बदल दे तो वोट बैंक ही बढेगा। इस तरह सरकारी राजनीतिक पार्टी, काफी वोटें, आने वाले चुनाव के लिए अपने पक्ष में सुनिश्चित कर सकती है। छुट्टियों का खालिस मज़ा लेने के लिए सरकारी नौकरी में प्रवेश करने की कोशिश करते रहना बहुत ज़रूरी है।

# जाति संघर्ष का सर्वसमावेशी समाधान वक्त की जरूरत

उमेश चतुर्वेदी

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग यानी यूजीसी के दिशा-निर्देशों से ना सिर्फ जाति विमर्श केंद्र में आ गया है, बल्कि हिंदू समाज जातीय खांचे में बंटता नजर आ रहा है। आर्थिक और शैक्षिक विकास की वजह से जाति विभाजन की जो रेखाएं मध्यम पड़ने लगी थीं, वे एक बार फिर गहरी होती नजर आ रही है। मंडल आयोग की रिपोर्ट लागू होने के बाद जैसा स्पष्ट विभाजन हिंदू समाज में दिख रहा था, कुछ उसी राह पर एक बार फिर समाज बढ़ता दिख रहा है। जाति के तवे पर राजनीतिक रोटी सेंकने वाले कुछ दल यूजीसी की गाइडलाइन को लागू करने के लिए छात्रों के बीच जाति विमर्श की आंच को हवा दे रहे हैं तो इस गाइडलाइन के विरोध में खड़े सवर्ण समाज के लोग भी अपने समाज के छात्रों को लामबंद करने में प्राणपण से जुटे हुए हैं। मंडल आयोग की रिपोर्ट के बाद जिस तरह नया राजनीतिक विमर्श खड़ा हुआ, जिससे कुछ राजनीतिक दलों और शख्सियतों को उभरने का मौका मिला, कुछ वैसे ही हालात एक बार फिर बनते दिख रहे हैं। अगर यूजीसी गाइडलाइन का सर्वसमावेशी हल नहीं खोजा गया तो हिंदुत्व की राजनीति पर भी असर पड़ सकता है। हिंदू एकता का सपना भी खतरे में पड़ सकता है।

राजनीति के बारे में एक धारणा है। सामाजिक, शैक्षिक और आर्थिक विकास ने जाति विभाजन को जहां कमजोर किया, वहीं राजनीति इसे जिंदा करने में सफल हुई है। सामाजिक यात्रा में पिछड़ी रह गई जातियों के उत्थान के नाम पर राजनीति ने जाति विमर्श को केंद्र में लाने का सबसे बड़ा योगदान विश्वनाथ प्रताप सिंह को जाता है, जिन्होंने देवीलाल के राजनीतिक रसूख को काबू में करने के लिए 1990 में मंडल आयोग की रिपोर्ट पर पड़ी धूल को झाड़ा और उसे लागू कर दिया। पैंतीस साल पहले के उस फैसले ने समाज को बुरी तरह विभाजित कर दिया। मंडल आयोग के खिलाफ तकरीबन समूचा उत्तर भारत धधक उठा था। सवर्ण समुदाय के छात्रों और नौजवानों को अपना भविष्य अंधकारमय नजर आने लगा था। उन्होंने खुद को आग के हवाले करना शुरू कर दिया। विश्वनाथ प्रताप सिंह कविता भी करते थे। कवि को लेकर धारणा है है कि वह कोमल हृदय का स्वामी होता है। लेकिन आग की लपटों के बीच धू-धूकर जवानी को जलती देखकर भी कवि हृदय प्रधान मंत्री नहीं पसीजे थे। उस दौर के शरद यादव सवर्ण समाज के कटु आलोचक और पिछड़ावादी राजनीति के प्रबल पैरोकार के रूप में उभरे। मंडल आयोग की रिपोर्ट से समाज के बीच जो खाई पैदा हुई, बाद की राजनीति ने उसे और ज्यादा चौड़ा और गहरा ही किया है।

पिछड़ों को आरक्षण को समाज ने स्वीकार कर लिया था, तभी दूसरे सवर्ण और मनमोहन सरकार के मानव संसाधन



विकास मंत्री अर्जुन सिंह ने साल 2006 में उच्च शैक्षणिक संस्थानों के दाखिले में पिछड़ा वर्ग के छात्रों के लिए आरक्षण की शुरूआत कर दी। इसके विरोध में एक बार फिर युवा राजनीति उभरी। यूथ फॉर इक्वलिटी के बैनर तले दिल्ली में इस फैसले के खिलाफ युवा सड़कों पर उतर पड़े। इस आंदोलन के चलते भी सामाजिक विभाजन बढ़ा। शैक्षणिक संस्थानों के दाखिले में आरक्षण के विरोधी समुदायों और इसके समर्थक समुदायों के बीच एक बार फिर विभाजक रेखा गहरी हुई। इससे भी देश उबर रहा था कि यूजीसी की गाइडलाइन आ गई और फिर से एक बार भारतीय समाज गहरे अंतरद्वंद्व और सामाजिक संघर्ष से जूझने लगा। यह संघर्ष अभी समाज में सीधे तो नहीं दिख रहा, लेकिन विश्वविद्यालयों के परिसर इसके चलते उबल रहे हैं। एक तरफ इस गाइडलाइन के समर्थक हैं तो दूसरी तरफ उसके विरोधी।

आज पिछड़ावाद, दलितवाद, अल्पसंख्यकवाद और महिलावाद का जोर है। इन तबकों के उभार के विचार को सामाजिक न्याय करीब साढ़े तीन दशकों से स्वीकार किया जा रहा है। इन वादों को सामाजिक लोकवृत्त यानी पब्लिक स्फीयर के केंद्र में लाने का विचार समाजवादी राजनीतिक दलों का रहा है, लेकिन इसे मूर्त रूप में लाने वाले कांग्रेसी मूल के राजनेता ही रहे हैं। समाजवादी दलों के ही परोक्ष समर्थन से पहली बार तीस मई 1933 को बिहार के मौजूदा रोहतास जिले के करगहर में त्रिवेणी संघ की स्थापना हुई थी। जिसमें कोइरी यानी कुशवाहा, कुर्मी और यादव जातियों के नेता साथ आए थे और पिछड़ावादी राजनीति की नींव डाली थी। एक तरह से जातिवादी राजनीति की नींव आजादी के पहले ही पड़ गई थी। मंडल आयोग की सिफारिशों को लागू करते वक्त विश्वनाथ प्रताप सिंह भले ही जनता दल नामक समाजवादी विचारधारा वाले दल के नेता थे, लेकिन महज तीन साल पहले तक वे कांग्रेसी थे। अर्जुन सिंह भी कांग्रेसी ही थे। आज राहुल गांधी भी जाति जनगणना को लेकर उत्साहित नजर आते हैं। पता नहीं राहुल गांधी को पता है या नहीं, अर्जुन सिंह और विश्वनाथ प्रताप सिंह को जानकारी जरूर रही होगी। राहुल गांधी की दादी के पिता और देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू ने 27 जून 1961 को देश के मुख्यमंत्रियों के नाम तीस पैराग्राफ का एक लंबा खत लिखा था। उसके चौबीसवें से छब्बीसवें पैरे में नेहरू ने आज की जाति आधारित आरक्षण को एक तरह से नकार दिया है। उस चिट्ठी में उन्होंने भारत को बनाने को लेकर उनकी जो सोच रही, उसका गहन जिक्र किया है। इस पत्र में नेहरू स्पष्ट रूप से अपने विचार को जाहिर करते हैं। वे आरक्षण आधारित विकास और समाज नहीं चाहते थे, बल्कि ज्ञान केंद्रित समाज का विकास चाहते थे।

यूजीसी की गाइडलाइन का विरोध कर रहे लोग अगर आज यही बात कहें तो उन्हें सामाजिक न्याय का विरोधी माना जाएगा। मंडल आयोग की रिपोर्ट पर सर्वोच्च न्यायालय का फैसला आने के बाद से जिस तरह का राजनीतिक विमर्श स्थापित हुआ, उसमें सवर्ण समाज अपने लोगों के विकास और आरक्षण विरोध की बात करने की हिम्मत नहीं दिखा पाता था। ऐसा करने से उसे दकियानूस माने जाने का खतरा नजर आता था। इसलिए उसने चुप्पी साधे रखी। लेकिन बाद के वर्षों में एससी-एसटी कानून का सवर्ण समाज के खिलाफ जारी दुरूपयोग ने सामाजिक रूप से आगे माने जाते रहे वर्णों और जातियों को मौका मिला। बाढ़ का पानी जब नाक तक पहुंच जाता था, तब व्यक्ति उससे बचाव के लिए छटपटाने लगता है। सवर्ण समाज के लिए यूजीसी की गाइडलाइन नाक तक पहुंचा बाढ़ का पानी है। उसी पानी से बचाव की छटपटाहट ही है कि गाइडलाइन के खिलाफ समूचे देश के सवर्ण समाज में गहन क्षोभ और गुस्सा नजर आ रहा है। अब सवर्ण समुदाय के नौजवान तर्क देने से हिचक नहीं रहे कि जब पिछड़ावाद हो सकता है, दलितवाद प्रगतिशील विचार हो सकता है, अल्पसंख्यकवाद सामाजिक न्याय का प्रतीक हो सकता है तो ब्राह्मणवाद या सवर्णवाद दकियानूस क्यों? सवर्ण समुदाय के बच्चों का कहना है कि माना कि उनके पूर्वजों ने गलती की तो उसकी सजा हम क्यों भुगतें। ध्यान देने की बात है कि राममंदिर आंदोलन के बाद सवर्ण समाज ने पूरी तरह बीजेपी का दामन थाम लिया। उसे बीजेपी में अपनी दबी भावनाओं की अभिव्यक्ति की राह दिखती रही है। लेकिन यूजीसी की गाइडलाइन से वह भौंचक्क रह गया। यही भौंचक्कापन अब गुस्से के रूप में नजर आ रहा है। सत्ता पर निगाह जमाए बैठे विपक्षी दल पर्दे के पीछे से इस गुस्से को हवा दे रहे हैं। इस पूरी प्रक्रिया में उन्हें पिछड़ा वोटर के बिदकने का खतरा भी नजर आ रहा है, इसी सोच के चलते वे गाइडलाइन के खिलाफ खुलकर कुछ बोलने से बच रहे हैं।


ऐसा नहीं कि बीजेपी में इस आफत की काट नहीं खोजी जा रही होगी। बीजेपी संगठन और सरकार के आलानेता इस जातीय विमर्श को ठंडा करने की कोशिश में जुटे हुए हैं। लेकिन इस समस्या का समाधान ढूंढ़ने में जितनी देर होगी, जाति विमर्श उतना ही बढ़ेगा। अगर सवर्ण समुदाय का गुस्सा ठंडा नहीं हुआ तो आने वाले दिनों में बीजेपी की चुनौतियां बढ़ सकती हैं।

# ड्रग माफिया की मौत के बाद जला मेक्सिको, अमेरिकी कंपनी ने कर्मचारियों को सुरक्षित निकालने लिए बुक की सभी फ्लाइट

नई दिल्ली

मेक्सिको ने रविवार को जलिस्को न्यू जनरेशन कार्टेल के खिलाफ एक सिक्योरिटी ऑपरेशन में मेक्सिकन स्पेशल फोर्सेज ने कुख्यात ड्रग लॉर्ड और सीजेएनजी के लीडर एल मेंचो को मार गिराया गया था। जिसके बाद मेक्सिको के कुछ हिस्सों में हिंसा भड़क गई, इससे देश में बड़े पैमाने पर अशांति फैल गई। देश के कई सबसे व्यस्त एयरपोर्ट पर अफरा-तफरी मच गई, जिसके वजह से कई फ्लाइट रद करनी पड़ीं। हिंसा के बाद ट्रैफिक जाम की वजह से आवाजाही बाधित हो गई।

इस हंगामे के बीच, एक अमेरिकी टेक कंपनी ने अपने एक कर्मचारी को देश से सुरक्षित निकालने में मदद की। क्लाउड प्लेटफॉर्म कंपनी वर्सेल ने ग्वाडलहारा से अमेरिका जाने वाली हर उपलब्ध फ्लाइट में सीटों का इंतजाम किया ताकि उनके स्टाफ सुरक्षित बाहर निकल सके।



कंपनी कर्मचारी के एंड्रयू बारबा ने बाद में ⅹ पर एक पोस्ट में इस असाधारण कोशिश के लिए अपनी तारीफ की। कंपनी में सॉफ्टवेयर इंजीनियर के तौर पर काम करने वाले बारबा ने कहा कि जब हिंसा बढ़ी तो वह और उनकी पत्नी ग्वाडलहारा के एयरपोर्ट पर थे।

जैसे-जैसे तनाव बढ़ा, इस कपल ने अनिश्चितता के बीच एक रेस्ट रूम में शरण ली। इंटरनेट कनेक्टिविटी भरोसेमंद नहीं थी, कई उड़ानें रद कर दी गई थीं, और यह साफ नहीं था कि वे कब निकल पाएंगे।

इस बीच, यूनाइटेड स्टेट्स में वर्सेल की लीडरशिप टीम ने तेजी से काम शुरू किया। कर्मचारी को सुरक्षित निकालने का पक्का इरादे से उन्होंने एयरपोर्ट से अमेरिका जाने वाली सभी फ्लाइट के टिकट खरीदे, इस उम्मीद में कि कम से कम एक फ्लाइट तो उड़ ही जाएगी। आखिरकार उनकी सूझबूझ कामयाब रही। बारबा और उनकी पत्नी उन फ्लाइट उड़ी और वे टेक्सास सुरक्षित पहुंच गए।

सैन फ्रांसिस्को की कंपनी में लगभग तीन साल से काम करने के बाद, बारबा ने मुश्किल समय में उनकी सुरक्षा के लिए इतनी दूर तक जाने के लिए अपने कंपनी को सबके सामने धन्यवाद दिया।

इंटरनेट यूजर्स ने कंपनी की तारीफ की और कंपनी के देश से सुरक्षित बाहर निकलने पर राहत जताई। एक यूजर ने लिखा कि यही लीडरशिप है। जब चीजें अफरा-तफरी वाली हो जाती हैं, तो आप बयान नहीं चाहते। आप एक्शन और बैकअप प्लान चाहते हैं। खुशी है कि आप सुरक्षित हैं। एक दूसरे यूजर ने कमेंट कंपनी की तारीफ में लिखा कि खुशकिस्मत हैं कि आपके पास मदद के लिए पैसे और मददगार थे। बहुत से लोग इतने खुशकिस्मत नहीं होते हैं। और लोकल लोग जो बाहर नहीं निकल सकते। उम्मीद है आप अपने सुविधा के लिए शुक्रगुजार होंगे।

# घरों से टकराती लहरें, बर्फबारी और बाढ़... अमेरिका के मैसाचुसेट्स में बर्फीले तूफान का कहर



नई दिल्ली

यूनाइटेड स्टेट्स के राज्य मैसाचुसेट्स में आए बर्फीले तूफान ने तबाही मचा दी है। घरों की छत से लेकर सड़क तक हर तरफ सिर्फ बर्फ जमी हुई है। मैसाचुसेट्स में चारों तरफ बर्फ के साथ ही तेज हवाएं भी चल रही हैं। तटीय इलाकों में लहरें उफान पर हैं और तेज बारिश के साथ बर्फ की बाढ़ आ गई है। इंटरनेट पर्सनेलिटी जोनाथन पेट्रामाला ने इस तूफान का ड्रोन वीडियो बनाया। अमेरिका के साउथ शोर पर स्थित मैसाचुसेट्स के सिचुएट में सोमवार 23 फरवरी की सुबह आसमान में गरज के साथ तेज बारिश हुई। इस इलाके में कई बार बिजली गिरी।

इसके साथ ही तेज बर्फीला तूफान भी देखा गया। नेशनल ओशनिक एंड एटमॉस्फेरिक एडमिनिस्ट्रेशन के अनुसार, सर्दियों के तूफानों में गर्म हवा की हल्की परतें ऊपर उठती हैं, जिससे बर्फबारी बढ़ती है और बिजली गिरते वक्त काफी इलेक्ट्रिक चार्ज अलग होता है। जोनाथन पेट्रामाला के शेयर किए वीडियो में देखा जा सकता है कि लहरें घरों से टकरा रही हैं और कई मंजिला इमारतों को ढक रही हैं। सिचुएट, प्लायमाउथ काउंटी, मैसाचुसेट्स, यूनाइटेड स्टेट्स में साउथ शोर पर बोस्टन और प्लायमाउथ के बीच में एक समुद्र तटीय शहर है।

ये शहर पूरी तरह से बर्फ से ढक गया है। अमेरिका में इस समय कई इलाकों में भारी बर्फबारी हो रही है। मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक, पिछले दस सालों में ये सबसे तेज तूफान है। भारी बर्फबारी के चलते अधिकारियों ने कई शहरों में इमरजेंसी घोषित कर दी है और स्कूल भी बंद कर दिए गए हैं।

# फारूक अब्दुल्ला ने ईरान में फंसे जम्मू-कश्मीर के छात्रों से घर लौटने का किया आग्रह

श्रीनगर, (वार्ता)

नेशनल कॉन्फ्रेंस (एनसी) के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने ईरान पर अमेरिका के संभावित हमले की आशंकाओं को देखते हुए वहां से जम्मू-कश्मीर के छात्रों और निवासियों से तुरंत घर लौटने का आग्रह किया है। भारत द्वारा अपने नागरिकों को उपलब्ध साधनों का उपयोग कर ईरान छोड़ने के लिये जारी की गयी नयी सलाह पर प्रतिक्रिया देते हुए श्री अब्दुल्ला ने मंगलवार को चेतावनी दी कि हवाई क्षेत्र बंद होने या संघर्ष के कारण यात्रा बाधित होने की स्थिति में देरी से परिवारों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। श्री अब्दुल्ला ने श्रीनगर में पत्रकारों से कहा, मैं जम्मू-कश्मीर के छात्रों से कहना चाहता हूँ कि वे तुरंत निकल जाएँ। अन्यथा, कल जब हवाई क्षेत्र बंद हो जाएगा, तो उनके माता-पिता और परिवार वाले चिंता और घबराहट फैलाएँगे। पूर्व मुख्यमंत्री ने उन्हें सलाह दी कि हालात बिगड़ने से पहले ही लौट जाएँ क्योंकि बाद में निकासी मुश्किल हो सकती है। उन्होंने आगे कहा, उस स्थिति के उत्पन्न होने से पहले ही निकल जाना बेहतर है, क्योंकि बाद में उन्हें निकालने वाला कोई नहीं होगा। चूंकि सलाह जारी हो चुकी है, इसलिए उन्हें अपना सामान पैक करके घर लौट आना चाहिये। भारतीय दूतावास ने सोमवार को जारी अपनी नवीनतम सलाह में अपने नागरिकों से उपलब्ध परिवहन साधनों, जिनमें वाणिज्यिक उड़ानें भी शामिल हैं, के माध्यम से ईरान छोड़ने का आग्रह किया है।

पूर्व मुख्यमंत्री अब्दुल्ला ने राजनीतिक विवाद को जन्म देने वाली फिल्म द केरल स्टोरी 2 से संबंधित एक प्रश्न का उत्तर देते हुए मीडिया पर तीखा हमला बोला और कहा कि प्रेस की विश्वसनीयता और जनता का विश्वास दोनों ही खत्म हो चुके हैं। उन्होंने कहा,सबसे पहले तो मैं यह कहना चाहूंगा कि हमारे मीडिया पर भरोसा नहीं किया जा सकता।

## रोजा तोड़कर हेड कांस्टेबल ने किया रक्तदान, दून पुलिस ने पेश की मानवता की मिसाल

**ऋषिकेश/देहरादून(वार्ता)**

उत्तराखंड में देहरादून पुलिस के एक जवान ने मानवता और कर्तव्यनिष्ठा की मिसाल पेश करते हुए रमजान के पवित्र महीने में रोजा तोड़कर गंभीर रूप से बीमार महिला के लिए रक्तदान किया। उत्तराखण्ड पुलिस की पुलिस लाइन देहरादून में तैनात हेड कांस्टेबल इमरान अली को 23 फरवरी को एक व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से सूचना मिली कि उत्तरकाशी निवासी एक व्यक्ति की पत्नी जॉली ग्रान्ट अस्पताल में गंभीर हालत में भर्ती है और उसे तत्काल रक्त की आवश्यकता है। उस समय हेड कांस्टेबल रमजान के चलते रोजा रखे हुए थे।

# कंबोडिया ने 3,541 वर्ग किलोमीटर जमीन से दबीं बारूदी सुरंगें हटाई

नाम पेन्ह, (वार्ता)

कंबोडिया ने बीते 33 वर्षों में बारूदी सुरंगों और युद्ध के विस्फोटक अवशेषों (ईआरडब्ल्यू) से भरी लगभग 3,541 वर्ग किलोमीटर भूमि को साफ करने में सफलता हासिल की है। प्रधानमंत्री हुन मानेट ने मंगलवार को यह जानकारी राष्ट्रीय बारूदी सुंरग जागरूकता दिवस के अवसर पर दी। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस अवधि के दौरान 12 लाख से अधिक बारूदी सुरंगों, 26,700 टैंक रोधी सुरंगे और 32.4 लाख से अधिक ईआरडब्ल्यू खोजकर नष्ट किये गये हैं। उन्होंने बताया कि साफ की गयी भूमि में से 78 प्रतिशत का उपयोग खेती के कामों के लिए, पांच प्रतिशत बुनियादी ढांचे और 17 प्रतिशत आवास, गांवों, स्कूलों और स्वास्थ्य केन्द्रों सहित अन्य उद्देश्यों के लिए किया गया है। प्रधानमंत्री के अनुसार, बारूदी सुरंगों और ईआरडब्ल्यू से हुए हताहतों की संख्या 1996 में 4,320 थी जब बीते साल घटकर केवल 39 रह गयी। उन्होंने कहा कि इस उल्लेखनीय उपलब्धि के बावजूद अभी भी कई वर्ग किलोमीटर जमीन ऐसी है, जो सुरंगों और ईआरडब्ल्यू के असर में है और साफ की जानी बाकी है।

श्री हुन मानेट ने कहा कि बारूदी सुरंगों और ईआरडब्ल्यू से खतरा अब भी गंभीर बना हुआ है और बारुदी सुरंगी मुक्त कंबोडिया के लक्ष्य को हासिल करने के लिए और अधिक प्रयासों की आवश्यकता होगी।

गौरतलब है कि कंबोडिया दुनिया के उन देशों में शामिल है, जो बारूदी सुरंगों और ईआरडब्ल्यू से सबसे अधिक प्रभावित रहे हैं।

अनुमान है कि 1998 में खत्म हुई तीन दशकों के जंग और आंतरिक संघर्षों के बाद यहां 40 लाख से 60 लाख तक बारूदी सुरंगें और अन्य विस्फोटक अवशेष बचे रह गए थे। कंबोडिया की आधिकारिक रिपोर्ट के अनुसार, 1979 से 2025 के बीच बारूदी सुरंगों और ईआरडब्ल्यू विस्फोटों में 19,845 लोगों की मौत हुई, जबकि 45,280 अन्य घायल या अपंग हुए।

## मंदिर पर हमला कांग्रेस सरकार के हिंदू विरोधी रवैये का नतीजाः भाजपा प्रमुख

**हैदराबाद, (वार्ता)।** भाजपा के तेलंगाना प्रदेश अध्यक्ष एन रामचंद्र राव ने सोमवार को चंद्रयानगुट्टा के बरकस क्षेत्र में स्थित श्री द्विमुखी हनुमान मंदिर पर हुए हमले की निंदा की। इस घटना को अमानवीय, जघन्य बताया, जिसमें भगवान हनुमान की मूर्ति को खंडित किया गया था। एक बयान में आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार के तहत तेलंगाना में हिंदू मंदिरों और मूर्तियों पर हो रहे बार-बार के हमले कोई छिटपुट घटनाएं नहीं हैं, बल्कि ये सनातन धर्म के खिलाफ नियोजित साजिश का हिस्सा हैं। राज्य भर में दर्जनों ऐसी घटनाओं के बावजूद सरकार की चुप्पी हिंदू समुदाय पर हमलों के लिए अप्रत्यक्ष समर्थन के समान है। कांग्रेस सरकार आरोपियों को भटका हुआ या मानसिक अस्वस्थ बताकर जो नरमी बरत रही है, उससे हिंदू विरोधी तत्वों का हौसला बढ़ रहा है।

# होली पर कॉर्बेट पार्क सहित सभी पर्यटन क्षेत्र बंद रहेंगे

रामनगर कॉर्बेट पार्क (वार्ता)

उत्तराखंड के रामनगर स्थित जिम कॉर्बेट नेशनल पार्क एवं उससे जुड़े बाहरी पर्यटन क्षेत्र होली पर्व के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण, जंगल की शांति व्यवस्था बनाए रखने और हुड़दंग पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से तीन और चार मार्च को पर्यटकों के लिए पूर्ण रूप से बंद रहेंगे।

वन विभाग और कॉर्बेट प्रशासन द्वारा यह निर्णय हर वर्ष की तरह इस बार भी सुरक्षा और वन्यजीवों की शांति को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार तीन मार्च को सुबह की जंगल सफारी निर्धारित समयानुसार संचालित होगी, लेकिन दोपहर की सफारी और नाइट स्टे पूरी तरह बंद रहेगा। वहीं चार मार्च को होली के दिन सुबह और शाम दोनों पालियों की जंगल सफारी के साथ-साथ नाइट स्टे पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा, पार्क प्रशासन ने बताया कि पांच मार्च से सभी पर्यटन गतिविधियां पुनः सामान्य रूप से संचालित की जाएंगी और पार्क पर्यटकों के लिए खोल दिया जाएगा। कॉर्बेट पार्क प्रशासन के अनुसार ढिकाला, बिजरानी, ढेला, दुर्गादेवी और गिरिजा पर्यटन जोन में इस अवधि के दौरान सफारी और रात्रि विश्राम की सुविधा बंद रहेगी। इसके अतिरिक्त रामनगर वन प्रभाग के अंतर्गत आने वाले सीतावनी, कोटा और कालाढूंगी पर्यटन जोन भी पर्यटकों के लिए बंद रखे जाएंगे। वहीं तराई पश्चिमी वन प्रभाग के फाटो और हाथी डगर पर्यटन जोन में भी होली के अवसर पर पर्यटक प्रवेश पर रोक रहेगी। जानकारी देते हुए कॉर्बेट टाइगर रिज़र्व के पार्क वार्डन बिंदर पाल सिंह ने बताया कि होली के दौरान बड़ी संख्या में पर्यटक रामनगर और आसपास के क्षेत्रों में पहुंचते हैं। कुछ पर्यटक उत्सव के दौरान जंगल क्षेत्रों में अत्यधिक शोर-शराबा और अनुशासनहीन गतिविधियां करते हैं, जिससे वन्यजीवों की दिनचर्या प्रभावित होती है। इसी को ध्यान में रखते हुए विभाग ने ऑनलाइन बुकिंग वेबसाइट पर पहले ही तीन और चार मार्च को अवकाश की सूचना साझा कर दी थी, ताकि पर्यटक अपनी यात्रा की योजना उसी अनुसार बना सकें। वन विभाग ने पर्यटकों से अपील की है कि वे नियमों का पालन करें और जंगल की संवेदनशीलता को समझते हुए सहयोग करें।

## शंकराचार्य का अपमान पूरे सनातन का अपमान हैः अजय राय

**वाराणसी, (वार्ता)।** कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय मंगलवार को ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती से श्री विद्यामठ में मिलने पहुंचे। श्री राय ने कहा कि शंकराचार्य का अपमान पूरे सनातन धर्म का अपमान है। उन्होंने आरोप लगाने वालों के साथ पुलिस अधिकारियों द्वारा जन्मदिन मनाए जाने की तस्वीरों का हवाला देते हुए कहा, इन लोगों ने घोर पाप किया है। उन्होने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार में संतों और ब्राह्मणों का अपमान हो रहा है। जो व्यक्ति धर्म की रक्षा करता है और धर्म के मुद्दों पर आवाज उठाता है, उसकी आवाज को दबाया जा रहा है। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक द्वारा बटुकों का सम्मान करने पर उन्होंने टिप्पणी की, इस्तीफा देकर सड़क पर आएं। बटुकों का सम्मान उनका दिखावा है। उन्हें सीधे शंकराचार्य जी के पास आना चाहिए था।

# भेड़ियों से मवेशियों की रक्षा के लिए किसान चला सकेंगे गोली

पेरिस, (वार्ता)

फ्रांस में भेड़ियों की बढ़ती आबादी और पालतू मवेशियों पर उनके बढ़ते हमलों को देखते हुए सरकार ने कहा है कि किसान अब हमलावर भेड़ियों को अपनी बंदूक का निशाना बना सकेंगे।

कृषि मंत्री एनी जेनेवर्ड ने बताया कि सरकार ने इस मसले पर बना कानून अब बदल दिया है। किसान अपने मवेशियों की हिफाजत के लिए भेड़ियों को गोली मार सकेंगे। किसान को तभी गोली दागने का अधिकार होगा, जब उसके पशु बाड़े में सुरक्षित हों या उसने दूसरे सुरक्षा उपाय अपना रखे हों।

रेडियो फ्रांस इंटरनेशनल ने खबर दी है कि अब तक के नियमों के अनुसार, किसानों को भेड़ियों पर गोली चलाने की अनुमति तभी मिलती थी, जब उन्होंने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये हों। अब सरकार ने इसे 'हकीकत के साथ तालमेल' बताते हुए बदल दिया है। हालांकि, जो किसान इन छूटों का लाभ उठाएंगे, उन्हें एक साल के भीतर सुरक्षा प्रणाली स्थापित करने की प्रतिबद्धता देनी होगी।

साल 2025 में फ्रांस में भेड़ियों के हमलों में लगभग 12,000 पालतू जानवर मारे गये। भेड़िये अब फ्रांस के 60 से अधिक इलाकों में फैल चुके हैं, जबकि पहले वे केवल 10 क्षेत्र तक सीमित थे।

सरकार ने 2026 के लिए भेड़ियों को मारने का संख्या बढ़ाकर कुल तादाद (1,082) का 21 प्रतिशत कर दिया है। इसका मतलब है कि इस साल लगभग 248 भेड़ियों को मारा जा सकेगा। यह संख्या जो पिछले साल के 190 (19 प्रतिशत) के मुकाबले अधिक है। मुकाबले अधिक है।

किसान संगठनों ने इस फैसले का स्वागत करते हुए इसे 'राहत भरा कदम' बताया है। वहीं, 'एसोसिएशन फॉर द प्रोटेक्शन ऑफ वाइल्ड एनिमल्स' जैसे वन्यजीव संरक्षण समूहों ने इसे 'विनाशकारी' करार दिया है और इस नियम को अदालत में चुनौती देने की घोषणा की है।

## फिल्म/टीवी मनोरंजन

# लंदन फैशन वीक 2026 में कृति सेनन ने बिखेरा जलवा

कृति सैनन ने एक बार फिर लंदन फैशन वीक में अपनी शानदार उपस्थिति दर्ज कराते हुए वैश्विक मंच पर अपनी दमदार पहचान स्थापित की। अंतरराष्ट्रीय फैशन जगत के इस प्रतिष्ठित आयोजन में उनकी मौजूदगी सीज़न का एक प्रमुख आकर्षण बन गई। हाई-कॉन्सेप्ट कूट्योर को सहज और पहनने योग्य एलिगेंस के साथ प्रस्तुत करने की उनकी क्षमता ने दुनिया भर के फैशन विशेषज्ञों का ध्यान आकर्षित किया। यह वैश्विक पहचान उनके करियर के उस शिखर पर आई है, जब कृति सैनन भारतीय फिल्म उद्योग की शीर्ष अभिनेत्रियों में शामिल हैं। इस अवसर पर कृति ने बरबेरी के परिधान में टेक्सचर के संतुलन और विरासत की झलक पेश की। उन्होंने चॉकलेट-भूरे रंग का आकर्षक ट्रेंच कोट पहना, जो उनके पूरे लुक का मुख्य आधार था। संरचित सिल्हूट और कमर पर बंधी बेल्ट ने उनके व्यक्तित्व में कालातीत गरिमा और आत्मविश्वास जोड़ा। मोनोक्रोम रंग संयोजन को तोड़ते हुए उन्होंने जीवंत टील रंग का पैटर्न वाला स्कार्फ पहना, जिसने लुक में ताजगी और दृश्यात्मक विविधता जोड़ी। इसके साथ उन्होंने घुटनों तक के स्लीक लेदर बूट्स और एक क्लासिक स्ट्रक्चर्ड हैंडबैग कैरी किया। उनके बालों को हाई-फैशन टॉप-नॉट में स्टाइल किया गया था, जिसने उनके निखरे हुए चेहरे और सुसंस्कृत मेकअप को और उभारा। परिधानों से आगे बढ़कर, कृति की यह उपस्थिति वैश्विक मंच पर एक सशक्त फैशन वक्तव्य भी थी। भारतीय सिनेमा से लेकर लंदन के प्रतिष्ठित रनवे की फ्रंट रो तक का उनका यह सफर आधुनिक इट-गर्ल छवि को एक विशिष्ट अंतरराष्ट्रीय अंदाज़ में परिभाषित करता है। उद्योग में उनका कद लगातार ऊँचा हो रहा है, और ऐसे आयोजनों में उनकी मौजूदगी यह दर्शाती है कि वह ऑन-स्क्रीन और ऑफ-स्क्रीन दोनों ही जगह ट्रेंड स्थापित करने वाली अग्रणी अभिनेत्री हैं। उनकी आगामी फिल्मों को लेकर भी प्रशंसकों में उत्साह चरम पर है। कृति सैनन जल्द ही बहुप्रतीक्षित फिल्म कॉकटेल 2 में शाहिद कपूर और रश्मिका मंदाना के साथ नज़र आएंगी।



# दमदार अभिनय से दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया श्रीदेवी ने

बॉलीवुड में श्रीदेवी का नाम एक ऐसी स्टार अभिनेत्री के रूप में लिया जाता है जिन्होंने अपने दमदार अभिनय और दिलकश अदाओं से दर्शकों के दिल में अपनी खास पहचान बनाई। श्रीदेवी का मूल नाम श्रीयम्मा यंगर था। उनका जन्म 13 अगस्त 1963 को तमिलनाडु के एक छोटे से गांव मीनमपटी में हुआ था। श्रीदेवी ने अपने सिने करियर की शुरूआत महज चार वर्ष की उम्र में एक तमिल फिल्म से की थी।वर्ष 1976 तक श्रीदेवी ने कई दक्षिण भारतीय फिल्मों में बतौर बाल कलाकार काम किया। बतौर अभिनेत्री उन्होंने अपने करियर की शुरूआत तमिल फिल्म 'मुंदरू मुदिची' से की। वर्ष 1977 में प्रदर्शित तमिल फिल्म '16 भयानिथनिले' की व्यावसायिक सफलता के बाद श्रीदेवी स्टार अभिनेत्री बन गई।हिंदी फिल्मों में बतौर अभिनेत्री श्रीदेवी ने अपने सिने करियर की शुरूआत वर्ष 1979 में प्रदर्शित फिल्म 'सोलहवां सावन' से की लेकिन फिल्म असफल होने के बाद श्रीदेवी हिंदी फिल्म उद्योग छोड़ दक्षिण भारतीय फिल्मों की ओर लौट गई। वर्ष 1983 में श्रीदेवी ने एक बार फिर फिल्म 'हिम्मतवाला' के जरिये हिंदी फिल्मों की ओर अपना रूख किया। फिल्म की सफलता के बाद बतौर अभिनेत्री वह हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में अपनी पहचान बनाने में कामयाब हो गई। वर्ष 1983 में श्रीदेवी के सिने करियर की एक और अहम फिल्म 'सदमा' प्रदर्शित हुई। फिल्म हालांकि टिकट खिड़की पर असफल साबित हुई लेकिन सिने दर्शक आज भी ऐसा मानते हैं कि यह श्रीदेवी के कैरियर की सर्वश्रेष्ठ फिल्मों में एक है।वर्ष 1986 में प्रदर्शित फिल्म 'नगीना' श्रीदेवी के सिने करियर की महत्वपूर्ण फिल्मों में शुमार की जाती है। इस फिल्म में श्रीदवी ने इच्छाधारी नागिन का किरदार निभाया। इस फिल्म में उन पर फिल्माया गीत 'मैं तेरी दुश्मन दुश्मन तू मेरा' में उन्होंने जबरदस्त नृत्य शैली का परिचय दिया। वर्ष 1987 में प्रदर्शित फिल्म 'मिस्टर इंडिया' श्रीदेवी की सबसे कामयाब फिल्म साबित हुई। 1989 में ही श्रीदेवी की एक और सुपरहिट फिल्म 'चांदनी' प्रदर्शित हुई। यश चोपड़ा के निर्देशन में बनी इस फिल्म में श्रीदेवी ने चांदनी की भूमिका निभाई। इस फिल्म में श्रीदेवी ने अपनी बहुआयामी प्रतिभा का परिचय देते हुए न सिर्फ चुलबुला किरदार निभाया बल्कि कुछ दृश्यों में अपने संजीदा अभिनय से दर्शकों को भावुक कर दिया। फिल्म में अपने दमदार अभिनय के लिये श्रीदेवी सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के फिल्मफेयर पुरस्कार के लिए नामांकित भी की गई। वर्ष 1991 में प्रदर्शित फिल्म 'लम्हे' श्रीदेवी के सिने करियर की अहम फिल्मों में शुमार की जाती है। इस फिल्म में उन्हें एक बार फिर से निर्माता-निर्देशक यश चोपड़ा के साथ काम करने का अवसर मिला। इस फिल्म में श्रीदेवी ने मां और बेटी के रूप में दोहरी भूमिका निभाई थी। फिल्म में चुलबुले अंदाज से श्रीदेवी ने दर्शकों का दिल जीत लिया।वर्ष 1992 में प्रदर्शित फिल्म 'खुदागवाह' में श्रीदेवी दोहरी भूमिका में दिखाई दी। यूं तो पूरी फिल्म अमिताभ बच्चन के इर्द गिर्द घूमती है लेकिन श्रीदेवी ने अपनी दोहरी भूमिका से दर्शकों के दिलों पर अपने अभिनय की छाप छोड़ दी। वर्ष 1996 में निर्माता-निर्देशक बोनी कपूर के साथ शादी करने के बाद श्रीदेवी ने फिल्मों में काम करना काफी हद तक कम कर दिया।



वर्ष 1997 में प्रदर्शित फिल्म 'जुदाई' बतौर अभिनेत्री श्रीदेवी के सिने करियर की अंतिम महत्वपूर्ण फिल्म साबित हुई। इस फिल्म में उनके अभिनय का नया रूप देखने को मिला। फिल्म इंडस्ट्री के रूपहले पर्दे पर श्रीदेवी की जोड़ी सदाबहार अभिनेता जितेन्द्र के साथ भी खूब जमी। जितेन्द्र के अलावा श्रीदेवी की जोड़ी अभिनेता अनिल कपूर के साथ भी काफी पसंद की गई।श्रीदेवी ने अपने तीन दशक लंबे सिने करियर में लगभग 200 फिल्मों में काम किया। श्रीदेवी ने हिंदी फिल्मों के अलावा तेलगु, तमिल और मलयालम फिल्मों में भी काम किया है। श्रीदेवी ने वर्ष 2012 में प्रदर्शित फिल्म 'इंग्लिश विंग्लश' से कमबैक किया। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट साबित हुई। वर्ष 2018 में श्रीदेवी की फिल्म 'मॉम' प्रदर्शित हुई। फिल्म में उनके दमदार अभिनय के लिए उन्हें राष्ट्रीय पुरस्कार, फिल्म फेयर पुरस्कार समेत कई पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। अपनी दिलकश अदाओं से लोगों को मंत्रमुग्ध करने वाली श्रीदेवी 24 फरवरी 2018 को इस दुनिया को अलविदा कह गई।



# पुष्पा इम्पॉसिबल में मुस्कान बामने और सप्तऋषि घोष की एंट्री

सोनी सब के शो पुष्पा इम्पॉसिबल में मुस्कान बामने और सप्तऋषि घोष की एंट्री हो रही है। सोनी सब का शो पुष्पा इम्पॉसिबल अब और भी ज्यादा इमोशनल और ड्रामेटिक होने जा रहा है। शो में जल्द ही एंट्री लेने वाले हैं शनाया मेहता और उनके पिता, अरबपति वेंचर कैपिटलिस्ट शंतनु मेहता। इन अहम किरदारों को निभा रहे हैं मुस्कान बामने और सप्तऋषि घोष । शो की कहानी में अब पैसा और ताकत का टकराव होगा पुष्पा (करुणा पांडे) की वैल्यू-ड्रिवन दुनिया से, और यह टकराव होगा बिल्कुल अप्रत्याशित अंदाज़ में। शनाया मेहता एक तेज़-तर्रार, अधिकार जताने वाली और भावनात्मक रूप से दूरी बनाए रखने वाली लड़की है, जो आलीशान जिंदगी में पली-बढ़ी है। बचपन में मां को खोने और पिता की भावनात्मक अनुपस्थिति ने उसे ऐसा बना दिया है। शंतनु मेहता, जो खुद से बने अरबपति शार्क इन्वेस्टर हैं, उन्होंने अपनी बेटी को मौजूदगी की जगह सिर्फ़ सुविधा और ऐशो-आराम दिया। शनाया को हमेशा लगता रहा कि पैसा हर समस्या का हल है, लेकिन एक गंभीर हिट-एंड-रन हादसा उसकी सोच को हिला देता है। पिता-पुत्री के इस रिश्ते के ज़रिए शो बहुत संवेदनशीलता से दिखाएगा कि कैसे दौलत और ताकत असली जिम्मेदारी के सामने परखी जाती है। शनाया का किरदार निभाने को लेकर मुस्कान बामने ने कहा, मुझे इस रोल में सबसे ज्यादा यह बात खींच लाई कि यह सिर्फ़ एक अमीर लड़की के पुष्पा की दुनिया में आने की कहानी नहीं है।

## कलेक्टर की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई पशुपालन विभाग की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक

# बंद गौशालाओं को प्रारंभ करने सतत प्रयास करें : कलेक्टर

### बैठक में पशु प्रबंधन और नवाचारों पर हुई विस्तृत चर्चा

नरसिंहपुर (स्वतंत्र मत)।



कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने निर्देश दिए कि जिले में बंद गौशालाओं को एक सप्ताह में शुरू करें। ऐसी गौशालाएं जहां बिजली, पानी की व्यवस्था नहीं है, वहां सम्पर्क स्थापित कर सतत निगरानी करें। प्रत्येक नोडल अधिकारी की यह पहली प्राथमिकता होनी चाहिए कि वह पंचायत और संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित कर बंद गौशालाओं को प्रारंभ करवाने के लिए सतत प्रयास करें। इस संबंध में आ रही समस्याओं का समाधान करें।

उक्ताशय के निर्देश कलेक्टर श्रीमती सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सोमवार को आयोजित पशु पालन विभाग की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक में दिए। बैठक में विभागीय योजनाओं की प्रगति के साथ- साथ जिले में पशु प्रबंधन और नवाचारों पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में जिले के समस्त पशु चिकित्सक एवं सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी मौजूद थे। बैठक में कलेक्टर श्रीमती सिंह ने कहा कि भविष्य में गौशालाओं के लिए सीएसआर फंड से आवारा पशुओं को गौशाला पहुंचाने के लिए वाहन व्यवस्था करने का प्रस्ताव रखा जाएगा। साथ ही सभी अधिकारी- कर्मचारी लोगों को प्रोत्साहित करें कि वे अपने जन्मदिन, पुण्यतिथि और वर्षगांठ जैसे विशेष अवसर पर गौशालाओं में आवश्यक सामग्री, चारा-फूसा आदि दान देकर मनाएं, जिससे गौ शालाएं व पशुओं का बेहतर तरीके से उनका रखरखाव हो सके। कलेक्टर श्रीमती सिंह ने कहा कि जिले की 5 गौशालाओं को चिन्हित कर उन्हें मॉडल के रूप में विकसित करने के लिए प्रयास करें। इन गौशालाओं में गाय के गोबर से विभिन्न उत्पादों का निर्माण करवाने के लिए गौशालाओं को प्रेरित करें। भविष्य में इन गौशालाओं में निर्मित गोबर के गमलों का उपयोग सरकारी कार्यालयों में होगा और उन्हें उपहार स्वरूप भी भेंट किया जाएगा। उन्होंने कहा कि नर्मदा तटों पर होने वाले दीपदान में गोबर के दीयो को प्राथमिकता दी जाएगी। इसके साथ ही गौकाष्ठ और खाद की बिक्री से आय बढ़ाने पर जोर दिया, जिससे गौशालाएं आत्मनिर्भर बन सकें। पशुपालन किसान क्रेडिट कार्ड- केसीसी की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने नाराजगी व्यक्त करते हुए स्पष्ट किया कि जिन ब्लॉकों में केसीसी का लक्ष्य 30 प्रतिशत से कम है, उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया जाए। हिरण्यगर्भा अभियान के तहत कृत्रिम गर्भाधान कार्य के लक्ष्यों को पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया। अभियान में गौशालाओं में गायों के कृत्रिम गर्भधारण की कम प्रगति को सुधार करने के निर्देश दिए। बैठक में उपसंचालक डॉ. सुनील बृजपुरिया ने पशु कल्याण समिति बैठक में रखे गए संस्थाओं के सुदृढ़ीकरण एवं आवश्यकताओं का अनुमोदन किया। उन्होंने बताया कि जिले के 61 ग्रामों को क्षीर धारा ग्राम योजना हेतु चयनित किया गया है, जिनमें वर्तमान में आधारभूत सर्वेक्षण कार्य ऑफलाइन और ऑनलाइन किया जा रहा है। आगामी माहों में इन ग्रामों में बांझ निवारण शिविर, बधियाकरण, टीकाकरण, कृत्रिम गर्भाधान, नस्ल सुधार कार्यक्रम, चारा विकास, गोबर और अपशिष्ट प्रबंधन की कार्यवाहियां की जाएंगी। व्हीईओ नरसिंहपुर डॉ. संजय मांझी ने बताया कि 27 एवं 28 फरवरी को नगरपालिका के सहयोग से सभी वार्डों में पालतू एवं निराश्रित कुत्तों के लिए निःशुल्क एंटी-रेबीज टीकाकरण किया जाएगा। इसके लिए विभागीय टीमें गठित की जा चुकी हैं। साथ ही नरसिंहपुर शहर में आवारा कुत्तों के लिए च्डॉग शेल्टर होमज बनाने हेतु स्थान चयन की प्रक्रिया जारी है। जिला नोडल अधिकारी डॉ. आरके बमनेले ने विभागीय लक्ष्यों की प्रगति साझा की। उन्होंने बताया कि आचार्य विद्यासागर योजना में 65 का टारगेट था, जिसमें 80 प्रकरण बने हैं। समुन्नत मुर्रा पड़ा प्रदाय योजना में 35 लक्ष्य पूर्ण कर लिए गए निगम से डिस्ट्रिब्यूशन पैडिंग है। मुख्यमंत्री डेयरी प्लस योजना में 23 नए केस डिसबर्स होने को तैयार हैं। भीमराव अंबेडकर में 10 का लक्ष्य था जिसमें से इस सप्ताह 2 केस डिसबर्स हुए हैं। इस पर कलेक्टर ने लक्ष्य को जल्द से जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए। बकरी पालन प्रक्षेत्र उमरिया के प्रबंधक डॉ. बीके मुड़िया ने बताया कि प्रक्षेत्र में एक हजार 759 लोगों को बकरी पालन के लिए प्रशिक्षित किया गया है।

उन्होंने बताया कि चारा विकास के लिए चारा की नई प्रजाति मक्खन एवं दशरथ घास की बुवाई अभी हाल ही में की गई है। डॉ. नितेश जैन ने भारत पशुधन पोर्टल पर सटीक डेटा प्रबंधन के महत्व के बारे में बताया। एनडीएलएम अंतर्गत बताया गया कि अब पशुओं को ईयर टैग लगाने के बाद पशुपालक का आधार कार्ड अपडेट किया जाना अनिवार्य कर दिया गया है। साथ ही टीकाकरण, कृत्रिम गर्भाधान कार्य के ऑनलाइन एंट्री के लिए पशुपालक से ओटीपी प्राप्त की जावेगी, ताकि यह कार्य और भी पारदर्शी बनेगा।




## करेली में 'स्वच्छता की पाठशाला' छात्रों ने लिया स्वच्छता का संकल्प

करेली (स्वतंत्र मत)।

नगर की प्रतिष्ठित संस्था खजांची रामकली बाई हायर सेकेंडरी स्कूल में नगर पालिका परिषद करेली द्वारा स्वच्छता सर्वेक्षण 2025 के तहत 'स्वच्छता की पाठशाला' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य शहर में स्वच्छता को उच्च स्तर तक पहुंचाने के लिए विद्यार्थियों को जागरूक और प्रेरित करना रहा। नगर पालिका की ओर से श्रीमती काजल साहू ने प्रेजेंटेशन के माध्यम से डोर-टू-डोर गार्बेज कलेक्शन, कंपोस्ट पिट निर्माण, सी एंड डी (पुराना मलबा) कचरे के प्रबंधन, मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी सेंटर की कार्यप्रणाली तथा 'रिड्यूस, रीयूज, रीसायकल' के सिद्धांतों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि व्यावसायिक क्षेत्रों में कचरा पृथक्करण ग्रीन, ब्लू, रेड और ब्लैक डस्टबिन के आधार पर किया जा रहा है, जिससे कचरे का वैज्ञानिक निस्तारण संभव हो सके। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को स्वच्छता का संदेश देते हुए उन्हें अपने घर, स्कूल और आसपास के क्षेत्रों में साफ-सफाई बनाए रखने के लिए प्रेरित किया गया। अंत में समस्त विद्यालय परिवार और छात्राओं को स्वच्छता के प्रति शपथ दिलाई गई।

इस अवसर पर स्कूल के प्राचार्य हरजीत सिंह छाबड़ा, स्कूल स्टाफ तथा नगर पालिका के फायर बिग्रेड मैनेजर विधान शर्मा, अभिषेक जाटव, आकाश पटेल सहित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## छेड़खानी करने वाले आरोपी को सजा

नरसिंहपुर (स्वतंत्र मत)।

न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी नरसिंहपुर अंकिता श्रीवास्तव लड़की से छेड़खानी करने वाले आरोपी राहुल झारिया (मेहरा) उम्र 27 वर्ष निवासी ग्राम डांगीढाना थाना स्टेशनगंज जिला नरसिंहपुर म.प्र को धारा 451, 354, 354(क) (1)(प), 354 (घ) भा.द.सं. में 01-01 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 500-500/- रूपये अर्थदण्ड, कुल 2,000/- रूपये अर्थदण्ड से दंडित किया है। अभियोजन के अनुसार दिनांक 14.10.23 को 19ः40 बजे अभियोक्त्री ने रिपोर्ट लेखबद्ध कराई कि वह आटो या बस से कालेज आना जाना करती है। दिनांक 14.10.23 को सुबह उसकी मां मजदूरी करने खेत चली गई थी, पापा आटो लेकर गए थे, वह घर पर अकेली थी तभी सुबह करीब 10ः00 बजे घर के सामने रहने वाला राहुल झारिया घर में घुस आया और बोला कि आज कालेज मत जाओ, मुझसे बात करो, मेरे साथ कही घूमने चलो। उसने कहा कि उसे कही नहीं जाना, वह कालेज जा रही है तो गंदी नियत से उसने सीधा हाथ पकड लिया।

अभियोक्त्री ने कहा कि वह चिल्लाकर सबको बुला देगी तो अभियुक्त वहां से भाग गया और वह आटो से कालेज आ गई। उसके बाद अभियुक्त भी उसके पीछे पीछे बस से कालेज आ गया। जब उसका कालेज छूटा तो वह बस से डांगीढाना गई तभी दोपहर करीब 03ः00 बजे जैसे ही वह बस से उतरी, रोड क्रॉस करके डांगीढाना रोड पहुंची तो अभियुक्त फिर से वहां आ गया और बोला कि रूक मादरचोद कहां जा रही है, मुझसे बात क्यों नहीं करती। उसने कहा कि मुझे तुमसे कोई बात नहीं करनी तो अभियुक्त ने उसे गाल पर एक झांपड मार दिया। उसने कहा कि मैं घर जाकर पापा को बताउंगी तो पीछे पीछे घर तक आ गया और बोला कि अगर किसी को बताया तो तुम्हें बदनाम कर दूंगा। फिर उसने यह बात अपने माता पिता को बताई फिर थाने रिपोर्ट करने गई, रिपोर्ट अंतर्गत धारा 454, 354, 354(क)(1)(प), 354(घ), 294, 506 भा.दं.सं. में लेखबद्ध किए जाने के पश्चात् प्रकरण विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान घटना स्थल का निरीक्षण कर नक्शा तैयार किया गया। प्रार्थिया के कथन की वीडियो ग्राफी कराई गई। पीडिता का मुलाहिजा कराकर धारा 164 दं.प्र.सं. के कथन कराए गए। गवाह माता पिता के कथन लेखबद्ध किए गए। संपूर्ण विवेचना उपरांत अभियोग पत्र न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

न्यायालय में शासन की ओर से मामले की पैरवी उप निदेशक अभियोजन श्री रामकुमार पटेल के निर्देशन में सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी, श्री घनश्याम प्रजापति द्वारा की गई। अभियोजन के द्वारा साक्षियों का परीक्षण कराया गया तत्पश्चात मौखिक तर्क प्रस्?तुत किये गये जिनसे सहमत होते हुए न्?यायालय द्वारा आरोपी राहुल झारिया (मेहरा) उम्र 27 वर्ष निवासी ग्राम डांगीढाना थाना स्टेशनगंज जिला नरसिंहपुर म.प्र को धारा 451, 354, 354(क) (1)(प), 354 (घ) भा.द.सं. में 01-01 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 500-500/- रूपये अर्थदण्ड, कुल 2,000/- रूपये अर्थदण्ड से दंडित किया है।



## सहायक शिक्षिका ने अपने स्कूल को दी स्मार्ट टीवी

**गाडरवारा (स्वतंत्र मत)।** गत दिवस क्षेत्र के साईंखेडा ब्लॉक अंतर्गत ग्राम खुरसीपार के एकीकृत शासकीय उ मा शाला में पदस्थ सहायक शिक्षिका राधा शर्मा ने प्राथमिक कक्षा के बच्चों की पढ़ाई मे डिजिटल कन्टेट के लिये स्वयं के खर्चे पर लगभग 51000 रू की राशि के 3 स्मार्ट टीवी विद्यालय को भेंट किये। इस अवसर पर श्रीमती शर्मा ने बताया कि आधुनिक शिक्षा मे संचार संसाधनों का होना एवं उससे जुड़कर अध्यापन करना आज की महती आवश्यकता है। हमारे स्कूल मे उक्त संसाधनो का अभाव था जिससे बच्चों को लाभ नहीं मिल पाता था। यहाँ उल्लेखनीय है कि श्रीमती शर्मा इसी वर्ष 31 मार्च को सेवानिवृत्त हो रही है। उनके द्वारा किये गये इस पुनीत कार्य की सर्वत्र सराहना हो रही है। इस अवसर पर प्राचार्य पुरुषोतम पाल, शेख जाफर खान सहित स्कूल के अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

**अपनी शाला के बच्चों के प्रति दिखाया समर्पण का जज्बा**

## लेदर बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का भव्य समापन, विदिशा टीम रही विजेता

नरसिंहपुर (स्वतंत्र मत)।



आमगांव छोटा स्थित वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी स्टेडियम में मणिनागेंद्र सिंह फाउंडेशन के तत्वाधान में आयोजित लेदर बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन समारोह उत्साह और उमंग के साथ संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल उपस्थित रहे। उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया तथा खेलों को जीवन में अनुशासन और समर्पण का माध्यम बताया प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला जबलपुर और छत्रपति शिवाजी क्लब विदिशा के मध्य खेला गया। रोमांचक मुकाबले में विदिशा की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम किया।

विजेता टीम को मणिनागेंद्र सिंह फाउंडेशन द्वारा प्रथम पुरस्कार प्रदान किया गया। उपविजेता टीम को भी सम्मानित किया गया अपने संबोधन में पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल ने कहा कि ग्रामीण अंचलों में इस प्रकार की खेल प्रतियोगिताएं प्रतिभाओं को मंच प्रदान करती हैं और युवाओं को सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ने की प्रेरणा देती हैं।

खिलाड़ियों ने पूरे टूर्नामेंट में उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन, अनुशासन और खेल भावना का प्रेरणादायक परिचय दिया समारोह में भाजपा जिला अध्यक्ष रामस्नेही पाठक, पूर्व विधायक गोविंद सिंह, जिला उपाध्यक्ष अजय कुमार साहू, जनपद अध्यक्ष छत्रपाल सिंह, जिला पंचायत सदस्य सीताराम नामदेव, अशोक वर्मा सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

आयोजन समिति के सदस्यों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई अंत में सभी विजेता एवं प्रतिभागी खिलाड़ियों, आयोजन समिति एवं सहयोगियों को हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गईं।

## लीनेस क्लब संस्कार का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।



लीनेस क्लब संस्कार का 29 व शपथ ग्रहण समारोह हर्षोल्लास के साथ सावित्री सिगनेचर होटल में संपन्न हुआ शपथ ग्रहण समारोह का प्रारंभ कृष्ण शर्मा के आतिथ्य में हुआ जो की महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज की प्रिंसिपल है सर्वप्रथम सरस्वती पूजन के साथ समारोह का प्रारंभ हुआ सुषमा तिवारी द्वारा सरस्वती वंदना का गायन हुआ एवं नंदिता चौबे द्वारा ध्वज वंदना का पढ़ी गई तत्पश्चात तनुश्री खत्री के द्वारा एक मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति की गई इसके उपरांत डिस्ट्रिक्ट कोषाध्यक्ष ज्योति तिवारी एवं एरिया ऑफिसर शिखा साहू जी के द्वारा अध्यक्ष रचना त्रिवेदी सचिन ज्योति पचौरी कोषाध्यक्ष वत्सला त्रिवेदी को मानव सेवा एवं समाज सेवा शपथ दिलाई गई क्लब के बी ओ डी संध्या कोठारी, ज्योति तिवारी, मालती त्रिवेदी, सुमन शर्मा , कमला मिश्रा ,क्लब संरक्षक की शपथ ली संध्या कोठारी, निशा सोनी, अर्चना सोनी, गीता मिश्रा, ज्योति पचौरी, नंदिता चौबे, शालू भाटिया, रमा दुबे, सुषमा मिश्रा, सुषमा तिवारी, ममता गुप्ता, कुसुम राजपूत, को डिस्ट्रिक्ट चेयरपर्सन की शपथ दिलाई गई कार्यक्रम के अंत में सुषमा मिश्रा द्वारा आभार प्रदर्शित किया गया क्लब के कार्यक्रम में बलजीत कौर, ममता गुप्ता, मनीष टंडन, दुर्गा राय, नीता शर्मा, अंजना दुबे, कीर्ति पालीवाल, सुनीता राजपूत, मनीष पुरोहित एवं क्लब के सभी सदस्य शामिल रहे इसके साथ ही क्लब का गरिमा पूर्ण कार्यक्रम शपथ ग्रहण संपन्न हुआ।

## 6 घंटे में लूट का खुलासा करने वाली टीम को पुलिस महानिदेशक द्वारा किया गया सम्मानित

**नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।** ज्ञात हो कि दिनांक 03.02.2026 की रात्रि जिला नरसिंहपुर अंतर्गत थाना कोतवाली में नरसिंहपुर नगरीय क्षेत्र स्थित होटल कुसुम वैली में 04 नकाबपोश व्यक्तियों द्वारा लगभग 75 लाख रूपये नगदी लूट की घटना घटित की गई थी। उक्त प्रकरण में अज्ञात आरोपियों की पतारसी/गिरफ?तारी एवं लूटी गई संपत्ति की बरामदगी हेतु पुलिस अधीक्षक, डॉ. ॠषिकेश मीना द्वारा अति. पुलिस अधीक्षक, श्री संदीप भूरिया के मार्गदर्शन में एवं एसडीओपी नरसिंहपुर, श्री मनोज गुप्ता के निर्देशन में पुलिस टीम का गठन किया गया था। गठित की गयी पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही कर घटना के 06 घंटों के अंदर तकनीकी एवं भौतिक साक्ष्य का संकलन कर घटना का खुलासा करते हुए 04 नकाबपोश आरोपियों की गिरफ?तारी की गई एवं उनसे लूटी गई राशि रू. 68 लाख बरामद किए गए। देर रात्रि घटना में संलिप्त शेष अन्य 03 आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की गई।लूट के प्रकरण में अज्ञात आरोपियों की पतासाजी कर मात्र 6 घंटे के भीतर गिरफ्तारी एवं चोरी गए मशरूका की बरामदगी करने की सराहनीय कार्यवाही के लिए *पुलिस महानिदेशक, मध्यप्रदेश श्री कैलाश मकवाणा* द्वारा संपूर्ण पुलिस टीम को प्रशंसा पत्र एवं नगद पुरस्कार प्रदान कर उनके उत्कृष्ट कार्य की प्रशंसा की गई है।



## जनसुनवाई में आये 130 आवेदन पत्रों की हुई सुनवाई

**नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।** कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह के निर्देशन में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई आयोजित की गई। आवेदकों ने विभिन्न विषयों से संबंधित आवेदन पत्र प्रस्तुत किए। जनसुनवाई में विभिन्न समस्याओं से संबंधित कुल 130 आवेदन पत्र प्राप्त हुए। सीईओ जिला पंचायत श्री गजेन्द्र सिंह नागेश सहित अन्य अधिकारियों ने जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों का तत्काल निराकरण किया। जिन आवेदन पत्रों का तत्काल निराकरण नहीं हो सका, उन आवेदन पत्रों को निर्धारित समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

## समर्थन मूल्य पर गेंहू उपार्जन हेतु जिले में कुल 69 पंजीयन केन्द्र स्थापित

**दमोह (स्वतंत्र मत)।** रबी विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर गेंहू उपार्जन हेतु जिले में कुल 69 पंजीयन केन्द्र स्थापित किये गये है जिन पर 7 फरवरी से 7 मार्च तक किसान पंजीयन हेतु तिथि निर्धारित की गई है। जिला आपूर्ति अधिकारी ने बताया किसान पंजीयन सप्ताह के सभी कार्य दिवसों में रविवार एवं शासकीय अवकाश छोड़कर किया जावेगा। भूमि स्वामी अपना पंजीयन समिति स्तर पर स्थापित पंजीयन केन्द्र, ग्राम पंचायत में स्थापित सुविधा केन्द्र जनपद पंचायत कार्यालयों में स्थापित सुविधा केन्द्र एवं तहसील कार्यालयों में स्थापित सुविधा केन्द्र पर निशुल्क करा सकेगें। उन्होने बताया एम.पी किसान कियोस्क, कॉमन सर्विस सेंटरए लोक सेवा केन्द्रए निजी व्यक्तियों द्वारा संचालित साईबर कैफे पर पंजीयन शुल्क 50 रूपये निर्धारित किया गया है। सिकमी/वनाधिकार पट्टाधारी कृषकों का पंजीयन सेवा सहकारी समिति स्तर पर स्थापित पंजीयन केन्द्र पर ही किया जावेगा। सिकमी पंजीयन हेतु अनुबंध निर्धारित प्रारूप में तहसीलदार के हस्ताक्षर से जारी अनुबंध ही मान्य होगें जिसका रिकार्ड समिति द्वारा संधारित किया जाना अनिवार्य होगा। कृषकों को नवीन पंजीयन हेतु भूमी की जानकारी बी-1, आधार नंबर, बैक खाता नंबर की प्रति एवं मोबाईल नंबर की जानकारी पंजीयन केन्द्र पर उपलब्ध कराना होगी। किसान की भूमि एवं फसल के बोये गये रकबे की जानकारी गिरदावरी डाटाबेस से ली जावेगी।



## सार्वजनिक जवारे उत्सव का शंखनाद

# विधि-विधान से हुआ ध्वज पूजन

**करेली।** स्थानीय श्री राम मंदिर सुमन भागवत मंच पर प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी सार्वजनिक जवारे उत्सव समिति द्वारा चैत्र नवरात्रि के उपलक्ष्य में भव्य आयोजन किया जा रहा है। आयोजन की गरिमामय शुरुआत हनुमान जी महाराज को ध्वज अर्पित कर की गई।



**भक्तिमय वातावरण में संपन्न हुआ पूजन** - समिति द्वारा आगामी 22 मार्च से 31 मार्च तक आयोजित होने वाले इस महोत्सव में 251 अखंड ज्योति कलश एवं 551 जवारे घट कलश की स्थापना पूर्ण विधि-विधान से की जाएगी। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य यजमान सुनील सोनी द्वारा श्री राम मंदिर में ध्वज पूजन के साथ किया गया। पूजन कार्य आचार्य श्री शशिकांत शास्त्री, शिवनारायण शास्त्री, पंडित रामाधार भरद्वाज, अरविंद स्वामी, रविन्द्र बिल्थरे एवं संदीप बिल्थरे के सानिध्य में संपन्न हुआ।

**ढोल-ताशों के साथ नगर भ्रमण** - पूजन के पश्चात समिति के सदस्यों ने ढोल-ताशों की मंगल ध्वनि के साथ नगर भ्रमण किया। उत्साह और उमंग के साथ निकाले गए इस चल समारोह के बाद ध्वज को वीर बजरंगबली महाराज के चरणों में समर्पित किया गया।

**समिति के सदस्य रहे उपस्थित** - इस अवसर पर मुख्य यजमान सुनील सोनी के साथ समिति के वरिष्ठ सदस्य अजय नेमा, प्रमोद गुप्ता, आशीष दुबे, मंडल अध्यक्ष हेमंत पटेल विशेष रूप से उपस्थित रहे। साथ ही जवारे के प्रमुख पंडा सुखलाल नेमा, मंडल कोषाध्यक्ष अनंत नेमा, आशीष गुप्ता, प्रीतेश सोनी, पंकज खत्री, अमन गुप्ता, सौरभ सोनी, दीपक नेमा, बाला नेमा, शिवम नामदेव, हर्ष गुप्ता एवं यजमान परिवार के शैलेंद्र सोनी, सुधीर सोनी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

# रंग, पिचकारी और गुलाल की दुकानें सजी

## होली करीब : होलिका दहन की तैयारियों से बढ़ती जा रही रौनक

कटनी (स्वतंत्रमत)।

होलिका अष्टक लगते ही बाजार में होली के माहौल दिखने लगा है। त्यौहार के नजदीक आते ही शहर के बाजारों और घरों में रंग और उत्साह दोनों नजर आ रहे हैं। शहर के बाजारों में इस साल साइक्लोन पिचकारी, फायरवर्क 288 बार फूटने वाला, गुलाल सिलेंडर, बजुका पिचकारी, सांप गुलाल पिचकारी, हर्बल गुलाल, रंगीन पाउडर, जल रंग, पानी के बैग और फोम गन सहित तमाम होली के उत्पाद उपलब्ध हैं। दुकानदारों ने बताया कि पिछले सालों की तुलना में रेट में 15 से 20 प्रतिशत तक वृद्धि हुई है, वहीं खरीदारी और डिमांड में भी इजाफा देखा जा रहा है। विशेष रूप से हर्बल और प्राकृतिक गुलाल की मांग अधिक है, क्योंकि लोग सुरक्षित और त्वचा के लिए हानिरहित रंगों का इस्तेमाल करना चाहते हैं। बाजार में बच्चों और युवाओं के लिए पिचकारी सेट्स, छोटे पानी के गन और





रंगीन पानी के बैग खूब बिक रहे हैं। दुकानों पर फेस मास्क, सैनिटाइजर और पर्यावरण के अनुकूल रंग भी उपलब्ध हैं।

### शहर में कई जगह रखी जा रही होलिका

त्योहार की एक और खास तैयारी होलिका दहन की है। शहर और गांवों में जगह-जगह होलीका दहन स्थल तैयार किए जा रहे हैं, वहीं घरों में गाय के गोबर के उपले बनाकर लोग घर पर भी होलिका दहन करने की तैयारी कर रहे हैं।

### सतर्क रहने की सलाह

प्रशासन ने आग से संबंधित सुरक्षा उपायों का पालन करने और घर या सार्वजनिक स्थानों में सुरक्षित ढंग से होलिका दहन करने की अपील की है। बाजारों में आने वाले परिवार और बच्चों के लिए सेल्फी प्वाइंट बनाए गए हैं, ताकि त्यौहार का आनंद यादगार तरीके से मनाया जा सके।

### दुकानदारों का कहना है

इस साल की बिक्री पिछले वर्षों की तुलना में बेहतर रहने की उम्मीद है, क्योंकि लोगों में उत्साह और रंगों के प्रति उत्सुकता बढ़ी है।

# बाघों का मूवमेंट, दहशत में ग्रामीण

**वन विभाग ने बढ़ाई निगरानी, लोगों को अलर्ट रहने के लिए कहा**

कटनी (स्वतंत्रमत)।

जिले में बाघों का मूवमेंट लगातार देखने को मिल रहा है। विजयराघवगढ़ और बहोरीबंद के बाद अब ढीमरखेड़ा वन परिक्षेत्र के शाहडार और झिर्री गांव के आसपास बाघों की मौजूदगी देखने को मिल रही है, जिससे ग्रामीणों में भय का माहौल बना हुआ है। पिछले कुछ दिनों से यहां नर और मादा बाघ की उपस्थिति लगातार बनी हुई है, जिससे खेतों में काम करने वाले किसानों और ग्रामीणों की चिंता बढ़ गई है। घना जंगल होने के कारण इस इलाके में वन्य जीवों का विचरण स्वाभाविक बताया जा रहा है, लेकिन गांवों के नजदीक बाघों का आना लोगों के लिए खतरे की घंटी माना जा रहा है। वन विभाग की टीम लगातार क्षेत्र में गश्त कर रही है और ग्रामीणों को सतर्क रहने



की सलाह दी जा रही है।

### बाघों की निगरानी के लिए बढ़ाई ट्रैकिंग

वन विभाग ने बाघों की निगरानी के लिए ट्रैकिंग बढ़ाई है और संवेदनशील इलाकों में नजर रखी जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि बाघों के मूवमेंट से पशुओं की सुरक्षा को लेकर भी चिंता बनी हुई है। वन विभाग ने आश्वासन दिया है कि किसी भी आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई की जाएगी और क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था और मजबूत की जाएगी।

### इनका कहना है

वन परिक्षेत्र के रेंजर अजय मिश्रा ने बताया कि बाघों की गतिविधियों को देखते हुए गांवों में मुनादी कराई जा रही है। लोगों से अपील की गई है कि वे अकेले जंगल या खेतों की ओर न जाएं। विशेष कर सुबह और देर शाम के समय अतिरिक्त सावधानी बरतें। रेंजर ने यह भी कहा कि अनावश्यक रूप से बाघों के वीडियो या फोटो बनाकर सोशल मीडिया पर साझा न करें, क्योंकि इससे अफवाह फैलने की आशंका रहती है और वन्य जीवों की सुरक्षा भी प्रभावित हो सकती है।

# कटनी पुलिस द्वारा जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन

कटनी (स्वतंत्रमत)।

नागरिकों की समस्याओं एवं शिकायतों को प्रत्यक्ष रूप से सुनने तथा उनका त्वरित एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कटनी अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन में 24 फरवरी को प्रातः 12 बजे पुलिस कंट्रोल रूम कटनी में जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान जिले के विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित हुए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक द्वारा फरियादियों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना गया तथा प्रत्येक प्रकरण में शीघ्र एवं निष्पक्ष कार्रवाई सुनिश्चित करने हेतु संबंधित थाना प्रभारियों एवं शाखा प्रभारियों को स्पष्ट एवं आवश्यक निर्देश दिए गए। जनसुनवाई में प्राप्त 25 शिकायतों में मुख्य रूप से भूमि विवाद, पारिवारिक विवाद, मारपीट, धोखाधड़ी, साइबर अपराध, महिला उत्पीड़न एवं थानों से संबंधित शिकायतें सामने आईं। पुलिस अधिकारियों ने एक-एक कर सभी फरियादियों की बात सुनी और निर्देशित किया कि प्रत्येक शिकायत की निष्पक्ष जांच कर नियमानुसार समयबद्ध निराकरण



किया जाए। कटनी पुलिस व्दारा आयोजित जनसुनवाई का मुख्य उद्देश्य जनता की समस्याओं को सीधे सुनकर उन्हें प्राथमिकता के आधार पर हल करना है, ताकि किसी भी फरियादी को अनावश्यक रूप से थानों के चक्कर न काटने पड़ें। पुलिस कप्तान ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिकायतों का समाधान पारदर्शी एवं संवेदनशील तरीके से किया जाए। जिन मामलों में त्वरित कार्रवाई आवश्यक है, उनमें तत्काल रिपोर्ट प्रस्तुत कर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए तथा लंबित प्रकरणों की नियमित समीक्षा कर शीघ्र निराकरण किया जाए।

# सीधा संवाद, सीधा समाधानः महापौर की पहल से बढ़ा जनविश्वास

## महापौर जनसुनवाई में दिखी प्रशासनिक सक्रियता, त्वरित निराकरण से नागरिकों को मिली राहत

कटनी (स्वतंत्रमत)।

नगर निगम कार्यालय स्थित मेयर इन काउंसिल कक्ष में मंगलवार को आयोजित महापौर जनसुनवाई कार्यक्रम में नागरिकों की समस्याओं पर गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ सुनवाई की गई। सुबह 11 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक चली जनसुनवाई में विभिन्न वार्डों से आए नागरिकों ने अपनी समस्याएँ सीधे महापौर के समक्ष रखीं। महापौर प्रीति संजीव सूरी ने प्रत्येक आवेदन पर व्यक्तिगत रूप से संज्ञान लेते हुए अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जिन मामलों का निराकरण तत्काल संभव है, उन्हें प्राथमिकता के साथ मौके पर ही हल किया जाए। जनसुनवाई में कुल 44 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 16 प्रकरणों का त्वरित निराकरण कर नागरिकों को तत्काल राहत प्रदान की गई।

शेष आवेदनों को संबंधित विभागों को सौंपते हुए निर्धारित समय सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। जनसुनवाई के दौरान सड़क मरम्मत, जल निकासी, पेयजल आपूर्ति, सफाई व्यवस्था, अतिक्रमण, राजस्व प्रकरण एवं प्रमाण पत्र से जुड़ी समस्याएँ प्रमुख रूप से सामने आईं। महापौर ने अधिकारियों को सख्त



हिदायत दी कि नागरिकों की समस्याओं को लंबित न रखा जाए और प्रत्येक आवेदन पर पारदर्शी एवं जवाबदेह कार्यवाही की जाए। महापौर ने कहा कि नगर निगम का उद्देश्य केवल शिकायतें दर्ज करना नहीं, बल्कि परिणाम देना है। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रत्येक मंगलवार को नियमित रूप से जनसुनवाई आयोजित की जाएगी, ताकि आमजन की समस्याओं का त्वरित एवं स्थायी समाधान सुनिश्चित हो सके। उन्होंने अधिकारियों को चेताया कि कार्यों में अनावश्यक देरी या लापरवाही पाए जाने पर जवाबदेही तय की जाएगी।

# युवा संगम के बेहतर आयोजन के लिए रोजगार आयुक्त ने कलेक्टर को सराहा

**युवा संगम के आयोजन में कटनी जिला प्रदेश के 5 अग्रणी जिलों में शामिल**

कटनी (स्वतंत्र मत)। बेरोजगार युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने हेतु कलेक्टर आशीष तिवारी के मार्गदर्शन पर जिले में युवा संगम कार्यक्रम के तहत रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेले में आकांक्षी युवाओं के लिये उत्कृष्ट कार्य पर रोजगार आयुक्त ने कलेक्टर की प्रशंसा की है। जिले में रोजगार मेलों के माध्यम से युवाओं को रोजगार देने के मामले में कटनी जिला प्रदेश के 5अग्रणी जिलों में शामिल हैं। रोजगार आयुक्त, गिरीश शर्मा ने प्रशंसा पत्र में कलेक्टर के बहुमूल्य योगदान की सराहना करते हुये कहा है कि आपके नेतृत्व में किया गया कार्य प्रशंसनीय है, भविष्य में भी सहयोग की अपेक्षा



है। जिले में युवा संगम कार्यक्रम के तहत रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेले के व्यापक आयोजन के मामले में कटनी जिला प्रदेश में चौथे स्थान पर है। जिला रोजगार अधिकारी डी के पासी ने बताया कि इस वर्ष अप्रैल से अब तक 9 रोजगार मेलों का आयोजन किया गया है। जिसमें करीब ढाई हजार युवाओं का प्राथमिक चयन कर उन्हें ऑफर लेटर वितरित किये गये। वहीं अप्रेंटिसशिप के लिये 325 आवेदकों का चयन किया गया। इसी प्रकार स्वरोजगार हेतु 2 हजार 700आवेदकों को रोजगार मेले के माध्यम से ऋण वितरित किये गये।

# 2 मार्च से बसों की अनिश्चितकालीन हड़ताल

## नई परिवहन नीति के विरोध में बस ऑपरेटर्स का ऐलान

कटनी (स्वतंत्रमत)।

मध्यप्रदेश शासन की नई परिवहन नीति के विरोध में 2 मार्च 2026 से बसों की अनिश्चितकालीन हड़ताल की घोषणा की गई है। इस संबंध में कटनी बस ऑपरेटर्स एसोसिएशन द्वारा पत्रकारवार्ता आयोजित कर शासन के निर्णय का विरोध दर्ज कराया गया। एसोसिएशन पदाधिकारियों ने बताया कि सरकार द्वारा 24 दिसंबर 2025 को लागू किए गए नए नियमों में संशोधन करते हुए 29 जनवरी 2026 से निजी बसों को अनुबंधित किए जाने की व्यवस्था लागू की गई है। इसके तहत शासन द्वारा प्रदेश में गठित 7 निजी कंपनियों के साथ बस संचालकों को अनुबंध करना अनिवार्य किया गया है। बस आपरेटर्स एसोशिएशन के अध्यक्ष शुभ




प्रकाश मिश्र ने बताया की सरकार इस नीति से अतिरिक्त कर एवं टैक्स के साथ-साथ बसों के परमिट का नवीनीकरण अब प्रत्येक 6 माह में कराना पड़ेगा, जबकि वर्तमान में निजी बसों के परमिट 5 वर्षों के लिए स्वीकृत होते हैं और उनका नवीनीकरण भी 5 वर्षों के लिए ही किया जाता है। नई व्यवस्था से बस संचालकों पर आर्थिक एवं प्रशासनिक बोझ बढ़ेगा। बस ऑपरेटर्स ने स्पष्ट कहा कि शासन द्वारा बनाई गई नई नीति को वापस लिया जाए। यदि शासन ने मांगों पर पुनर्विचार नहीं किया तो 2 मार्च से प्रदेशभर में अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू की जाएगी। पत्रकारवार्ता में एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष पंकज गुप्ता, मनोज कुमार चौरसिया, राजेंद्र मिश्रा, प्रदीप गुप्ता, यादवेंद्र मिश्रा, रामजी पांडे सहित सभी पदाधिकारी एवं सदस्यगण उपस्थित रहे। एसोसिएशन ने चेतावनी दी कि मांगें नहीं मानी गईं तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा, जिसका सीधा असर आम यात्रियों पर पड़ सकता है।

# आरटीओ कार्यालय में सीएम हेल्पलाइन का शिकायत निवारण शिविर सम्पन्न

कटनी (स्वतंत्रमत)।

मध्य प्रदेश परिवहन विभाग के परिवहन आयुक्त के निर्देशानुसार कल 24 फरवरी को जिला परिवहन कार्यालय, कटनी में सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के त्वरित निराकरण हेतु विशेष शिविर का आयोजन सम्पन्न हुआ। शिविर का उद्देश्य लंबित प्रकरणों का मौके पर समाधान कर आमजन को त्वरित राहत प्रदान करना था। अतिरिक्त परिवहन अधिकारी संतोष पाल ने जानकारी देते हुए बताया कि शिविर में शिकायतकर्ताओं से वन-टू-वन चर्चा कर उनकी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण किया। उन्होंने सभी संबंधित शिकायतकर्ताओं से अपील की थी कि वे निर्धारित तिथि पर उपस्थित होकर अपनी शिकायतों का समाधान सुनिश्चित करें। शिविर में आगंतुकों के लिए पेयजल एवं समुचित बैठक व्यवस्था की गई, ताकि उन्हें किसी प्रकार की असुविधा न हो। यदि कोई शिकायत सीएम हेल्पलाइन के अंतर्गत चेक पोस्ट अथवा फ्लाइंग स्क्वॉड से संबंधित पाई जाती है, तो संबंधित अधिकारी को भी परिवहन कार्यालय में उपस्थित कराकर प्रकरण का निराकरण कराया गया। प्रशासन का प्रयास है कि जनसुनवाई की प्रक्रिया को और अधिक प्रभावी बनाते हुए पारदर्शी एवं जवाबदेह व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, जिससे नागरिकों का शासन-प्रशासन पर विश्वास सुदृढ़ हो सके।



# होटल ऋषि रेजेंसी में चोरी, मामला दर्ज

## कर्मचारी ने पार किए रूपए और सामान

कटनी (स्वतंत्र मत)।

माधवनगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत पीरबाबा के पास स्थित होटल ऋषि रेजेंसी में चोरी का मामला सामने आया है। होटल के एक कर्मचारी ने शादी समारोह से प्राप्त नगद रूपए और कीमती सामान पर हाथ साफ कर दिया और फरार हो गया। माधवनगर पुलिस शिकायत पर प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि अनमोल चौपड़ा निवासी जबलपुर हाल मुकाम झिंझरी पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि होटल में 3-4 शादी कार्यक्रमों की पेमेंट और कुछ कीमती सामान सुरक्षित रखा गया था। आरोपी कर्मचारी देवपाल चौधरी निवासी ग्राम बरौली पन्ना ने मौका पाकर पूरी नकद राशि और होटल का सामान लेकर फरार हो गया। कुल चोरी गई संपत्ति की कीमत लगभग 1 लाख 90 हजार रुपये बताई जा रही है, जिमसे नकद राशि 1 लाख 43 हजार रुपये, होटल का सामान लगभग 47 हजार रुपये है। यह घटना 7 दिसंबर 2025 की रात की बताई जा रही है, जिसक रिपोर्ट 23 फरवरी को दर्ज कराई गई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धारा 306 के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

# प्रशिक्षण महाभियान 2026 वैचारिक प्रतिबद्धता के निर्माण का अभियानः सुजीत जैन

## कटनी भाजपा कार्यालय में जिला स्तरीय कार्यशाला सम्पन्न

## पूर्व जिला प्रभारी संजय साहू का विदाई सम्मान

कटनी (स्वतंत्रमत)।

भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय कटनी में सोमवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान 2026 के अंतर्गत जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में संगठनात्मक कार्यों पर मंथन करते हुए प्रशिक्षण महाभियान 2026 के उद्देश्यों पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम में नवनियुक्त जिला संगठन प्रभारी सुजीत जैन का मार्गदर्शन कार्यकर्ताओं को प्राप्त हुआ। उन्होंने कहा कि भाजपा केवल एक चुनावी संगठन नहीं, बल्कि विचारधारा आधारित आंदोलन है। कार्यकर्ताओं को नीति, संगठनात्मक संरचना, जनसंघ के संस्कार, आईटी एवं सोशल मीडिया जैसे विषयों पर प्रभावी प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिससे वे समाज के बीच अधिक सक्रिय और सक्षम भूमिका निभा सकें। अध्यक्षीय उद्बोधन देते हुए जिला अध्यक्ष दीपक टण्डन ने कहा कि प्रशिक्षण के माध्यम से कार्यकर्ताओं में सेवा, समर्पण और संगठन विस्तार की भावना को और सशक्त किया जाएगा। उन्होंने बताया कि यह अभियान वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। जिलाध्यक्ष ने स्वागत भाषण देते हुए



अतिथियों का स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया और कहा कि भाजपा एक विचार आधारित संगठन है, जहां कार्यकर्ता ही इसकी वास्तविक शक्ति हैं। प्रशिक्षण के माध्यम से कार्यकर्ताओं को योजनाबद्ध कार्य, संस्कृति और संगठन के इतिहास की जानकारी दी जाएगी। कार्यशाला के मुख्य वक्ता भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं प्रशिक्षण महाभियान के जबलपुर संभाग के सह प्रभारी पीताम्बर टोपनानी ने कहा कि महाभियान 2026 का मुख्य उद्देश्य कार्यकर्ताओं में वैचारिक प्रतिबद्धता का निर्माण करना है। यह अभियान 9 मार्च से 14 अप्रैल तक चलेगा, जिसमें प्रशिक्षित कार्यकर्ता मंडल स्तर पर प्रशिक्षण प्रदान करेंगे। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से उत्साहपूर्वक सहभागिता का आह्वान किया। प्रशिक्षण की प्रस्तावना जिला उपाध्यक्ष रवि खरे ने रखी, जबकि पीपीटी प्रजेंटेशन के माध्यम से जिला महामंत्री मनीष देव मिश्रा एवं जिला मंत्री आशीष गुप्ता बाबा ने प्रशिक्षण की बारीकियां समझाईं। कार्यक्रम का संचालन जिला उपाध्यक्ष अंकिता तिवारी ने किया तथा आभार प्रदर्शन जिला कार्यालय मंत्री अम्बरीष वर्मा ने व्यक्त किया।

### कार्यकर्ताओं के स्नेह से अभिभूत, सदैव ऋणी रहूंगाः संजय साहू

इस अवसर पर कटनी के पूर्व जिला संगठन प्रभारी संजय साहू का जिला भाजपा की ओर से विदाई सम्मान किया गया, उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए साहू ने कहा कि बीते पांच वर्षों में कटनी जिले के कार्यकर्ताओं का जो स्नेह और सहयोग उन्हें प्राप्त हुआ, वह उनके लिए अविस्मरणीय है और वे सदैव उसके ऋणी रहेंगे। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम से कटनी में संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया गया है।

कटनी का प्रत्येक कार्यकर्ता मेहनती, लगनशील और अपने दायित्व के प्रति सजग है। जिला अध्यक्ष दीपक टण्डन ने साहू को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया, वहीं साहू ने आभार पत्र देकर सभी कार्यकर्ताओं के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। उन्होंने नवनियुक्त जिला संगठन प्रभारी सुजीत जैन को नवीन दायित्व के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर कटनी पहुंचे अनुसूचित जनजाति मोर्चा के नवनियुक्त प्रदेश महामंत्री सोहन सिंह का भी आत्मीय अभिनंदन किया गया। इससे पूर्व कटनी आगमन पर संगठन प्रभारी जैन का कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत एवं अभिनंदन किया।

कार्यशाला में पूर्व प्रदेश कार्यसमिति सदस्यगण, जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, मंडल प्रभारी, मोर्चा पदाधिकारी, मंडल प्रशिक्षण टोली के सदस्य, प्रकोष्ठ संयोजक सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में आगामी प्रशिक्षण सत्रों की रूपरेखा पर चर्चा करते हुए मंडल स्तर तक अभियान को प्रभावी ढंग से संचालित करने का संकल्प लिया गया।

# महिला टी-20 वर्ल्ड कप में पहली बार खेलेंगी 12 टीमें, भारत-पाक एक ग्रुप में

## भारत का मुकाबला 14 जून को पाक से होगा

लंदन (वार्ता)।

बंगलादेश और नीदरलैंड्स को ऑस्ट्रेलिया, भारत, पाकिस्तान और दक्षिण अफ्रीका के साथ ग्रुप 1 में रखा गया है, जबकि आयरलैंड और स्कॉटलैंड इस साल जून और जुलाई में होने वाले 2026 विमेंस टी20 वर्ल्ड कप में होस्ट इंग्लैंड, न्यूजीलैंड, श्रीलंका और वेस्ट इंडीज के साथ ग्रुप 2 में शामिल हुए हैं। शुरुआती हाइलाइट्स में 20 जून को हेडिंग्ले में इंग्लैंड और स्कॉटलैंड का मैच शामिल है, यह पहली बार है जब दोनों टीमें इंग्लिश जमीन पर किसी वर्ल्ड कप, पुरुष या महिला, में भिड़ेंगी। आयरलैंड और स्कॉटलैंड 13 जून को ओल्ड ट्रैफर्ड में एक ऑल-सेल्टिक मुकाबले में भी भिड़ेंगे।



बंगलादेश अपना कैंपेन 14 जून को एजबेस्टन में नीदरलैंड्स के खिलाफ शुरू करेगा - जो टूर्नामेंट में अपना डेब्यू कर रहे हैं - और फिर 17 जून को हेडिंग्ले में ऑस्ट्रेलिया और 25 जून को ओल्ड ट्रैफर्ड में भारत का सामना करेगा। यह टूर्नामेंट 12 जून से 5 जुलाई तक इंग्लैंड और वेल्स के अलग-अलग जगहों पर चलेगा।

नीदरलैंड्स की कप्तान बैबेट डी लीडे ने कहा, हमारे पहले आईसीसी महिला टी-20 वर्ल्ड कप के लिए क्वालीफाई करना हमें बहुत गर्व और उत्साह से भर देता है। यह बहुत खास लगता है क्योंकि, कई मायनों में, यह हमारे लिए लगभग होम वर्ल्ड कप है। हम उम्मीद कर रहे हैं कि हमारे परिवार, दोस्त, फैंस और हर कोई जिसने इतने सालों में डच महिला क्रिकेट को सपोर्ट किया है, स्टैंड में नारंगी रंग का समंदर देखेगा।

पहली बार उस स्टेज पर कदम रखना नीदरलैंड्स में महिला क्रिकेट के लिए एक मील का पत्थर होगा, और हमें उम्मीद है कि यह युवा डच खिलाड़ियों को बड़े सपने देखने और यह विश्वास करने के लिए प्रेरित करेगा कि वे भी एक दिन एक सफल नेशनल टीम को रिप्रेजेंट कर सकते हैं। आईसीसी ने पहले ही फिक्चर जारी कर दिए थे, बाकी टीमों की पुष्टि होने तक, जिनकी जगहें अब फाइनल हो गई हैं, जब बंगलादेश, आयरलैंड, नीदरलैंड्स और स्कॉटलैंड ने नेपाल में क्वालीफायर के जरिए आखिरी चार जगह पक्की कर लीं, जिससे 12 टीमों का फील्ड पूरा हो गया।

ओपनिंग मैच 12 जून को एजबेस्टन में इंग्लैंड और श्रीलंका के बीच खेला जाएगा। पिछले एडिशन के सेमीफाइनल के रीमैच में, न्यूजीलैंड 13 जून को साउथेम्प्टन में वेस्टइंडीज के खिलाफ अपने टाइटल डिफेंस की शुरुआत करेगा, जबकि ऑस्ट्रेलिया उसी दिन मैनचेस्टर में 2024 के फाइनलिस्ट साउथ अफ्रीका से भिड़ेंगे। भारत का मुकाबला 14 जून को एजबेस्टन में पाकिस्तान से होगा।

लॉर्ड्स में ऑस्ट्रेलिया बनाम भारत का मैच कॉम्पिटिशन का आखिरी ग्रुप-स्टेज मैच होगा। हर ग्रुप से टॉप दो टीमें सेमीफाइनल में पहुंचेंगी, जो 30 जून और 2 जुलाई को होंगे। जीतने वाली टीमें 5 जुलाई को लॉर्ड्स में टाइटल क्लैश के लिए भिड़ेंगी। होस्ट इंग्लैंड और 2024 एडिशन की टॉप पांच टीमें (ऑस्ट्रेलिया, भारत, न्यूज़ीलैंड, दक्षिण अफ्रीका और वेस्ट इंडीज) ऑटोमैटिकली एडिशन के लिए क्वालिफ़ाई हो गईं। पाकिस्तान और श्रीलंका, जो उस साल 21 अक्टूबर को आईसीसी रैंकिंग टेबल में अगली दो सबसे ऊंची रैंक वाली टीमें थीं, उन्होंने भी कट बनाया।

**ग्रुप 1:** ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका, भारत, पाकिस्तान, बंगलादेश, नीदरलैंड्स।

**ग्रुप 2:** वेस्ट इंडीज, इंग्लैंड, न्यूज़ीलैंड, श्रीलंका, आयरलैंड, स्कॉटलैंड।

# इंग्लैंड टी-20 वर्ल्डकप के सेमीफाइनल में पहुंची

## पाकिस्तान को 2 विकेट से हराया, हैरी ब्रूक का शतक



**पल्लेकेले (वार्ता)।** इंग्लैंड टी-20 वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में पहुंचने वाली पहली टीम बन गई है। टीम ने मंगलवार को पाकिस्तान पर 2 विकेट से हराया। इंग्लिश टीम ने सुपर-8 में लगातार दूसरा मैच जीता है। कैंडी के पल्लेकेले स्टेडियम में इंग्लिश टीम ने 165 रन का टारगेट 19.1 ओवर में 8 विकेट पर चेज कर लिया। जोफ्रा आर्चर ने चौका मारकर जीत दिलाई। कप्तान हैरी ब्रूक ने 100 रन की पारी खेली। विल जैक्स ने नाबाद 28 रन बनाए। शाहीन शाह अफरीदी ने 4 विकेट झटके। उस्मान तारिक को दो विकेट मिले। ओपनर साहिबजादा फरहान ने 63 रनों की पारी खेली। जबकि बाबर आजम और फखर जमान ने 25-25 रन का योगदान दिया। इंग्लैंड की ओर से लियाम डॉसन ने 3 विकेट झटके। जोफ्रा आर्चर और जैमी ओवरटन को 2-2 विकेट मिले। आदिल रशीद को एक विकेट मिला। एक बैटर रनआउट हुए।

पाकिस्तान ने बनाया 164 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर

ओपनर साहिबजादा फरहान (63) के शानदार अर्धशतक की बदौलत पाकिस्तान ने इंग्लैंड के खिलाफ मंगलवार को टी 20 विश्व कप के सुपर आठ मुकाबले में नौ विकेट पर 164 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर बना लिया।

पाकिस्तान ने पल्लेकेले में इंग्लैंड के खिलाफ एक मुश्किल टोटल बनाया है। कप्तान ने भले ही खुद बल्ले से कुछ खास कमाल नहीं किया हो, लेकिन शुरुआती मुश्किलों के बाद टीम एक लड़ने लायक स्कोर तक पहुंचने में सफल रही। सैम अयूब के आउट होने से पाकिस्तान की शुरुआत खराब रही, लेकिन फरहान और बाबर आजम के बीच पार्टनरशिप ने पारी को संभाला और स्थिरता लाई। बाबर ने 25 रन की एक अच्छी पारी खेली, लेकिन फरहान ने अपने पार्टनर के जाने के बाद भी पारी को संभाला और बीच के ओवरों में अच्छी फिफ्टी बनाई। फरहान ने 45 गेंदों पर 63 रन में सात चौके और दो छक्के लगाए।

# नागल ने बाजी मारी, दूसरे दौर में पहुंचे



**पुणे (वार्ता)।** भारत के टॉप रैंक वाले टेनिस स्टार सुमित नागल ने मंगलवार को शिव छत्रपति क्रीड़ा संकुल, म्हालुंगे बालेवाड़ी टेनिस स्टेडियम में शानदार परफॉर्मेंस दी, जबकि लोकल टीनेजर और देश के उभरते हुए युवा खिलाड़ी मानस धमने ने हिम्मत दिखाते हुए भारतीय टीम को लीड किया। महा ओपन एटीपी चैलेंजर 75 मेन्स टेनिस चैंपियनशिप को महाराष्ट्र स्टेट लॉन टेनिस एसोसिएशन ने महाराष्ट्र सरकार के खेल और युवा सेवा विभाग, के साथ मिलकर ऑर्गनाइज़ किया है और पुणे मेट्रोपॉलिटन रीजनल डेवलपमेंट अथॉरिटी ने इसे स्पॉन्सर किया है। नागल ने जापान के सातवें सीड रियो नोगुची पर 6-1, 6-2 से शानदार जीत हासिल करके घर में मौजूद दर्शकों को रोमांचित कर दिया। उन्होंने एक घंटे 9 मिनट में बेसलाइन से खेल पर कंट्रोल करते हुए सीधे सेटों में मैच अपने नाम कर लिया।

# स्पेन ने शूट आउट में भारत को 4-3 से हराया

**होबार्ट (वार्ता)।** जरमनप्रीत सिंह ने अपना 150वां कैप मनाया, ऐसा लग रहा था कि यह प्रो लीग सीजन में इंडिया की पहली जीत होगी, लेकिन स्पेन के आखिरी समय में किए गए गोल ने उन्हें 1-1 के ड्रॉ पर रोक दिया और फिर शूटआउट में मंगलवार को 4-3 से जीत हासिल कर ली । स्पेन की टीम ने अपनी बिल्ड-अप में सब्र दिखाया और शुरुआत में ही कई अच्छे अटैक करके इंडिया को परखा। पहले क्वार्टर के बीच में, जोस बास्टेरा ने एक लिफ्टेड बॉल को मारकर उन्हें बढ़त दिलाई, लेकिन



रिव्यू में गोल पलट दिया गया। बाकी समय में स्पेन ने और मौके बनाए, फिर भी वे फ़ाइनल टच पाने के लिए संघर्ष करते रहे, जबकि इंडिया के मौके कम ही रहे। दूसरे क्वार्टर में ज़्यादा तेज़ी से खेलते हुए, फिर भारतीयों ने आखिरकार गतिरोध तोड़ा। हार्दिक सिंह ने एक शानदार इंटरसेप्ट किया और मनिंदर सिंह को पास दिया, जिन्होंने सर्कल के ऊपर से एक ज़बरदस्त रिवर्स-स्टिक स्ट्राइक मारकर अपनी टीम को 1-0 की बढ़त दिला दी, जिसे उन्होंने हाफ़ टाइम तक बनाए रखा। तीसरा क्वार्टर शुरू से आखिर तक जबरदस्त मुकाबला रहा, जिसमें दोनों गोलकीपर बिज़ी रहे, हालांकि कोई भी टीम गोल नहीं कर पाई।

# श्रीलंकाई स्पिनर और कीवी पावर का होगा मुकाबला


**कोलंबो (वार्ता)।** क्या श्रीलंका का स्पिन जाल कोलंबो में न्यूज़ीलैंड की छक्के मारने वाली मशीन को फंसा पाएगा? बुधवार को आर प्रेमदासा इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में टी20 वर्ल्ड कप 2026 के सुपर 8 ग्रुप 2 मुकाबले से पहले यही सबसे बड़ा सवाल है। यह मुकाबला स्टाइल में एक दिलचस्प अंतर के तौर पर सामने आ रहा है - श्रीलंका की धीमी, स्पिन-हैवी स्ट्रैटेजी बनाम न्यूज़ीलैंड का निडर, बाउंड्री से भरा पावरप्ले अटैक। इंग्लैंड के खिलाफ बैटिंग की बुरी तरह नाकामी के बाद श्रीलंका दबाव में इस मैच में उतरेगा, जहां वे 147 रन के टारगेट का पीछा करते हुए 95 रन पर आउट हो गए थे। फिर भी, हार के बाद भी, उनका स्पिन शस्त्रागार एक बार फिर सबसे अलग दिखा। डुनिथ वेल्लालेज के 26 रन देकर 3 और महेश थीक्षाना के 21 रन देकर 2 विकेट ने यह



दिखा दिया कि मेजबान टीम को टूर्नामेंट की सबसे ताकतवर स्पिन यूनिट में से एक क्यों माना जाता है। कोलंबो की पिच पर, जो आमतौर पर मैच आगे बढ़ने के साथ धीमी हो जाती है और पकड़ बनाती है, श्रीलंका की उम्मीदें न्यूज़ीलैंड के आक्रामक टॉप ऑर्डर को रोकने की उनकी काबिलियत पर टिकी हैं। इस वर्ल्ड कप में इस जगह पर पहली पारी का औसत स्कोर लगभग 173 रहा है और पाँच में से चार मैच पहले बैटिंग करने वाली टीमों ने जीते हैं, ऐसे में बीच के ओवरों को कंट्रोल करना अहम साबित हो सकता है। हालांकि, न्यूज़ीलैंड अपने साथ टूर्नामेंट की सबसे ज़बरदस्त ओपनिंग पार्टनरशिप लेकर आया है। टिम सीफ़र्ट और फिन एलन ने जबरदस्त ताकत के साथ निडर इरादे का मेल किया है, और अब तक 15 बार गेंद को सीमा रेखा के पार पहुँचाया है। उनकी आक्रामक शुरुआत ने अक्सर स्पिनरों के लय में आने से पहले ही विरोधी टीमों की योजनाओं को खत्म कर दिया है। पाकिस्तान के खिलाफ़ उनका पहला सुपर 8 मैच बारिश की वजह से रद्द हो गया था, लेकिन ब्लैक कैप्स ने पहले ग्रुप स्टेज में लगातार अच्छा प्रदर्शन किया था, और अपने पूल में दूसरे स्थान पर रहे थे। ग्लेन फिलिप्स, रचिन रवींद्र और डेरिल मिशेल वाले मिडिल ऑर्डर ने और भी दमदार शुरुआत की है, जिससे यह पक्का होता है कि अगर शुरुआती विकेट गिर भी जाएं तो कोई राहत नहीं मिलेगी। पहले से ही, न्यूज़ीलैंड ने श्रीलंका के हालात में सफलता पाई है, उसने श्रीलंका की ज़मीन पर पाँच टी20 जीते हैं। यह रिकॉर्ड पहले से ही हाई-स्टेक मुकाबले में एक और चीज जोड़ता है। श्रीलंका के लिए, समीकरण सीधा है - एक और हार उनके सेमीफ़ाइनल की संभावनाओं को बुरी तरह प्रभावित कर सकती है। न्यूज़ीलैंड के लिए, एक जीत न केवल उनकी सुपर 8 पोजीशन को मजबूत करेगी।

# 5 गोल्ड मेडल के साथ टेबल में टॉप पर आर्मी

**गुलमर्ग (वार्ता)।** आर्मी ने मंगलवार को खेलो इंडिया विंटर गेम्स 2026 के गुलमर्ग लेग में अपना चौथा गोल्ड मेडल जीता और मेडल टेबल में टॉप पर पहुंच गई। गेम्स जम्मू और कश्मीर स्पोर्ट्स काउंसिल होस्ट कर रही है और टेक्निकल कंडक्ट की देखरेख की जा रही है। खेलो इंडिया विंटर गेम्स के दूसरे दिन आज पांच और मेडल तय हुए। दिन की सबसे खास बात सीआरपीएफ की नॉर्डिक स्कीयर काजल कुमारी राय का कॉम्पिटिशन में लगातार दूसरा गोल्ड मेडल जीतना था। गुलमर्ग लेग में अब तक दस गोल्ड मेडल तय हो चुके हैं। आर्मी ने रात भर के अपने तीन गोल्ड में एक और गोल्ड जोड़कर अब तक कुल पांच गोल्ड मेडल जीत




लिए हैं। आर्मी ने खेलो इंडिया विंटर गेम्स 2026 के लद्दाख लेग में पुरुषों की आइस हॉकी में गोल्ड जीता था। हरियाणा चार गोल्ड मेडल के साथ मेडल टैली में दूसरे नंबर पर है, ये सभी लेह में उनके स्केटर्स ने जीते हैं, लेकिन महाराष्ट्र सिर्फ एक गोल्ड पीछे है। कामिया कार्तिकेयन ने गुलमर्ग के कोंगदूरी ढलानों पर स्की माउंटेनियरिंग (वर्टिकल) कॉम्पिटिशन में महाराष्ट्र को पहला गोल्ड दिलाया। वरिष्ठ खिलाड़ी आंचल ठाकुर पर काफी ध्यान दिया जा रहा है।

# चावल, गेहूं, चीनी मजबूत- दालों,तेलों में घट-बढ़

नयी दिल्ली (वार्ता)।

घरेलू थोक जिंस बाजारों में मंगलवार को चावल के औसत भाव बढ़ गये। गेहूं और चीनी की कीमतों में भी तेजी रही। दालों और खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 13 रुपये बढ़कर 3,859 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गयी। गेहूं का भाव दो रुपये बढ़ा और यह 2,849 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया। आटा भी चार रुपये महंगा हुआ। दाल-दलहनों में मिलाजुला रुख रहा। तुअर दाल की औसत कीमत 37 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गयी। उड़द दाल में 31 रुपये और मूंग दाल में 15 रुपये की तेजी रही। चना दाल 14 रुपये महंगी हुई। मसूर दाल की कीमत तीन रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गयी। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मई वायदा 29 रिंगिट टूटकर 4,054 रिंगिट प्रति क्विंटल पर रहा। मई का अमेरिकी सोया तेल वायदा भी 0.12 प्रतिशत की गिरावट में 59.81 सेंट प्रति पौंड बोला गया। स्थानीय बाजारों में सूरजमुखी तेल की औसत कीमत 26 रुपये और वनस्पति की 22 रुपये प्रति क्विंटल



बढ़ी। पाम ऑयल नौ रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। मूंगफली तेल की कीमत 39 रुपये और सरसों तेल की 17 रुपये प्रति क्विंटल घट गयी। सोया तेल 14 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। मीठे के बाजार में आज गुड़ के औसत भाव 26 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गये। चीनी भी सात रुपये महंगी हुई।दाल चना 7784.19 रुपये, मसूर काली 8086.69 रुपये, मूंग दाल 10140.11 रुपये, उड़द दाल 10717.51 रुपये, तुअर दाल 11163.10 रुपये प्रति क्विंटल रहे।

अनाज (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2848.96 रुपये और चावल 3858.51 रुपये प्रति क्विंटल और आटा (गेहूं) 3308.23 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी एस 4297.33 रुपये और गुड़ 4985.95 रुपये प्रति क्विंटल बोले गये। सरसों तेल 17632.93 रुपये, मूंगफली तेल 18264.25 रुपये, सूरजमुखी तेल 16548.06 रुपये, सोया तेल 14059.31 रुपये, पाम ऑयल 12745.90 रुपये और वनस्पति 14508.63 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

## इंडिगो 29 मार्च से नवी मुंबई से शुरू करेगी कई नयी उड़ानें

***नयी दिल्ली ( वार्ता ) ।*** *निजी विमान सेवा कंपनी इंडिगो 29 मार्च से महाराष्ट्र के नवी मुंबई हवाई अड्डे से छह शहरों के लिए नयी उड़ानें शुरू करेगी।*

*एयरलाइन ने मंगलवार को नवी मुंबई से अहमदाबाद, दीव, गोवा, राजकोट, बेलगाम और कोल्हापुर के लिए नयी दैनिक उड़ानें शुरू करने की घोषणा की। इस सभी मार्गों पर वह एटीआर विमानों का परिचालन करेगी। इसमें गोवा और कोल्हापुर के लिए दोनों तरफ से दो-दो उड़ानें होंगी। अहमदाबाद, दीव, रोजकोट और बेलगाम के लिए दोनों तरफ से एक-एक उड़ानें होंगी। उल्लेखनीय है कि 29 मार्च से ग्रीष्मकालीन शिड्यूल शुरू होगा। सभी नयी उड़ानों को उसी में शामिल किया जाना है।*

# भारत-खाड़ी सहयोग परिषद के बीच मुक्त व्यापार वार्ता की हुई औपचारिक शुरुआत

नयी दिल्ली (वार्ता)।

भारत और खाड़ी क्षेत्र के छह प्रमुख सदस्यों के संघ खाड़ी सहयोग परिषद (जीएसीसी) के बीच मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के लिए बातचीत का सिलसिला आगे बढ़ाने को लेकर वार्ता के 'संदर्भ की शर्तों' पर दोनों पक्षों के बीच मंगलवार को यहां एक साझा वक्तव्य पर हस्ताक्षर किये गये। संदर्भ की शर्तों में वार्ता के 'विचारार्थ विषय', उसकी रूपरेखा, उद्देश्य, सीमाएं, जिम्मेदारियां और अपेक्षित परिणाम शामिल होते हैं। साझा वक्तव्य पर हस्ताक्षर के लिए जीसीसी के महासचिव जसीम महम्मद अल बुदैवी नयी दिल्ली की यात्रा पर आये हैं। बहरीन, कुवैत, कतर, ओमान तथा सऊदी अरब जैसे देशों और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की सदस्यता वाली जीसीसी और भारत के बीच एमटीए वार्ता के लिए संदर्भ की शर्तों पर पांच फरवरी को हस्ताक्षर किये गये थे। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, गल्फ जीसीसी के सेक्रेटरी जनरल, माननीय जसीम मोहम्मद अल बुदैवी का



स्वागत करते हुए खुशी हो रही है। हमने पांच फरवरी, 2026 को हस्ताक्षरित संदर्भ की शर्तों के आधार पर भारत -जीसीसी एफटीए के लिए सयुक्त वक्तव्य पर हस्ताक्षर किये थे, जिससे एक बड़े और आपसी फ़ायदे वाले समझौते के लिए बातचीत की औपचारिक शुरुआत हो गयी है। श्री गोयल ने इसी पोस्ट में कहा, यह (संयुक्त वक्तव्य) भारत और जीसीसके सदस्य देशों के बीच वस्तु के व्यापार, सीमा शुल्क संबंधी प्रक्रियाओं, सेवाओं, डिजिटल व्यापार, उन्नत प्रौद्योगिकी और निवेश प्रवाह को बेहतर बनाने सहित खास रणनीतिक क्षेत्रों में सहयोग के विस्तार की दिशा में एक बड़ा कदम है।

# इंडिगो की चार दिन की विशेष सेल, किराया 1,999 रुपये से

**नयी दिल्ली (वार्ता)।** निजी विमान सेवा कंपनी इंडिगो ने मंगलवार को अपनी सीमित अवधि की सेल स्प्लैश इंटू सेविंग्स पेश की जिसमें चुनिंदा घरेलू मार्गों पर सभी शुल्क सहित एकतरफा किराया 1,999 रुपये से शुरू होगा। यह सेल 24 फरवरी से 27 फरवरी तक की बुकिंग पर इस साल 03 मार्च से 30 सितंबर तक की यात्रा के लिए मान्य होगी। बुकिंग यात्रा की तारीख से कम से कम सात दिन पहले करानी होगी। नॉन-स्टॉप



तथा कनेक्टिंग उड़ानों के लिए भी ऑफर उपलब्ध है। स्प्लैश इंटू सेविंग्स के तहत घरेलू मार्गों पर एक तरफ का किराया 1,999 रुपये से और अंतर्राष्ट्रीय मार्गों पर 4,699 रुपये से (सभी शुल्क सहित) शुरू होगा। चुनिंदा घरेलू मार्गों पर इंडिगो स्ट्रेच किराये 9,999 रुपये से उपलब्ध हैं।

किराये के अलावा सेल अवधि के दौरान चुनिंदा अतिरिक्त सेवाओं पर भी छूट दी जा रही है। इनमें फास्ट फॉरवर्ड सेवाओं पर 70 प्रतिशत तक की छूट शामिल है। प्री-पेड अतिरिक्त बैगेज पर 50 प्रतिशत तक और चुनिंदा घरेलू एवं अंतर्राष्ट्रीय सेक्टर्स में स्टैंडर्ड सीट चयन पर 15 प्रतिशत तक की छूट उपलब्ध है। अतिरिक्त लेगरूम वाली सीटें चुनिंदा घरेलू मार्गों पर 500 रुपये से बुक करायी जा सकती हैं। साथ ही, दो साल तक के शिशु घरेलू सेक्टर्स में केवल एक रुपये में यात्रा कर सकते हैं।

## रुपया 5.50 पैसे टूटा

***मुंबई ( वार्ता )।*** *अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया मंगलवार को 5.50 पैसे कमजोर हुआ और कारोबार की समाप्ति पर एक डॉलर 90.95 रुपये का बोला गया। पिछले कारोबारी दिवस पर भारतीय मुद्रा पांच पैसे की मजबूती के साथ 90.8950 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुई थी। रुपया आज 1.50 पैसे की तेजी के साथ 90.91 रुपये प्रति डॉलर पर खुला और दिन भर बेहद सीमित दायरे में रहा। यह ऊपर 90.91 रुपये और नीचे 90.97 रुपये प्रति डॉलर तक गया। दुनिया की अन्य प्रमुख मुद्राओं के बास्केट में डॉलर सूचकांक में 0.2 प्रतिशत की मजबूती और अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में तेजी से रुपये पर दबाव रहा। हालांकि विदेशी संस्थागत निवेशकों के भारतीय पूंजी बाजार में निवेश बढ़ाने से भारतीय मुद्रा की गिरावट सीमित रही।*

## शेयर बाजारों में गिरावट

# प्रमुख सूचकांक तीन सप्ताह के निचले स्तर पर

मुंबई (वार्ता)।

अमेरिकी आयात शुल्क को लेकर नये सिरे से बनी अनिश्चितता के कारण घरेलू शेयर बाजारों में मंगलवार को गिरावट देखी गयी और प्रमुख सूचकांक तीन सप्ताह से अधिक के निचले स्तर पर बंद हुए। बीएसई का संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 1,068.74 अंक (1.28 प्रतिशत) लुढ़ककर 82,225.92 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी 228.35 अंक यानी 1.12 प्रतिशत की गिरावट में 25,424.65 अंक पर रहा। यह दोनों सूचकांकों का 02 फरवरी के बाद का निचला स्तर है।

अमेरिका में आयात शुल्क को लेकर बनी अनिश्चितता के कारण वैश्विक स्तर पर शेयर बाजारों में गिरावट रही जिसका असर घरेलू बाजारों पर भी देखने को मिला। मझौली और छोटी कंपनियों के सूचकांकों में



अपेक्षाकृत कम गिरावट रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.32 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.55 प्रतिशत नीचे बंद हुआ। एनएसई में जिन 3,270 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ उनमें से 2,101 के शेयर गिरावट में और 1,068 के बढ़त में रहे। अन्य 101 कंपनियों के शेयर दिन भर के उतार-चढ़ाव के बाद अततः अपरिवर्तित रहे।

अमेरिका में बीते दिन आईटी कंपनियों पर खासा दबाव रहा था। इससे निफ्टी आईटी सूचकांक 4.74 प्रतिशत टूट गया। रियलटी, रसायन और मीडिया सेक्टरों में भी ज्यादा गिरावट रही। ऑटो और निजी बैंकों के सूचकांक भी लाल निशान में रहे। धातु, एफएमसीजी, फार्मा, सार्वजनिक बैंकों, तेल एवं गैस और स्वास्थ्य सेक्टरों में तेजी रही। सेंसेक्स की कंपनियों में टेक महिंद्रा का शेयर 6.60 प्रतिशत टूट गया। एचसीएल टेक्नोलॉजीज में 6.10 प्रतिशत, इटरनल में 5.28, इंफोसिस में 3.91, टीसीएस में 3.79 और एलएंडटी में 3.59 प्रतिशत की गिरावट रही। ट्रेंट का शयेर 2.93 प्रतिशत, भारती एयरटेल का 2.83, एचडीएफसी बैंक का 1.42, बीईएल का 1.07 और आईसीआईसीआई बैंक का 1.02 प्रतिशत नीचे बंद हुआ। मारुति सुजुकी, कोटक महिंद्रा बैंक, बजाज फाइनेंस, एशियन पेंट्स, आईटीसी, महिंद्रा एंड महिंद्रा और भारतीय स्टेट बैंक के शेयर भी लाल निशान में रहे।

चौतरफा बिकवाली के बीच एनटीपीसी का शेयर 1.94 प्रतिशत ऊपर बंद हुआ। हिंदुस्तान यूनीलिवर, टाटा स्टील, टाइटन और पावरग्रिड में भी तेजी रही। वैश्विक स्तर पर एशिया में हांगकांग का हैंगसेंग 1.82 प्रतिशत गिर गया।

# मध्यप्रदेश कृषि उत्पादन में देश के शीर्ष राज्यों में शामिल : डॉ. यादव

## खाद्यान्न, दलहन और तिलहन उत्पादन में अग्रणी स्थान

भोपाल



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश ने कृषि उत्पादन के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए देश के प्रमुख उत्पादक राज्यों में अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज की है। केंद्र सरकार द्वारा जारी आर्थिक सर्वेक्षण 2025-26 के अनुसार राज्य खाद्यान्न, दलहन तथा तिलहन फसलों के उत्पादन में शीर्ष तीन राज्यों में शामिल रहा है। मध्यप्रदेश ने कुल खाद्यान्न उत्पादन में 46.63 मिलियन टन उत्पादन के साथ देश में दूसरा स्थान प्राप्त किया, जो राष्ट्रीय उत्पादन का लगभग 13.04 प्रतिशत है। राज्य कुल दलहन फसल उत्पादन में देश में प्रथम स्थान पर हैं। तिलहन फसलों के उत्पादन में देश में दूसरा स्थान हासिल किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा कृषकों की आय को बढ़ाने एवं उनके समग्र कल्याण के उद्देश्य से वर्ष 2026 को किसान कल्याण वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है।

***खाद्यान्न उत्पादन में देश में दूसरा स्थान***- गेहूं उत्पादन में राज्य ने 24.51 मिलियन टन उत्पादन किया और लगभग 20.78 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ देश में दूसरा स्थान हासिल किया। राज्य मक्का उत्पादन में भी अग्रणी रहा, 6.64 मिलियन टन उत्पादन के साथ मध्यप्रदेश का राष्ट्रीय हिस्सेदारी में लगभग 15.30 प्रतिशत योगदान रहा, जिससे यह देश का प्रमुख उत्पादक राज्य बना। मोटे अनाज (न्यूट्री/कोर्स सीरियल्स) के उत्पादन में भी राज्य ने 7.78 मिलियन टन उत्पादन करते हुए लगभग 12.17 प्रतिशत हिस्सेदारी दर्ज की और देश में तृतीय स्थान हासिल किया।

***दलहन उत्पादन शीर्ष स्थान बरक़रार***- दलहन क्षेत्र में मध्यप्रदेश ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कुल दलहन उत्पादन में 5.24 मिलियन टन उत्पादन किया और 20.40 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ देश में पहला स्थान प्राप्त किया। चना उत्पादन में राज्य 2.11 मिलियन टन उत्पादन और लगभग 19.01 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ शीर्ष तीन राज्यों में दूसरे स्थान पर रहा।

***तिलहन फसलों के उत्पादन में देश में अग्रणी राज्य***- तिलहन क्षेत्र में भी राज्य की स्थिति मजबूत रही। कुल तिलहन उत्पादन में मध्यप्रदेश ने 8.25 मिलियन टन उत्पादन करते हुए लगभग 19.19 प्रतिशत राष्ट्रीय हिस्सेदारी दर्ज की एवं देश से दूसरा स्थान हासिल किया। विशेष रूप से सोयाबीन उत्पादन में राज्य ने 5.38 मिलियन टन उत्पादन किया, जो देश के कुल उत्पादन का लगभग 35.27 प्रतिशत है और इसे देश के प्रमुख सोयाबीन उत्पादक राज्यों में स्थापित करता है। राज्य में मूंगफली का उत्पादन 1.55 मिलियन टन रहा जो कि देश के कुल उत्पादन का 12.99 प्रतिशत रहा। मूंगफली उत्पादन में राज्य देश में तीसरे स्थान पर है। मध्यप्रदेश में केंद्र एवं राज्य सरकार की कृषि विकास योजनाओं रासायनिक उर्वरकों का वितरण, पौध संरक्षण कार्यक्रम, मांग आधारित कृषि के लिए फसलों का विविधीकरण, एक जिला-एक उत्पाद योजना, मध्यप्रदेश राज्य मिलेट मिशन, कृषि उत्पादक संगठनों का गठन एवं संवर्धन, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, राष्ट्रीय कृषि विकास योजना, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, भावांतर भुगतान, रानी दुर्गावती श्रीअन्न प्रोत्साहन योजना आदि का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया गया। परिणामस्वरूप राज्य को कृषि क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की है। कुल उत्पादन में वृद्धि हुई है। कृषि आधारित नीतियों के परिणाम स्वरूप मध्यप्रदेश देश की कृषि अर्थव्यवस्था में एक महत्वपूर्ण राज्य के रूप में स्थापित है।




# क्रियान्वयन में पारदर्शिता, तत्परता और संवेदनशीलता जरूरी : पटेल

## राज्यपाल ने मुख्यमंत्री दुधारू पशुप्रदाय योजना की समीक्षा की

भोपाल (स्वतंत्र मत)

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा है कि मुख्यमंत्री दुधारू पशुप्रदाय योजना सबसे गरीब के जीवन में खुशहाली लाने का उपक्रम है। योजना की प्रक्रियाओं और क्रियान्वयन में गरीब के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। उनके हितों की अनदेखी सहन नहीं की जाएगी। राज्यपाल श्री पटेल मंगलवार को पशुपालन एवं डेयरी विकास विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री दुधारू पशुप्रदाय योजना के संबंध में लोकभवन में चर्चा कर रहे थे। बैठक का आयोजन जनजातीय प्रकोष्ठ द्वारा किया गया था। इस अवसर पर राज्यमंत्री पशुपालन एवं डेयरी विकास लखन पटेल, जनजातीय प्रकोष्ठ के अध्यक्ष दीपक खांडेकर, राज्यपाल के प्रमुख सचिव डॉ. नवनीत मोहन कोठारी, प्रमुख सचिव पशुपालन एवं डेयरी विकास उमाकांत उमराव, जनजातीय प्रकोष्ठ के सदस्य एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि मुख्यमंत्री दुधारू पशुप्रदाय योजना अति पिछड़ी और गरीब पी.वी.टी.जी. जनजातियों बैगा, भारिया एवं सहरिया के कल्याण के लिए क्रियान्वित है। इस योजना की प्रक्रियाओं और क्रियान्वयन में पारदर्शिता, तत्परता के साथ ही संवेदनशील मनोभाव का होना भी जरूरी है। उन्होंने कहा है कि प्रदेश के पी.वी.टी.जी. जनजातीय जनसंख्या वाले सभी जिलों को योजना के दायरे में लाया जाना चाहिए। राज्यपाल को बताया गया कि योजना के तहत पशु वितरण कार्य की सामुदायिक निगरानी के लिए विशेष प्रावधान किए गए हैं। सभी दुग्ध समितियों तथा संघों के द्वारा माह में 10-10 दिन के अंतराल पर तीन निश्चित तिथियों पर भुगतान की व्यवस्था को सुनिश्चित किया गया है। दूध के मूल्य में भी 2 से साढ़े 8 रुपए तक की वृद्धि की गई है। योजना में आवश्यक संशोधन किए गए हैं। मिल्क रूट तथा परिवहन की सुगमता वाले ग्रामों में प्राथमिकता के आधार पर हितग्राहियों के चयन के साथ ही आवश्यकतानुसार अन्य ग्रामों में हितग्राहियों को लाभान्वित किया जा सकेगा। चयनित हितग्राहियों को प्रदाय पूर्व तीन दिवस प्रशिक्षण दिया जाता है।

## युवा संगम कार्यक्रम में जिले का प्रदेश में तीसरा स्थान

दमोह (स्वतंत्र मत)

रोजगार आयुक्त गिरीश शर्मा ने बताया कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर के नेतृत्व में युवा संगम कार्यक्रम अंतर्गत माह जनवरी 2026 में जिले में रोजगार मेलाए अप्रेंटिसशिप मेला एवं स्वरोजगार से संबंधित गतिविधियों का सफल आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि इन आयोजनों के माध्यम से बड़ी संख्या में आकांक्षी युवाओं को रोजगार एवं प्रशिक्षण के अवसर उपलब्ध कराए गए। उल्लेखनीय कार्यों के परिणामस्वरूप प्रदेश स्तर पर जिले को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ है।

## बटियागढ़ में संकल्प से समाधान के तहत शिविर का आयोजन

दमोह (स्वतंत्र मत)

संकल्प से समाधान अंतर्गत जनपद पंचायत बटियागढ़ में एक शिविर का आयोजन किया गया शिविर में समस्त विभागों के अधिकारियों कर्मचारी एवं ग्राम पंचायत सचिव की उपस्थिति में लगभग 20 ग्राम पंचायत की जनता की समस्याओं के निराकरण पर विस्तार से चर्चा की गई एवं मौके पर निराकरण किया गया। इस अवसर पर अतिथि के रूप में भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष नरेंद्र व्यास, जिपं उपाध्यक्ष प्रतिनिधि धर्मेंद्र कटारे जनपद पंचायत बटियागढ़ के अध्यक्ष मंगल कुशवाह बटियागढ़ मंडल के अध्यक्ष अरविंद पटेल रामअवतार कुडेरिया एवं समस्त जनपद सदस्य क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। जहां एक तरफ अधिकारियों ने अपने विभागों की योजनाओं की जानकारियां साझा की। स्वास्थ्य विभाग की ओर से ग्रामीण जनों के स्वास्थ्य की जांच शिविर में ही की गई। ब्लड प्रेशर शुगर की जांच अनेक लोगों ने मौके पर कराई। श्री व्यास ने कहा की प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में जन्म से लेकर मृत्यु तक की योजनाएं चल रही है जिसका लाभ आमजन को मिल रहा है। भारतीय जनता पार्टी की सरकार में लोगों की जिंदगी को बेहतर बनाने के लिए काम किया जा रहा है।



## सागर-कटनी बाईपास स्थित मारूताल चौराहा पर हाईमास्क लाइट का शुभारंभ

दमोह (स्वतंत्र मत)। विधायक जयंत मलैया ने सागर-कटनी बाईपास स्थित मारूताल चौराहा पर हाईमास्क लाइट का विधिवत पूजन कर शुभारंभ किया। लंबे समय से क्षेत्रवासियों द्वारा इस स्थान पर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था की मांग की जा रही थी जिसे अब पूरा कर दिया गया है। विधायक श्री मलैया ने कहा कि मारूताल चौराहा एक प्रमुख यातायात मार्ग है, जहां रात्रि के समय प्रकाश की कमी के कारण लोगों को असुविधा होती थी। हाई मास्ट लाइट के प्रारंभ होने से क्षेत्र में रोशनी की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित होगी और दुर्घटनाओं की संभावना भी कम होगी। उन्होंने यह भी बताया कि शहर के अन्य प्रमुख स्थानों पर भी शीघ्र ही इसी प्रकार की आधुनिक लाइटें स्थापित की जाएंगी जिससे नागरिकों को बेहतर सुविधाएं मिल सके।

# मध्यप्रदेश पुलिस की लूट, चोरी एवं ठगी के विरूद्ध प्रभावी कार्रवाई

## 1 करोड़ 43 लाख रूपए से अधिक की संपत्ति बरामद

भोपाल (स्वतंत्र मत)

मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा संगठित अपराध, आर्थिक ठगी, नकबजनी एवं लूट की घटनाओं में संलिप्त आरोपियों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। इसी कार्यवाही के दौरान पुलिस ने विगत 05 दिनों के दौरान विभिन्न जिलों में कार्रवाई करते हुए कुल 1 करोड़ 43 लाख रूपए से अधिक की संपत्ति बरामद की है।



## प्रमुख कार्यवाहियाँ

राजगढ़ – ऑपरेशन किसान रक्षक: थाना नरसिंहगढ़ पुलिस द्वारा भूमि विक्रय के नाम पर किसानों से की गई 39 लाख की धोखाधड़ी का सफल खुलासा करते हुए 02 शातिर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया तथा संपूर्ण 39 लाख रूपए की शत-प्रतिशत बरामदगी सुनिश्चित की गई। यह प्रभावी कार्रवाई राजगढ़ पुलिस द्वारा संचालित विशेष अभियान ऑपरेशन किसान रक्षक के अंतर्गत की गई। पुलिस की विशेष टीम ने बैंक ट्रांजेक्शन, दस्तावेज साक्ष्य एवं तकनीकी पहलुओं का गहन परीक्षण किया। जांच में पाया गया कि आरोपियों ने भूमि पूर्व में विक्रय होने के बावजूद फरियादी को गुमराह कर 25 लाख एवं 14 लाख नगद प्राप्त किए। त्वरित दबिश देकर आरोपियों को गिरफ्तार कर किसान की संपूर्ण मेहनत की कमाई वापस दिलाई गई।

***उज्जैन:*** थाना बड़नगर पुलिस ने 10 लाख 45 हजार रूपए के सोने-चांदी के जेवरात एवं नगदी चोरी के प्रकरण का खुलासा कर आरोपी को गिरफ्तार किया। इसी प्रकार एक अन-?य कार्यवाही में नानाखेड़ा पुलिस ने सूने मकान से सोने-चांदी के जेवरात चोरी का खुलासा किया। पुलिस ने 100 से अधिक ष्टष्टञ्जङ्क फुटेज व साइबर विश्लेषण की मदद से 2 शातिर आरोपियों को इंदौर से गिरफ्तार कर 5 लाख रूपए की संपत्ति जब?त की है।

***जबलपुर:*** अवैध रूप से ट्रक एवं कार को काटकर स्क्रैप के रूप में विक्रय करने वाले संगठित अवैध कारोबार का भंडाफोड़ करते हुए पुलिस ने लगभग 50 लाख मूल्य के ट्रक, कार, कटे हुए स्क्रैप पार्ट्स, ऑक्सीजन सिलेंडर एवं अन्य उपकरण जप्त किए।

***खरगोन:*** जिले में संपत्ति संबंधी अपराधों के विरुद्ध दो अलग-अलग कार्यवाहियाँ की गईं। एक निजी कंपनी के गोदाम से 37 नग बैटरियों की चोरी का खुलासा करते हुए 05 आरोपियों को गिरफ्तार कर 6 लाख 50 हजार रूपए की बैटरियां एवं घटना में प्रयुक्त 6 लाख रूपए की कार सहित कुल 12 लाख 50 हजार रूपए की संपत्ति जब?त की। इसी प्रकार एक अन्य कार्यवाही में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए महिलाओं को गहने/राशि डबल करने का झांसा देने वाले 02 शातिर आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों से पुलिस ने लगभग 90 हजार रूपए की सोने की पांचाली बरामद की।

***कटनी:*** थाना ढीमरखेड़ा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पोडीकला (सूरदास आश्रम) में हुए 3 लाख 50 हजार मूल्य के साउंड सिस्टम चोरी प्रकरण में पुलिस ने 02 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

***अशोकनगर:*** थाना कचनार क्षेत्र में सूने घर से चोरी हुए सोने-चांदी के आभूषण एवं नगदी चोरी की घटना का खुलासा करते हुए पुलिस ने 04 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से सोने की चैन, मंगलसूत्र, झुमकी, चांदी की पायलें, चांदी के टुकड़े, 30 हजार नगद एवं घटना में प्रयुक्त दो मोटरसाइकिलें सहित लगभग 8 लाख रूपए की सपंत्ति जप्त की।

***भोपाल:*** थाना कोलार रोड पुलिस ने एक शातिर एवं आदतन अपराधी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 2 लाख रूपए की सामग्री जब्त की है। आरोपी के विरुद्ध डकैती, चोरी, नकबजनी एवं आर्म्स एक्ट सहित कुल 15 अपराध पूर्व से पंजीबद्ध हैं।

***नरसिंहपुर:*** सूने मकान से सोने-चांदी के जेवरात चोरी करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार कर उसके कब्जे से लगभग 12 लाख रूपए की संपत्ति जब्त की।

***सागर:*** थाना मोतीनगर में पुलिस ने लूट के प्रकरण में आरोपी को गिरफ्तार कर 25 हजार रूपए का सोने का लॉकेट बरामद किया। उपरोक्त कार्रवाइयाँ यह दर्शाती हैं कि मध्यप्रदेश पुलिस अपराधों के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति पर कार्य करते हुए तकनीकी दक्षता, त्वरित प्रतिक्रिया एवं समन्वित टीमवर्क के माध्यम से आमजन की सुरक्षा एवं संपत्ति संरक्षण हेतु पूर्णतः प्रतिबद्ध है। किसी भी प्रकार के आर्थिक लेन-देन, भूमि क्रय-विक्रय अथवा निवेश से पूर्व दस्तावेजों का सत्यापन अवश्य करें तथा किसी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें।

# मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य का प्रशिक्षण संपन्न

**दमोह (स्वतंत्र मत)।** जनगणना निदेशालय भोपाल के निर्देशानुसार दमोह जिला मुख्यालय में जनगणना 2027 अंतर्गत प्रथम चरण में मकान सूचीकरण और मकानों की गणना के संबंध में दो दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण सर्व शिक्षा अभियान सभाकक्ष दमोह में संपन्न हुआ। आगामी 1 मई से 30 मई की अवधि में जनगणना की निर्धारित प्रक्रिया संपन्न की जाएगी जिसके तहत राज्य स्तर से नियुक्त प्रशिक्षकों द्वारा अतिरिक्त जिला जनगणना अधिकारी, अनुविभागीय जनगणना अधिकारी ग्रामीण तथा नगरीय चार्ज अधिकारी एवं जनगणना लिपिकों को आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। अपर कलेक्टर एवं जिला जनगणना अधिकारी मीना मसराम ने दो चरणों में संपन्न होने वाली जनगणना के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी तथा प्रशिक्षणार्थियो से दो दिवसीय प्रशिक्षण में जरूरी जानकारियों से अवगत होने व प्रश्नों का समाधान प्राप्त करने की अपेक्षा की।


**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मौजा गोहलपुर, नं.बं. 601, प.ह.नं. 24/2, तहसील व जिला जबलपुर डायवर्शन खसरा नं. 86, 87, 88, 88/1 एवं 90/1 समदड़िया अभिनव काम्पलेक्स के द्वितीय मंजिल के आवासीय उपयोग की यूनिट फ्लेट नं.8 जिसका कुल रकबा 724 वर्गफुट है जो वर्तमान में नितिन जैन आत्मज श्री लक्ष्मीचंद जैन एवं श्रीमती समता जैन पति श्री नितिन जैन के संयुक्त नाम से राजस्व अभिलेखों में भूमि स्वामी दर्ज है, जिसकी लिंक रजिस्ट्री गिरीश चन्द्र स्वामी पिता श्री पी. एल. स्वामी एवं श्रीमती आभा स्वामी पति श्री गिरीशचन्द्र स्वामी, निवासी- कटनी वालों से क्रय की गई थी। यह कि उक्त सम्पत्ति को मेरे द्वारा विक्रय किया जा रहा है। जिस किसी व्यक्ति संस्था आदि को उक्त सम्पत्ति विक्रय किये जाने से कोई दावा या आपत्ति हो तो वह इस आमसूचना प्रकाशन के 7 दिवस के अन्दर मेरे निम्न पते पर मय साक्ष्य दस्तावेजों के संपर्क करें। 7 दिवस पश्चात् किसी भी प्रकार के दावे आपत्ति शून्य माने जावेंगे।

**(नितिन जैन) / (समता जैन)**
**496, हनुमानताल, बड़ा जैन मंदिर जबलपुर म.प्र.**
**मो.नं. 9300258815 / 9826119592**

**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल**
**भेड़ाघाट रोड, धनवंतरी नगर, जबलपुर म.प्र. पिन-482003**

**भवन लीज हस्तांतरण / नामांतरण हेतु सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि धनवंतरी नगर जबलपुर में भवन क्रमांक LIG flat- 12 श्रीमती आस्था अग्निहोत्री पति श्री अतुल कुमार अग्निहोत्री एवं श्री अतुल कुमार अग्निहोत्री पिता श्री महंत राम अग्निहोत्री के नाम आवंटित है, आवंटी श्रीमती आस्था अग्निहोत्री पति श्री अतुल कुमार अग्निहोत्री एवं श्री अतुल कुमार अग्निहोत्री पिता श्री महंत राम अग्निहोत्री से प्राप्त आवेदन / संयुक्त शपथ पत्र एवं निधारित दस्तावेज के आधार पर उक्त भवन श्री अनुराग उपाध्याय पिता श्री अंजनी कुमार उपाध्याय के नाम हस्तांतरण कि कार्यवाही की जाना है। यदि किसी व्यक्ति / संस्था को उक्त भवन हस्तांतरण बावत् आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशित होने से 15 दिवस के अंदर लिखित एवं वैद्य आपत्ति सप्रमाण स्वयं उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि में किसी भी प्रकार की आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर धनवंतरी नगर जबलपुर में स्थित भवन क्रमांक LIG flat- 12 श्री अनुराग उपाध्याय पिता श्री अंजनी कुमार उपाध्याय के नाम हस्तांतरण की कार्यवाही की जावेगी एवं भविष्य में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति / दावा मान्य नहीं होगी ।

**संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक -11 नगर निगम, जबलपुर**

पत्र क्र./सं.क्र./11/25-26/
दिनांक 24/2/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती राजमणि कनौजिया पति श्री कौशल प्रसाद, कपिल कनौजिया पिता श्री कौशल प्रसाद ने वार्ड क्रमांक 66 वार्ड का नाम रानी लक्ष्मी बाई वार्ड के भवन क्रमांक पी-175 माँ नर्मदा नगर सम्पत्ति के पिन क्रमांक 1004388313 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल वर्गफुट जिस पर निर्मित भूतल 1000 व.फु. प्रथम तल 1000 व.फु. द्वितीय तल 50 व.फु. पर निम्न दस्तावेज प्रपत्र विक्रय पत्र/लिंक रजिस्ट्री के आधार पर निगम में दर्ज (1) श्री रवि कांत गोनियल पिता श्री विशम्भर दत्त गोनियल (2) बंदना गोनियल पति रविकांत गोनियल का नाम हटाए जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किए जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-11 नगर निगम, जबलपुर**


## ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकराई एंबुलेंस सरिया बाहर निकले होने से हादसा



हटा (स्वतंत्र मत)

नगर में एक एंबुलेंस सड़क पर गटर सरिया से लोड ट्रैक्टर-ट्रॉली से पीछे से टकरा गई। टक्कर के कारण एंबुलेंस का सामने का कांच टूट गया। गनीमत रही कि घटना में कोई गंभीर जनहानि नहीं हुई लेकिन वाहन क्षतिग्रस्त हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार अस्पताल की एंबुलेंस सड़क से गुजर रही थी, तभी आगे चल रही ट्रैक्टर-ट्रॉली में गटर सरिया लोड था। ट्रॉली में सरिया पीछे की ओर बाहर निकला हुआ था जिससे अचानक ब्रेक या दूरी कम होने पर एंबुलेंस सीधे सरिया से टकरा गई। टक्कर लगते ही एंबुलेंस का सामने का मेन कांच क्षतिग्रस्त हो गया। एंबुलेंस चालक ने बताया कि ट्रैक्टर-ट्रॉली में लोड सरिया बिना किसी सुरक्षा संकेत या लाल कपड़े के बाहर निकला हुआ था जिसके कारण हादसा हुआ। यदि सरिया को सुरक्षित ढंग से बांधा जाता या पीछे संकेत लगाया जाता तो दुर्घटना टाली जा सकती थी। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। हालांकि किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। मामले को लेकर यातायात नियमों के पालन और ओवरलोड व असुरक्षित परिवहन पर कार्रवाई की मांग उठी है।


**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक 11 नगर निगम, जबलपुर**

पत्र क्र. / सं.क्र.11/25-26
दिनांक 23.02.2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राधा बघेल पिता नीरज कुमार बघेल ने वार्ड क्रमांक 66 वार्ड का नाम रानी लक्ष्मी बाई के भवन क्रमांक P-15 सम्पत्ति के पिन क्रमांक 9000090508 में से नया नं. पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल/रकबा 1000 वर्गफुट पर निम्न दस्तावेज प्रपत्र विक्रयपत्र के आधार पर निगम में दर्ज भूमिजा बिल्टटेक एल.एल.पी. पार्टनर मोहित सेठी एवं अन्य का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-11 नगर निगम, जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक 11 नगर निगम, जबलपुर**

पत्र क्र. / सं.क्र.11/25-26
दिनांक 23.02.2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती मेघा पारस पति अंकित पारस ने वार्ड क्रमांक 66 वार्ड का नाम रानी लक्ष्मी बाई के भवन क्रमांक P.No-32 एरोसिटी सम्पत्ति के पिन क्रमांक 9000080332 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल 723 वर्गफुट पर निम्न दस्तावेज प्रपत्र विक्रयपत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्रीमती किरण सिंह पति श्री सुखेन्द्र प्रताप सिंह का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-11 नगर निगम, जबलपुर**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, जबलपुर (म.प्र.)**

N.I.T. NO/PWD/08/PRO NO 905 | **निविदा सूचना** | Dated 24/2/2026

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाये आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ईएमडी | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026 _UAD_ 482990_1 Date 24/2/2026 | निर्मलचंद जैन वार्ड न्यू कंचनपुर कन्हैया डेरी के पास सड़क का सीमेंटीकरण कार्य (पार्षद अनुशंसा) | 4 माह 5.89 लाख | 2,000/- 5898/- | 17/3/2026 |
| 2 | 2026_UAD_ 482990_2 Date 24/2/2026 | निर्मलचंद जैन वार्ड अंतर्गत इन्द्रप्रस्थ कॉलोनी में सामुदायिक भवन में बाउंड्रीवाल किचिन शेड कार्य (अध्यक्ष अनुशंसा) | 4 माह 8.42 लाख | 2,000/- 8424/- | 17/3/2026 |
| 3 | 2026_UAD_ 482990_3 Date 24/2/2026 | निर्मलचंद जैन वार्ड अंतर्गत न्यू शोभापुर ब्रिज के सामने शौचालय के पास पार्क की बाउंड्रीवाल एवं नाले की रिटेनिंग वाल का निर्माण कार्य (अध्यक्ष अनुशंसा) | 4 माह 8.36 लाख | 2,000/- 8369/- | 17/3/2026 |
| 4 | 2026_UAD_ 482990_4 Date 24/2/2026 | निर्मलचंद जैन वार्ड अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर पुलिया नाली निर्माण सीमेंटीकरण एवं पेवर ब्लाक लगाने का कार्य (पार्षद अनुशंसा) | 4 माह 16.76 लाख | 2,000/- 12577/- | 25/3/2026 |

नोट-निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://www.mptenders gov.in की वेबसाइट पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

**संभागीय यंत्री/कार्यपालन यंत्री (लोककर्म)**
**नगर पालिक निगम जबलपुर**

# एसोसिएट प्रोफेसर भर्ती का रिजल्ट जारी करने हाईकोर्ट ने लगाई रोक

### चिकित्सा शिक्षा विभाग में सीधी भर्ती से भरे जा रहे थे पद, राज्य सरकार से मांगा जवाब



जबलपुर (स्वतंत्र मत)

मप्र में चिकित्सा शिक्षा विभाग में हुई एसोसिएट प्रोफेसर्स की भर्ती पर मंगलवार को सुनवाई करते हुए मप्र हाईकोर्ट ने रिजल्ट जारी करने पर रोक लगा दी है। कोर्ट ने राज्य सरकार और कर्मचारी चयन मण्डल को नोटिस भी जारी किया है और 2 हफ्तों में जवाब मांगा है।

मप्र हाईकोर्ट में ये याचिका निशा चंदेल सहित कई नर्सों की ओर से दायर की गई थी। याचिका में कहा गया था कि चिकित्सा शिक्षा विभाग में एसोसिएट प्रोफेसर्स के पद, ट्यूटर सिस्टर्स के प्रमोशन से भरने का नियम है, लेकिन राज्य सरकार ने इन्हें सीधी भर्ती से भरने का फरमान सुना दिया। कर्मचारी चयन मण्डल ने बीते दिनों भर्ती परीक्षा भी करवा ली है, जिसके रिजल्ट जारी करने पर अब मप्र हाईकोर्ट ने रोक लगा दी है।

### सिस्टर ट्यूटर की तरफ से लगाई गई याचिका

दरअसल राज्य सरकार ने प्रदेश के सरकारी नर्सिंग कॉलेजों में भर्ती के लिए दिसंबर 2025 में विज्ञापन जारी किया था, जिसमें असिस्टेंट प्रोफेसर और 218 सिस्टर ट्यूटर की भर्ती की जानी थी। इसके बाद 25 जनवरी को दूसरा विज्ञापन जारी किया, जिसमें कि सिस्टर ट्यूटर को हटा दिया गया, और एसोसिएट प्रोफेसर की भर्ती निकाली। जिसके बाद सिस्टर ट्यूटर की तरफ से हाईकोर्ट मे याचिका दायर की गई। कोर्ट को बताया गया कि एसोसिएट प्रोफेसर बनने के लिए क्वालीफाई है। भर्ती नियम 2024 के अनुसार एसोसिएट प्रोफेसर की भर्ती 100 प्रतिशत तक प्रमोशन से ही होना है, इसलिए सीधी भर्ती जो निकाली गई है, वह गैरकानूनी है।

मामले पर मंगलवार को सुनवाई करते हुए चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा और जस्टिस विनय सराफ की डिवीजन बेंच ने संज्ञान लिया है। चूंकि परीक्षा हो चुकी है, ऐसे में कोर्ट ने रिजल्ट जारी करने पर रोक लगा दी है। हाईकोर्ट ने राज्य सरकार और कर्मचारी चयन मण्डल से जवाब मांगते हुए मामले की अगली सुनवाई 2 हफ्तों बाद तय की है।

## सोम डिस्टिलरीज की याचिका से जस्टिस विशाल मिश्रा ने खुद को किया अलग

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

मप्र हाईकोर्ट में विगत दिवस सोम डिस्टिलरीज की याचिका पर सुनवाई हुई। जिससे जस्टिस विशाल मिश्रा ने खुद को इस सुनवाई से अलग कर लिया है। जस्टिस ने हाईकोर्ट रजिस्ट्रार को निर्देश दिया है कि मामले से जुड़ा केस किसी दूसरी कोर्ट में ट्रांसफर कर दिया जाए। हालांकि न्यायाधीश ने इस केस की सुनवाई से अलग होने का कोई कारण नहीं बताया है। बतां दें कि इससे पहले भी जस्टिस विशाल मिश्रा ने भाजपा विधायक संजय पाठक के अवैध उत्खनन केस से खुद को अलग कर लिया है। उन्होंने कहा था कि मुझे एक पर्टिकुलर मैटर (पाठक परिवार की खनन कंपनियों ) पर चर्चा करने की कोशिश की है, इसलिए मैं इस रिट याचिका पर विचार करने का इच्छुक नहीं हूं। मामले की अगली सुनवाई 26 फरवरी को होगी। दरअसल लगीाग 20 दिन पहले रायसेन जिले में स्थित सोम डिस्टिलरीज एंड ब्रेवरीज लिमिटेड और मेसर्स सोम डिस्टिलरीज प्राइवेट लिमिटेड का लाइसेंस आबकारी आयुक्त ने सस्पेंड कर दिया है। आदेश तत्कालीन आबकारी आयुक्त अभिजीत अग्रवाल ने जारी किया था। जिसमें बताया था कि कंपनियों के संचालक, प्रतिनिधि, अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता और कर्मचारियों के खिलाफ इंदौर जिले के देपालपुर अपर सत्र न्यायालय के प्रकरण 21/2021 में पारित निर्णय के आधार पर कार्रवाई की गई है। इसमें कहा है कि उच्च न्यायालय खंडपीठ इंदौर ने संबंधित आपराधिक अपीलों में सजा के क्रियान्वयन पर रोक लगाई है, लेकिन दोषसिद्धि अभी प्रभावी है।




# होली से पहले शुरू हुई मिलावटी खाद्य सामग्रियों की धरपकड़

### कई प्रतिष्ठानों पर खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने मारा छापा

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह के निर्देशानुसार जिले में खाद्य पदार्थों में मिलावट रोकने चलाये जा रहे अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा प्रशासन के अधिकारियों द्वारा मंगलवार को मिठाई, नमकीन, मावा एवं पनीर के कई विक्रय प्रतिष्ठानों का आकस्मिक निरीक्षण किया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी देवेंद्र कुमार दुबे के अनुसार होली के त्यौहार को ध्यान में रखते हुये खाद्य सुरक्षा प्रशासन के अधिकारियों द्वारा मंगलवार को किये गये आकस्मिक निरीक्षण में रेत नाका ग्वारीघाट स्थित हरिराम डेयरी से घी एवं दही, पाटन रोड़ स्थित यादव किराना से मूंग दाल एवं काबुली चना, मुकादमगंज स्थित दिगम्बर रेस्टॉरेंट से पनीर, गढ़ा स्थित अनन्या डेयरी से दूधए पनीर एवं दही, सालीवाड़ा स्थित इंदौर बेकरी एण्ड स्वीट्स से नमकीन, दूबे डेयरी से दही, बेलखेड़ा स्थित जैन स्वीट्स से कसाटा बर्फी, अनुज स्वीट्स से मावा बर्फी, चौरसिया आइसक्रीम पार्लर से नमकीन तथा मनकेड़ी स्थित नेमा स्वीट्स से मावा के नमूने लिये गये।

***भोपाल भेजे जाएंगे सैम्पल***- उन्होंने बताया कि एकत्रित नमूनों को परीक्षण हेतु राज्य खाद्य प्रयोगशाला भोपाल भेजा जा रहा है। परीक्षण में अमानक अथवा असुरक्षित पाये जाने पर संबंधित खाद्य कारोबार कर्ताओं के विरूद्ध खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत न्यायालयीन कार्यवाही की जायेगी। खाद्य सुरक्षा अधिकारी के मुताबिक निरीक्षण के दौरान रेत नाका ग्वारीघाट स्थित हरिराम डेयरी में दही निर्माण के दौरान प्लास्टिक पात्रों का उपयोग होना पाये जाने पर गर्म दूध को सीधे प्लास्टिक पात्रों में नहीं रखने हेतु निर्देशित किया गया।

# चलती ट्रेन में यात्री की उखड़ी सांसे, रेलवे ने पहुंचाई मदद



जबलपुर (स्वतंत्र मत)

ट्रेन में सफर के दौरान एक यात्री की अचानक तबियत बिगड़ने पर रेलवे द्वारा तत्काल मदद पहुंचाते हुए यात्री की जान बचाई गई। जानकारी के मुताबिक मंगलवार को रेल मदद सेवा के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि ट्रेन संख्या 12165 में यात्रा कर रहे 41 वर्षीय यात्री सतीश जो कि कोच एस 8 की सीट क्रमांक 41 में बैठे हुए है, उन्हें अचानक सांस लेने में गंभीर कठिनाई हो रही है एवं उन्हें तत्काल ऑक्सीजन सिलेंडर की आवश्यकता है। सूचना प्राप्त होते ही उप स्टेशन प्रबंधक आशीष चड्ढा एवं श्री राजू द्वारा मानवीय संवेदनशीलता एवं त्वरित निर्णय क्षमता का परिचय देते हुए बिना किसी विलंब के दावा बाजार स्थित अनन्या क्लिनिक से संपर्क स्थापित किया गया। जैसे ही ट्रेन जबलपुर स्टेशन पर पहुँची, अनन्या क्लिनिक के स्टाफ शुभम यादव एवं अतुल राव द्वारा तुरंत ऑक्सीजन सिलेंडर उपलब्ध कराया गया, जिससे यात्री को समय पर आवश्यक चिकित्सा सहायता मिल सकी।

## घर पर सुअरमार बम फेंक फरार हुए बदमाश

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

घमापुर थाने में अंजू राजपूत उम्र 35 वर्ष निवासी सरकारी कुआ ने रिपोर्ट दर्ज कर बताया कि वह अपने परिवार सहित अपने मकान के अंदर सो रही थी। तभी मकान के अंदर बम फूटने की आवाज आयी उठकर देखा कि सुअरमार बम फटने से उसके दरवाजे में लगा पर्दा जल गया और फोटोफ्रेम टूट गया, वह अपने परिवार के साथ घर से बाहर निकलकर देखी तो अनुज गुप्ता उर्फ मेवा एक और बम उसकी जेठानी के मकान में फैंका उसने बम फैंकने से मना किया तो गाली गलौज करते हुये जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गया। पुलिस ने मामले को जांच में लिया है।

# अवैध उत्खनन के अड्डे पर जिला प्रशासन की दबिश



जबलपुर (स्वतंत्र मत)

कलेक्टर राघवेंद्र सिंह के निर्देशन में तहसील मझौली पोंडा में अवैध उत्खनन पर आवश्यक कार्रवाई की गई। एसडीएम सिहोरा पुष्पेंद्र आहके और माइनिंग अधिकारी एके राय के मार्गदर्शन में तहसील मझौली के ग्राम कुकरई में अवैध मिट्टी, भसूआ रेत उत्खनन की कार्रवाई अतिरिक्त तहसीलदार पोंडा ललित ग्वालवंशी और खनिज निरीक्षक शिवपाल चौधरी द्वारा की गई। इस कार्रवाई में अवैध उत्खनन में संलग्न 2 डंपर, 1 जेसीबी और 1 ट्रैक्टर जब्त किया गया। अमले को देखकर वाहन चालक एवं मशीन आपरेटर मौके से भाग गए। वैकल्पिक व्यवस्था कर उक्त सभी वाहनों को थाना गोसलपुर में सुपुर्द किया गया।

## संक्षिप्त प्रवास पर आज डुमना पहुंचेंगे राज्यपाल

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)**। राज्यपाल मंगुभाई पटेल का आज बुधवार 25 फरवरी की सुबह 10.20 बजे भोपाल से हेलीकॉप्टर द्वारा संक्षिप्त प्रवास पर डुमना एयरपोर्ट जबलपुर आगमन होगा। राज्यपाल श्री पटेल डुमना एयरपोर्ट से सुबह 10.35 बजे शहडोल जिले के जमुई हेलीपेड के लिये प्रस्थान करेंगे तथा शहडोल, मऊगंज एवं सीधी जिले में आयोजित कार्यक्रमों में शामिल होने के बाद गुरुवार 26 फरवरी को दोपहर 2.30 बजे सीधी जिले के परसिली से वापस डुमना एयरपोर्ट आकर दोपहर 2.45 बजे भोपाल रवाना होंगे।

## शराब के नशे में पति ने उठाकर पटका

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)**। कुंडम थाने में मीरा बाई विश्वकर्मा उम्र 48 वर्ष निवासी पिपरिया लखनवारा ने रिपोर्ट दर्ज कर बताया कि उसके बच्चे काम करने बाहर गये हैं। घर में वह पति सेवराम विश्वकर्मा के साथ रहती है पति सेवाराम आये दिन शराब पीकर घरेलू बातों को लेकर शारीरिक एवं मानसिक रूप से प्रताड़ित करता हे। बीती रात वह एवं पति खाना खाकर सो रहे थे पति शराब के नशे में घरेलू बातों को लेकर उसे प्रताड़ित कर हाथ मुक्कों से मारपीट करते हुये उसे उठाकर जमीन पर पटक दिया। जिससे सिर एवं हाथ पैर में चोट आयी है। पुलिस ने मामले को जांच में लिया है।

## कार के बोनट में घुसा सांप, मचा हड़कंप

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)**। एक कार की बोनट में कई फीट लंबा सांप निकलने से हड़कंप मच गया। जानकारी के मुताबिक अंधमूक बायपास रोड पर रहने शुभम तिवारी ने देखा कि करीब 4 फीट लंबा एक सांप सड़क पार कर उनकी कार की ओर आ रहा है। कुछ ही देर में वह रेंगते हुए कार के बोनट के अंदर घुस गया और इंजन के पास छिपकर बैठ गया। शुभम ने पहले अपने स्तर पर सांप को निकालने की कोशिश की, लेकिन सफलता नहीं मिली। इसके बाद उन्होंने सर्प विशेषज्ञ गजेंद्र दुबे को सूचना दी।

# पढ़ाई-लिखाई छोड़ नाबालिग बन रहे शराब की लत का शिकार



### ग्राम अमौदा की दर्जनों महिलाओं ने शराब दुकान हटाने किया प्रदर्शन

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

मझौली तहसील के ग्राम अमौदा में चल रही शराब के विरोध में मंगलवार को क्षेत्र की दर्जनों महिलाओं ने कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचकर शराब दुकान को हटाने की मां की। प्रदर्शन के ग्राम अमौदा की महिलाओं ने बताया कि क्षेत्र में चल रही शराब दुकान से क्षेत्र में रहने वाले

10-12 साल बच्चे शराब शिक्षा से दूर होकर शराब की लत के शिकार हो रहे हैं। इसके साथ ही शराब दुकानदार द्वारा अवैध शराब भी बेची जा रहीं है, जिससे ग्रामीणों की दैनिक जीवनचर्या में नकरात्मक प्रभाव पड़ रहा है। इससे पहले भी कई बार पूरे गांव के लोगों ने उक्त शराब दुकान हटवाने हेतु अधिकारियों से अपील की थी। लेकिन आजतक शराब की दुकान यथावत स्थिति में है। प्रदर्शन के दौरान महिलाओं ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि उक्त शराब दुकान को हटाया नहीं जाता तो वे खुद ही दुकान में तालाबंदी करने के लिए बाध्य होंगी।

# लेफ्ट टर्न पर जमे कब्जों को हटाने नगर निगम ने चलाया व्यापक अभियान

### कई क्षेत्रों में की कार्यवाही, सुगम बनी यातायात व्यवस्था

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

जिला, पुलिस और निगम प्रशासन के सहयोग से शहर की यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने के लिए नगर निगम द्वारा चलाया जा रहा 'अतिक्रमण मुक्त सड़क और लेफ्ट टर्न फ्री' अभियान अब धरातल पर रंग लाने लगा है। मंगलवार को प्रशासन की टीम ने शहर के प्रमुख चौराहों पर बड़ी कार्यवाही करते हुए सड़कों को अवरोध मुक्त किया। कार्रवाई के संबंध में निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने बताया कि अतिक्रमण हटाओं मुहिम में न केवल नागरिक बल्कि व्यापारी वर्ग भी बढ़-चढ़कर प्रशासन का साथ दे रहा है। उन्होंने कहा कि कार्रवाई को लेकर नागरिकों में प्रसन्नता है और उनका भी जनसमर्थन लगातार प्रशासन को मिल रहा है।



***व्यापारियों ने किया समर्थन***- निगम के अतिक्रमण विरोधी दस्ते ने शहर के सबसे व्यस्ततम इलाकों, शास्त्री ब्रिज एवं गोलौआ में सड़क किनारे जमे अवैध कब्जों को हटाया गया, कटंगा और गढ़ा क्षेत्र में व्यापारिक केंद्रों के पास फुटपाथ को साफ कराया गया, बंदरिया तिराहा में लेफ्ट टर्न को बाधा रहित बनाने के लिए विशेष अभियान चलाया गया। शहर के व्यापारियों ने निगम की इस पहल की प्रशंसा की है। उनका मानना है कि सड़कें चौड़ी और व्यवस्थित होने से बाजारों में ग्राहकों की आवाजाही बढ़ेगी और जाम की स्थिति से मुक्ति मिलेगी वहीं, नागरिकों का कहना है कि 'लेफ्ट टर्न फ्री' होने से रेड सिग्नल पर वाहनों का दबाव कम होगा, जिससे समय और ईंधन दोनों की बचत होगी। कार्रवाई के समय प्रशासन के अधिकारी कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।

# पुलिस कप्तान ने सुनी आमजन की समस्याएं



जबलपुर (स्वतंत्र मत)

जनता की शिकायतों एवं समस्याओ के त्वरित निराकरण हेतु मंगलवार पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पुलिस कप्तान सम्पत उपाध्याय द्वारा जन सुनवाई की गयी। जन सुनवाई मे शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र के शिकायतकर्ता पुलिस कार्यालय में आये थे, अधिकांश शिकायतें पति-पत्नि/परिवारिक एवं जमीन सम्बंधी विवाद, मारपीट तथा सायबर अपराध से सम्बंधित 76 शिकायतें थी। आपके द्वारा समस्त शिकायतकर्ताओं को शीध्र शिकायतों पर वैधानिक कार्यवाही किये जाने हेतु आश्वस्त किया गया तथा जन सुनवाई में प्राप्त समस्त शिकायतों का त्वरित निराकरण समय सीमा मे करने हेतु सम्बंधित थाना प्रभारियों/राजपत्रित अधिकारियों को निर्देर्शित किया गया।







हितकारिणी प्रकाशन प्रायवेट लिमिटेड के लिए **प्रकाशक एवं मुद्रक- राम असरानी** द्वारा प्रेस काम्पलेक्स सिविक सेंटर जबलपुर से प्रकाशित एवं हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस, सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित. **प्रबंध सम्पादक- सुबोध दुबे, सम्पादक- राजेन्द्र मिश्रा,** *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयनार्थ उत्तरदायी।
ई-मेल-**smatjbp1@ gmail.com,** फोन- 0761-2411414, 4032436 समस्त विवाद जबलपुर न्यायालयाधीन. पोस्टल रजि. नं. एसएसपी जबलपुर/13/2026-28, **RNI No. 64561/96.**